पारा आपडेट
मैक्सिमम 29.00 | मिनीमम 13.00
सूर्यास्त (आज) ▸ 17.53
सूर्योदय (कल) ▸ 06.08
बोकारो से प्रकाशित



हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर
फाल्गुन शुक्ल पक्ष षष्ठी संवत 2082

पेज 12




RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, बुधवार 05 मार्च 2025 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 241 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### नहर में कार गिरने से एक ही परिवार के चार की मौत

**बुलंदशहर।** थाना गुलावठी कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को एक कार नहर (रजवाहे) में गिरने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में एक महिला की हालत गंभीर है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार अमरोहा जनपद के नंगला नसीर निवासी निपेंद्र (40) अपनी पत्नी कौशल (39), कन्हैया (16), पवन की पुत्री वंशिका (16) और हर्ष कार से सोमवार को एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। मंगलवार सुबह तड़के सभी लोग घर लौट रहे थे, तभी गुलावठी क्षेत्र में पितुबास नहर के मोड़ पर अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। कार सवार सभी लोग नहर के पानी में डूब गए। जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों ने सभी को बचाने की कोशिश की, लेकिन गहरी नहर होने के कारण सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक कन्हैया और वंशिका की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार सवार निपेंद्र, कौशल तथा हर्ष को जिला अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान निपेंद्र और हर्ष ने भी दम तोड़ दिया। अस्पताल में महिला कौशल जिंदगी और मौत से जूझ रही है।

### सतना में 5 बड़े कारोबारियों के ठिकानों पर आयकर का छापा

**सतना।** मध्य प्रदेश के सतना जिले में आयकर विभाग के अधिकारियों ने एक साथ 5 बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर छापा मारा है। आयकर विभाग की टीम मंगलवार सुबह करीब 6 बजे 50 गाड़ियों से इनके ठिकानों पर पहुंची। अफसर रामा ग्रुप के रामकुमार, सुरेश कुमार और नरेश गोयल, सेनानी ग्रुप के सुनील सेनानी, सिविल कॉन्ट्रेक्टर अतुल मेहरोत्रा, फ्लोर मिल मालिक संतोष गुप्ता और हुंडी कारोबारी व रिसॉर्ट मालिक सीताराम अग्रवाल उर्फ रामू के यहां सर्चिंग में जुटे हैं। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ये कार्रवाई शहर के बिरला रोड स्थित फर्म और सेमरिया चौक स्थित घर पर की जा रही है। सिर्फ सतना ही नहीं, बल्कि एमपी के जबलपुर, छत्तीसगढ़ के रायपुर और दिल्ली में भी स्थित रामा ग्रुप के ठिकानों पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम एक साथ छापामारी करने पहुंची है। इस छापेमारी के बाद सतना के व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। शहर के अन्य कारोबारी भी अब अपने खातों और टैक्स रिकॉर्ड को लेकर सतर्क हैं।

### महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे का इस्तीफा

मुंबई। महाराष्ट्र के खाद्य और नागरिक आपूर्तिमंत्री धनंजय मुंडे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को आज अपना इस्तीफा सौंप दिया। फडणवीस ने उसे स्वीकृत कर राज्यपाल के पास भेज दिया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पत्रकारों से बातचीत में इसकी पुष्टि की। उल्लेखनीय है कि बीड़ जिले के मस्साजोग के सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड में धनंजय मुंडे के सहयोगी कराड को गिरफ्तार किया गया है। विपक्ष इस पर धनंजय मुंडे के इस्तीफे की मांग कर रहा था। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने धनंजय मुंडे को इस्तीफा देने का आदेश दिया। मुंडे ने आज सुबह अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री के पास अपने पीए के माध्यम से भिजवा दिया था। हालांकि मुंडे ने कहा है कि उन्होंने मेडिकल कारणों से इस्तीफा दिया है।

### प्रधानमंत्री वनतारा में वन्य जीवों के साथ बिताए गए पलों को सोशल मीडिया पर साझा किया

# पीएम मोदी ने वन्य जीवों को दुलारा, शावकों को बोतल से पिलाया दूध

एजेंसी

**जामनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जामनगर के रिलायंस रिफाइनरी कैम्पस में बने वनतारा में वन्य जीवों के साथ बिताए गए पलों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया। प्रधानमंत्री ने शनिवार को जामनगर में रिलायंस रिफाइनरी कैम्पस में बने वनतारा का दौरा किया था। वे करीब 7 घंटे तक यहां रहे।

वीडियो में प्रधानमंत्री एक जगह शावकों को बोतल से दूध पिलाते दिखाई देते हैं। कहीं वे गैंडे के साथ दिखाई देते हैं। चिंपैंजी प्रधानमंत्री के गले पर लटका दिखाई देता है। कहीं, मछलियों को दाना खिलाते हैं तो कहीं पक्षियों को निहारते नजर आते हैं। हाथी, जिराफ और डॉल्फिन के साथ प्रधानमंत्री खुशनुमा पल बिताते हैं। वनतारा में प्रधानमंत्री मोदी को रिलायंस इंडस्ट्री के अनंत अंबानी वन्य जीवों का





परिचय कराते दिखते हैं। वन्य जीवों से भरे वनतारा में देखभाल के साथ जरूरत पड़ने पर इनका इलाज भी किया जाता है। प्रधानमंत्री ने वाइल्ड लाइफ हॉस्पिटल का दौरा कर वन्य जीवों की चिकित्सा सुविधा की जानकारी प्राप्त की। इस संबंध में उन्होंने वनतारा के प्रयासों को सराहा।

#### वनतारा में वन्य जीवों को मिल रहा नया जीवन

उन्होंने एक्स पर लिखा कि एक शेरनी को किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोटें आई, उसकी उचित देखभाल हो रही थी। अपने परिवार द्वारा छोड़े गए एक तेंदुए के शावक को उचित पोषण देखभाल के साथ नया जीवन मिला। मोदी ने लिखा कि वे ऐसे कई जानवरों की देखभाल के लिए वनतारा की टीम को बधाई देता हूं।

#### वनतारा जैसा प्रयास वास्तव में सराहनीय कदम

प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा कि वनतारा में एक हथिनी देखी जो एसिड अटैक का शिकार थी, उसका पूरी सावधानी से इलाज किया जा रहा था। वहां अन्य हाथी भी थे, जिन्हें अंधा कर दिया गया था और वह भी विडंबना यह है कि उनके महावत ने उन्हें अंधा कर दिया था। एक अन्य हाथी को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न को रेखांकित करता है- लोग इतने लापरवाह और क्रूर कैसे हो सकते हैं? आइए हम ऐसी गैरजिम्मेदारी को खत्म करें और जानवरों के प्रति दया पर ध्यान केंद्रित करें। प्रधानमंत्री ने लिखा कि वनतारा जैसा प्रयास वास्तव में सराहनीय है, यह उन लोगों की रक्षा करने के हमारे सदियों पुराने लोकाचार का जीवंत उदाहरण है जिनके साथ हम अपने ग्रह को साझा करते हैं।

### नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम, सुरक्षाबलों को मिली भारी सफलता

# पश्चिमी सिंहभूम के टोंटो जंगल से हथियारों का जखीरा बरामद

संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** झारखंड में नक्सलियों की बड़ी साजिश को सुरक्षाबलों ने नाकाम कर दिया। सुरक्षाबलों को टारगेट करके पूर्व में लगाये गये विस्फोटक, हथियार, कारतूस एवं अन्य सामाग्री एक पुराने नक्सल डम्प से बरामद किये गए। सर्च ऑपरेशन के दौरान टोंटो जंगल से हथियारों का जखीरा बरामद किया गया। इसमें केन बम, कार्बाइन और राइफल भी शामिल है। पुलिस और सीआरपीएफ-60 बटालियन के जवान मंगलवार को सर्च ऑपरेशन पर निकले थे। टोंटो थाना क्षेत्र के वनग्राम हुसिपी के पास जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में नक्सल डंप में विस्फोटक और हथियार छिपाकर रखे गये थे।

एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि टोंटो और गोइलकेरा थाना क्षेत्र में पिछले 4 साल से ऑपरेशन चल रहा है। इस दौरान नक्सलियों ने टोंटो के जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद छुपाकर रखे हैं। गुप्त सूचना मिलने के बाद मंगलवार सुबह टोंटो के वनग्राम हुसिपी के आस-पास सर्च अभियान चलाया गया। इसी दौरान जवानों को यह सफलता मिली।



#### नक्सली डंप से बरामद सामान

देसी पिस्तौल : 01, देसी कार्बाइन : 02, देसी बोल्ट एक्शन राइफल : 01, गोली 303-के राउंड : 13, गोली 62 एमएम राउंड : 08, 62 एसएलआर पिस्टल रड : 01, केन बम (करीब 10-10 किलो) : 02, डुअल डेटोनेटर ट्यूब : 29 नग (58 नग डेटोनेटर), कॉर्डेक्स वायर बंडल : 05, वॉकी-टॉकी : 03, नक्सलियों की वर्दी : 06 पीस, नक्सलवाद से जुड़े बैनर : 02, स्पाइक रॉड : 95 पीस, कंटेनर के साथ दैनिक उपयोग के सामान बरामद किये गये हैं।

प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ सारंडा कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधियों के लिए भ्रमणशील है, जिसके आलोक में चाईबासा पुलिस, कोबरा बटालियन, झारखण्ड जगुआर एवं सीआरपीएफ की कई टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान संचालित कर रही है।

#### पीएलएफआई के दो गुटों में गोलीबारी, दो उग्रवादियों की मौत

**बंदगांव (पश्चिमी सिंहभूम)।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव और खूंटी जिले के मुरहू सीमा क्षेत्र में फूलझरी नदी किनारे पीएलएफआई के दो गुटों में हुई गोलीबारी में दो उग्रवादियों की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पश्चिमी सिंहभूम पुलिस ने दोनों मृत उग्रवादी परवेल सांडी पूर्ति और आशिक तांती के शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस को सर्च अभियान के दौरान एक देसी पिस्टल, गोली, मोबाइल, लेवी के रसीद मिले हैं। एसपी आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि की है। एसपी के अनुसार बंदगांव थाना को सूचना मिली कि फूलझरी नदी के पास दो शव पड़े हैं। पुलिस ने अभियान चलाकर सत्यापन किया। दोनों के शवों की पहचान हुई।

### संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा–

# दुनिया को भारत से बहुत उम्मीदें, देश को विश्व भर में देनी होगी मानवता की दिशा

एजेंसी

**भोपाल।** स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत ने कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि इसे व्यापक दृष्टिकोण से देखना होगा। मानवता को सही दिशा देने के लिए आवश्यक है कि हम अपने कार्य को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाएं। विद्या भारती केवल शिक्षा प्रदान करने का कार्य नहीं करती बल्कि समाज को सही दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आज विश्व भारत की ओर देख रहा है। उसे भारत से बहुत उम्मीदे हैं, भारत को विश्व भर में मानवता की दिशा देनी होगी। संघ प्रमुख डॉ. भागवत मंगलवार को विद्या भारती के आयोजित पांच दिवसीय पूर्णकालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग 2025 के उद्घाटन कार्यक्रम में बोल रहे थे।

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित शारदा विहार आवासीय विद्यालय में आज आवासीय वर्ग का शुभारंभ करते हुए डॉ. भागवत ने कहा कि विद्या भारती अपने विचारों के अनुरूप शिक्षा कार्य कर रही है। यह शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है बल्कि यह छात्रों के जीवन



मूल्यों और संस्कारों का निर्माण भी करती है। हमारी शिक्षा का कार्य व्यापक है, जो केवल ज्ञान देने तक सीमित नहीं रह सकता अपितु इसका उद्देश्य समाज को नैतिक रूप से समृद्ध बनाना भी है। उन्होंने कहा कि समय के अनुसार परिवर्तन आवश्यक है, लेकिन इसमें निष्क्रिय होकर बैठना उचित नहीं होगा। मानव अपने मस्तिष्क के बल पर समाज में परिवर्तन लाता है और उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यह परिवर्तन सकारात्मक हो।

संघ प्रमुख ने कहा है कि आज के समय में तकनीक समाज के हर क्षेत्र में अपना प्रभाव डाल रही है। हमें टेक्नोलॉजी के लिए एक मानवीय नीति बनानी होगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान और तकनीक में जो कुछ गलत है, उसे छोड़ना पड़ेगा और जो अच्छा है, उसे स्वीकार कर आगे बढ़ना होगा।

## रिश्वत लेते कंप्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार

संवाददाता

**चतरा।** चतरा जिले के सिमरिया अनुमंडल कार्यालय से एसीबी की टीम ने घूस लेते कंप्यूटर ऑपरेटर को गिरफ्तार किया है। सिमरिया एसडीओ के गोपनीय कार्यालय में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर आफताब अंसारी की गिरफ्तारी हुई है। उसे दस हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया है। अनुमंडल कार्यालय परिसर से भ्रष्टाचार निरोधक दस्ते ने अभियान चलाकर ऑपरेटर को घूस की रकम के साथ गिरफ्तार किया है।



सिमरिया प्रखंड के शिला गांव निवासी अनिल कुमार से लंबित भूमि वाद के मामले में उसके पक्ष में फैसला दिलाने के नाम पर 40 हजार रुपये की मांग की थी। पीड़ित ने इसकी जानकारी एसीबी को दी थी। एसीबी ने जांच पड़ताल के बाद मामले को सही पाया।

इसके बाद एसीबी टीम ने पहली किस्त के रूप में 10 हजार लेने के क्रम में कंप्यूटर ऑपरेटर को गिरफ्तार कर लिया। आफताब सिमरिया ब्लॉक के पुंडरा गांव निवासी बताया जा रहा है। गिरफ्तारी के बाद आफताब को एसीबी हजारीबाग ले गई है। एसीबी एसपी आरिफ इकराम ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

# दुनिया का हर देश आज भारत के साथ आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना चाहता है : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए विकास इंजन बताते हुए मंगलवार को कहा कि आज दुनिया का हर देश भारत के साथ अपनी आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना चाहता है। उन्होंने कहा कि हमारे विनिर्माण क्षेत्र को इन साझेदारियों का लाभ उठाने के लिए अधिक से अधिक पहल करनी चाहिए।

प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र पर बजट के बाद वेबिनार को संबोधित करते कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विनिर्माण और निर्यात पर ये बजट वेबिनार हर दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। ये बजट हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट था। इस बजट की सबसे खास बात रही, अपेक्षाओं से अधिक डिलीवरी। कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां विशेषज्ञों ने भी जितनी अपेक्षाएं की थीं, सरकार ने उससे अधिक कदम उठाए हैं।



उन्होंने कहा कि किसी भी देश में विकास के लिए स्थिर नीति और अच्छा कारोबारी माहौल बहुत जरूरी है। कुछ साल पहले हम जन विश्वास अधिनियम लेकर आए। हमने अनुपालन को कम करने की कोशिश की। केंद्र और राज्य स्तर पर 40 हजार से अधिक अनुपालन समाप्त किए गए। इससे व्यापार करने में आसानी हुई। हमने सरलीकृत आयकर की अवधारणा पेश की। हम जनविश्वास 2.0 विधेयक पर काम कर रहे हैं।

**वायु सेना** रक्षा समिति ने वायु सेना को आधुनिक और ताकतवर बनाने की सिफारिशें सरकार को सौंपी

# सिफारिशों में वायु सेना को और ताकतवर बनाने के उपाय

- समिति की रिपोर्ट मिलने पर सिफारिशों का समयबद्ध तरीके से पालन किये जाने के निर्देश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के निर्देश पर गठित एक उच्चस्तरीय समिति ने भारतीय वायु सेना को आधुनिक बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को पहचाना है। इसी आधार पर वायु सेना को और ताकतवर बनाने के उपाय सुझाते हुए रक्षा सचिव की अध्यक्षता वाली समिति ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने वायु सेना में लड़ाकू विमानों की कमी और हर साल



भारत में कम से कम 35-40 सैन्य विमानों के निर्माण की जरूरत बताई थी।

रक्षा मंत्री के निर्देश पर रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति को सभी मुद्दों की समग्र जांच करने और एक स्पष्ट कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए थे। समिति में वायु सेना के उप प्रमुख, सचिव (रक्षा उत्पादन), रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव तथा डीआरडीओ के अध्यक्ष, महानिदेशक अधिग्रहण सदस्य व वायु सेना के सदस्य सचिव शामिल थे। इस समिति ने भारतीय वायु सेना की युद्ध प्रभावशीलता को बेहतर बनाने के लिए प्रौद्योगिकी और हथियारों सहित क्षमता विकास के हर पहलू की समीक्षा करने के बाद एक रिपोर्ट तैयार की है, जो रक्षा मंत्री को सौंप दी गई है।

#### एयरोस्पेस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर जोर

रक्षा मंत्रालय के अनुसार समिति ने प्रमुख महत्व वाले क्षेत्रों की पहचान की है तथा अल्प, मध्यम और दीर्घ अवधि में कार्यान्वयन के लिए सिफारिशें की हैं, ताकि भारतीय वायु सेना के वांछित क्षमता संवर्धन लक्ष्यों को आसानी से हासिल किया जा सके। रिपोर्ट में एयरोस्पेस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए निजी क्षेत्र के रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के प्रयासों को पूरक बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया है। रक्षा मंत्री ने समिति की रिपोर्ट मिलने पर सिफारिशों का समयबद्ध तरीके से पालन किये जाने के निर्देश दिए हैं।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार रिपोर्ट में वायु सेना को आधुनिक बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान की गई है। समिति ने अपनी सिफारिशों में वायु सेना को और ताकतवर बनाने के उपाय सुझाए हैं। उच्चस्तरीय समिति की यह रिपोर्ट तब सामने आई है, जब हाल ही में वायु सेना प्रमुख ने लड़ाकू विमानों की कमी और हर साल भारत में कम से कम 35-40 सैन्य विमानों के निर्माण की जरूरत बताई थी। उन्होंने कहा था कि भारत के हवाई बेड़े को यह जरूरत अगले 5-10 वर्षों में मौजूदा बेड़े को चरणबद्ध तरीके से हटाए जाने के बाद पैदा होने वाली कमियों को भी पूरा करने के लिए है। वायु सेना प्रमुख ने जोर देकर कहा था कि हमें इस लंबी लड़ाई को लड़ने में सक्षम होने की आवश्यकता है, जिसके लिए हमें युद्ध के दौरान हथियारों के लिए जरूरी उत्पादन दर के साथ सक्षम होने की जरूरत है।

# पाकिस्तानी एजेंसी से सम्पर्क करने वाले संदिग्धों की तलाश में एटीएस की छापेमारी

एजेंसी

**लखनऊ।** हरियाणा के फरीदाबाद से बीते दिनों संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान को पकड़े जाने के बाद उत्तर प्रदेश एंटी टेररिस्ट स्क्वायड (यूपी एटीएस) ने संदिग्धों की तलाश को छापेमारी शुरू कर दी है। एटीएस ने आजमगढ़, मऊ और बलिया में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी से सम्पर्क करने वाले लोगों की तलाश में छापेमारी की।

गौरतलब है कि बीते दिनों अयोध्या के मिल्कीपुर निवासी अब्दुल रहमान को गुजरात एटीएस और हरियाणा एसटीएफ ने फरीदाबाद जिले से हिरासत में लिया है। आरोप है कि अब्दुल रहमान पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के संपर्क में था, वहीं वह कथित तौर पर अयोध्या के राम मंदिर को उड़ाने की साजिश रच रहा था। साथ ही पूछताछ में एटीएस को उत्तर प्रदेश के अन्य लोगों के भी उसके संपर्क में रहने की जानकारी मिली है। उसके बाद एटीएस ने प्रदेश भर में जोरदार छापेमारी शुरू कर दी है। एटीएस की टीम ने बीती रात आजमगढ़ में छापेमारी की और उसके बाद टीम बलिया के लिए रवाना हो गई। सूत्रों का दावा है कि बलिया जिले के तीन युवकों को हिरासत में लिया गया है। जिनके पास से पाकिस्तान से संबंधित ईमेल आईडी प्राप्त होने की जानकारी मिल रही है। यूपी एटीएस के अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है कि ऑपरेशन तब तक जारी रहेगा, जब तक पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी से सम्पर्क में आये सभी लोगों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती है।

# विधानसभा : सरयू ने सदन में उठाया प्रदूषण का मुद्दा

## सरकार ने बताया: तीन सदस्यीय कमेटी बनाकर सप्ताह भर में मांगी गई रिपोर्ट

वरीय संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन मंगलवार को जमशेदपुर पश्चिम के जदयू विधायक सरयू राय ने प्रदूषण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बोकारो पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड के फ्लाई ऐश से छह पौंड (तालाब) भर गए हैं।अब फ्लाई ऐश गरगा नदी से होकर दामोदर नदी में गिर रहा है। सदन की समिति बनाई जाए, जो स्थल निरीक्षण कर रिर्पोट सौंपेंगी। इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। एक सप्ताह के अंदर रिर्पोट सौंपेंगी।



सरयू राय ने कहा कि जो कमेटी बनाई गई है, उस कमेटी में दोषियों को ही शामिल किया गया है। जो लोग बीपीएससीएल से 73 लाख 32,031 रुपए वसूल नहीं सके, उन्हें ही कमेटी में शामिल किया गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भ्रम फैला रहा है। मंत्री सदन में गलत बयान दे रहे हैं। इस पर मंत्री ने कहा कि अगर गड़बड़ी मिलती है तो कार्रवाई होगी। यह कार्रवाई चलते सत्र में ही की जाएगी।

### 26001 सहायक आचार्यों की नियुक्ति की कार्रवाही की जा रही है: रामदास

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि प्राथमिक स्कूलों में 2,6001 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। अनुशंसा प्राप्त होने के बाद छात्र शिक्षक अनुपात में नियुक्ति की कार्रवाई की जाएगी। वहीं 17,786 पदों के लिए 13,923 पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति कर ली गई है। मंत्री सदन ने भाजपा के राज सिन्हा के सवाल का जवाब दे रहे थे। राज सिन्हा ने पूछा कि 8353 स्कूलों में सिर्फ एक-एक शिक्षक ही हैं। जबकि इन स्कूलों में छात्रों की संख्या 4.10 लाख है। 199 स्कूल ऐसे हैं जहां एक भी विद्यार्थियों का नामांकन नहीं हुआ है। इस स्कूलों में 398 शिक्षक कार्यरत हैं। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि प्राथमिक स्कूलों में बच्चों की संख्या घटती ही जा रही है। इसके लिए स्कूल चलो अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत शिक्षक गांवों में जाकर बच्चों के अभिभावकों को बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित करते हैं। अगर शिक्षकों का ट्रांसफर कर दिया जाए तो स्कूल ही बंद हो जाएंगे। इस पर विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि शिक्षा को प्रभावी बनाते हुए शैक्षणिक महौल बनाने पर जोर दिया जाए।

### सिमडेगा को पर्यटक नगरी घोषित करने की मांग

विधायक भूषण बाड़ा ने सिमडेगा को पर्यटक नगरी घोषित करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि रामरेखा धाम, केला घाघ, बसंतपुर, अरगोड़ा और कुस टोंगरी को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाए। इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने बताया कि इसके लिए 18 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। पर्यटक स्थल के विकास के लिए पर्यटन निदेशालय भी तैयार है जल्द ही इस पर काम शुरू होगा। भूषण बाड़ा ने शिक्षा नीति की तरह पर्यटन नीति बनाने की भी मांग की।

### पॉलिसी का नहीं किया जा रहा है पालन

विधायक राज सिन्हा ने कहा कि पिछले एक साल में मध्यम स्तर के उद्योगों में वृद्धि हुई है। लेकिन 34 हजार सूक्ष्म और लघु उद्योगों में रोजगार में कमी आई है। प्रोक्योरमेंट पॉलिसी का पालन नहीं हो रहा है। इस पॉलिसी के तहत सरकार द्वारा छोटे उद्योग से 25 फीसदी माल खरीदने का प्रावधान है। उन्होंने यह भी पूछा कि जियाडा ने जितनी भूमि उपलब्ध कराई है, उसमें कितने लघु और सूक्ष्म उद्योग चल रहे हैं। इस पर उद्योग मंत्री संजय सिंह यादव ने कहा कि पूरे राज्य में छोटे उद्यमियों को सरकार बढ़ावा देगी। आवश्यकता होगी तो प्रोक्योरमेंट पॉलिसी में भी परिवर्तन किया जाएगा।

### छात्र संघ चुनाव कराने की मांग

विधायक अरूप चटर्जी ने शून्यकाल में राज्य के विश्वविद्यालयों में सात साल से लंबित छात्र संघ चुनाव कराने और सिंडिकेट के गठन की मांग की। वहीं विधायक ममता देवी ने रामगढ़ कॉलेज को यूनिवर्सिटी में अपग्रेड करने की मांग की। उन्होंने कहा कि रामगढ़ कॉलेज यूनिवर्सिटी की सभी अहर्ता रखता है। जयराम महतो ने सुनील महतो की मौत की एनआइए से जांच कराने और रसोइया को न्यूनतम वेतनमान की गारंटी का प्रावधान करने की मांग की।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल मिला राज्यपाल से



**रांची।** झारखंड रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट एसोसिएशन और झारखंड फामेर्सी छात्र संघ का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर फामेर्सी काउंसिल और डिप्लोमा फामेर्सी परीक्षा समिति में हो रही अनियमितताओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि डॉ. पद्मा चरण बेहरा, झारखंड रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष चटर्जी, झारखंड फामेर्सी छात्र संघ के अध्यक्ष अंगद कुमार महतो, गुलाम सरवर और विनय कुमार उपस्थित थे। ये है मांग झारखंड राज्य फामेर्सी काउंसिल में हाल में हुई सभी नियुक्तियों की जाँच कराई जाए और बिना विज्ञापन या चयन प्रक्रिया के हुई नियुक्तियों को निरस्त किया जाए। नई नियुक्तियों की प्रक्रिया पारदर्शी रूप से पूरी की जाए। अनिल प्रसाद सिंह, प्रशांत कुमार पांडे और धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच हो। डिप्लोमा फामेर्सी परीक्षा समिति द्वारा जल्दबाजी में कराई गई परीक्षा की निष्पक्ष जांच की जाए। फामेर्सी प्रैक्टिस रेगुलेशंस 2015 को झारखंड में जल्द लागू किया जाए। बिना फार्मासिस्ट के संचालित मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निरस्त किए जाएं।

### स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी का तंज, सांसद-विधायक संग मुलाकात में छिड़ी सियासी ठिठोली



**रांची।** हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल और धनबाद के विधायक राज सिन्हा जब झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे, तो सियासी गर्मी में हल्की नर्मी देखने को मिली। मंत्री अंसारी ने मुस्कुराते हुए ऐसा तंज कसा कि सियासत के गलियारों में चर्चा तेज हो गई। महाशिवरात्रि की तल्खियों को रमजान में किया दूर, मुसलमानों को जीने दीजिए हुजूर, माहौल में ठिठोली घुली तो राजनीति की चाशनी भी चढ़ गई। बात आगे बढ़ी तो मंत्री ने सदन में विपक्ष की खामोशी पर भी हल्की चुटकी लेते हुए कहा, सांसद महोदय, आपकी गैरमौजूदगी सदन में खल रही है, विपक्ष भी जैसे मौन व्रत में चला गया है।

### लीगल अफसर की नियुक्ति नहीं , एक माह से एक भी नक्शा नहीं हुआ पास

**रांची।** रांची नगर निगम और रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार में पिछले लगभग एक माह से नक्शा का काम-काज पूरी तरह ठप है. यह स्थिति लीगल अफसर की नियुक्ति नहीं होने से हुई है। नक्शा पास नहीं होने से प्रतिदिन नक्सा आवेदक निगम और आरआरडीए का चक्कर लगा रहे हैं। यहां कार्यरत कर्मी लोगों को सीधा जवाब दे रहे हैं कि जब तक लीगल अफसर की नियुक्ति सरकार नहीं करती है, तब तक हम लोग कुछ नहीं कर सकते हैं. एक बार लीगल अफसर की नियुक्ति हो जाने दीजिये, उसके बाद नक्शा पास होना शुरू हो जायेगा। पूर्व में नक्शा के कागजातों की जांच राज्य सरकार द्वारा प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा की जाती थी। जिसे झारखंड हाइकोर्ट ने गलत बताया था। कोर्ट ने जनवरी माह में टिप्पणी की थी कि नक्शा के कागजातों की जांच लीगल अफसर ही करेंगे। इसके बाद निगम और आरआरडीए में नक्शा के कागजातों की जांच पूरी तरह से बंद हो गयी। तब से लेकर अब तक नक्शा पास करने की प्रक्रिया पूरी तरह ठप है। कोर्ट के आदेश के बाद राज्य सरकार द्वारा भी किसी लीगल अफसर की प्रतिनियुक्ति नहीं की गयी है। लीगल अफसर के नहीं होने से नगर निगम क्षेत्र में 220, तो आरआरडीए में 115 आवेदन नक्शे के लंबित हो गये हैं। नक्शा पास नहीं होने से कुछ लोगों ने तो बिना नक्शा पास कराये ही भवनों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। वर्तमान समय में रांची नगर निगम और आरआरडीए क्षेत्र में काफी संख्या में बगैर नक्सा पास कराये निर्माण किये जा रहे हैं।

### जैन महिला जागृति का होली मिलन समारोह छह को

**रांची।** जैन महिला जागृति की ओर से छह मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी रोमा जैन मंगलवार को बताया कि कांटाटोली लालपुर स्थित ओएमजी टिंबर कैंपस में होली की ठिठौली नामक कार्यक्रम होगा। इसमें संस्था की सभी महिलाएं शामिल होंगी। कार्यक्रम में होली से संबंधित खेल का आयोजन किया जाएगा। साथ ही व्यंजन की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम में ड्रेस कोड सफेद या गुलाबी रखा गया है।

### झारखंड में दो-तीन डिग्री और गिरेगा तापमान

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों में अगले दो से तीन दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की और गिरावट होगी। यह जानकारी मौसम वैज्ञानिक डॉ अभिषेक आनंद ने मंगलवार को दी है। उन्होंने बताया कि पिछले एक दिन में राज्य भर में तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट हुई है। इसलिए अभी इसमें अभी और कमी होगी। डॉ आनंद ने बताया कि यह गिरावट उत्तर-पश्चिम दिशा में हुई बर्फबारी के चलते आनेवाली ठंडी हवाओं के कारण हो रही है। उन्होंने बताया कि तापमान में गिरावट सात-आठ मार्च तक रूकेगी। इसके बाद तापमान में वृद्धि होगी।

#### भाजपा विधायक राज सिन्हा ने विधान सभा में उठाया धनवाद के पेयजल का मुद्दा

## डीपीआर बन रही थी, तब रेलवे और एनएचएआई से लेनी चाहिए थी एनओसी : विधानसभा अध्यक्ष

**धनबाद में शुद्ध पेयजल के लिए 917.69 करोड़ की तीन महत्त्वपूर्ण योजनाएं हैं**

संवाददाता

**रांची।** विधान सभा में धनबाद में पिछले पांच-साल पहले शुरू हुई पेयजल योजनाओं के पूरा नहीं होने का मुद्दा सदन में गूंजा। इस पर सरकार ने एनओसी नहीं होने के चलते देरी की बात कही तो विधान सभा अध्यक्ष (स्पीकर) राविन्द्र नाथ महतो को इसमें दखल देना पड़ा। उन्होंने कहा कि जब डीपीआर बन रही थी, तभी रेलवे और एनएचआई से एनओसी लेनी चाहिए थी।



विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन भाजपा विधायक राज सिन्हा ने धनबाद में पेयजल आपूर्ति का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि धनबाद में शुद्ध पेयजल के लिए 917.69 करोड़ की तीन महत्त्वपूर्ण योजनाएं हैं। जो पिछले पांच-छह साल पहले ही शुरू हुई थीं, लेकिन अब तक पूरी नहीं हो पाई हैं। इन योजनाओं में कहीं विभागों से एनओसी प्राप्त न हो पाना, पाइप लाइन बिछाने के कार्य धीमा होना और विभागीय शिथिलता व संवेदकों की मिलीभगत से बार-बार योजनाओं के रि-एस्टीमेट के कारण सिर्फ 60 फीसदी ही योजनाएं पूरी हो पाई हैं। राज सिन्हा ने यह भी पूछा कि पांच साल तक बगैर एनओसी के योजना कैसे शुरू हो गयी। इस योजना के पूरा होने में और कितने साल लगेंगे।

इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने जवाब देते हुए बताया कि पेयजल योजनाओं को फेज-वन एनओसी मिलने के बाद एक साल में पूरा कर लिया जाएगा। फेज-टू एनओसी मिलने के बाद 15 महीने में पूरा होगा। वहीं झामडा की योजना तीन महीने में पूरी कर ली जाएगी। इस पर विधायक रागिनी सिंह ने भी कहा कि झरिया में पानी की समस्या है। नगर आयुक्त का भी रवैया ठीक नहीं है। मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि एनएचएआइ और रेलवे से एनओसी लेने का प्रयास हो रहा है। पत्राचार पर पत्राचार हो रहा है, लेकिन केंद्र नहीं सुन रहा है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना वार्टिकल 4 से संबंधित कार्यो की गई समीक्षा



संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम के उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू की अध्यक्षता में पीएमएवाई शाखा के पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ बैठक की। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना वार्टिकल 4 से संबंधित कार्यो की गति और प्रगती की समीक्षा की गई। इसमें अधिकारियों से अलग-अगल कार्यो की जानकारी ली गई। बैठक में उप प्रशासक ने निर्देश दिया कि पीएमएवाई शाखा की टीम प्रतिदिन फिल्ड पर जाए और हर लाभुक को चिन्हित करते हुए आवास के कार्यो को गति लानें के लिए प्रेरित करे।

कहा गया कि वर्तमान समय में आवास निर्माण करने का उपयुक्त समय है। आवास निर्माण को पूरा करवाना सुनिश्चित करे। वैसे लाभुक जिनका आवास निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया है। उन्हे ससमय किस्त का भुगतान करें और जिन लाभुकों द्वारा आवास निर्माण कार्य में रुची नहीं दिखा रहे हैं। वैसे लाभुकों को उन्हें शिध्र कार्य करनें का निर्देश दिया जाए। प्रत्तेक वार्ड में आवास पूर्ण करने के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उसकी समीक्षा आने वाले बैठक में किया जाएगा। बैठक में सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार, नगर प्रबंधक सहित शाखा के अन्य कर्मी शामिल थे।

## ईडी के जवाब पर निलंबित आईएएस छवि रंजन को अपना प्रतिउत्तर देने का हाई कोर्ट का निर्देश

**झारखंड हाईकोर्ट ने अंतिम बहस के लिए नियत की 19 मार्च की तारीख**

संवाददाता

**रांची।** सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की ओर से अभियोजन स्वीकृति नहीं मिलने का हवाला देते हुए उनके खिलाफ दर्ज केस को निरस्त करने को लेकर दायर याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मंगलवार को मामले में ईडी की जवाब के संदर्भ में प्रार्थी को प्रति उत्तर (रिप्लाई) देने के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया है। साथ ही कोर्ट ने अंतिम बहस के लिए 19 मार्च की तिथि निर्धारित की है। इससे पूर्व छवि रंजन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि किसी सरकारी अधिकारी के खिलाफ आपराधिक केस चलाने के लिए सीआरपीसी की धारा 197 के तहत अभियोजन स्वीकृति आदेश लेना जरूरी है, लेकिन ईडी की ओर से इस केस में ऐसा नहीं किया गया है, इसलिए




उनके खिलाफ दर्ज केस को निरस्त किया जाए। बरियातू में सेना की जमीन के कागजात की हेराफेरी मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को ईडी टीम ने 4 मई 2023 को गिरफ्तार किया था, उसी समय से वे जेल में है। उल्लेखनीय है कि मामले में ईडी ने छवि रंजन के खिलाफ ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है। इसमें छवि रंजन, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। मामले में छवि रंजन एवं अन्य के खिलाफ आरोप भी गठित हो चुका है, लेकिन अभी ट्रायल शुरू नहीं हुआ है। जमीन खरीद बिक्री मामले को लेकर बरियातू थाना में अमित अग्रवाल, छवि रंजन आदि के खिलाफ कांड संख्या 141/2022 दर्ज किया गया था।इसके आधार पर ईडी ने मामला दर्ज किया।

### ईडी के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर मामला, राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए मिला समय

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दायर शिकायत पर ईडी के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली ईडी के अधिकारियों कपिल राज एवं अन्य की याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मंगलवार को मामले में कोर्ट ने ईडी अधिकारी को दी गई अंतरिम राहत बरकरार रखी है। राज्य सरकार को प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय कोर्ट ने दिया है।पूर्व में कोर्ट ने ईडी के अधिकारियों को अंतरिम राहत देते हुए गोंदा पुलिस द्वारा 41 ए के तहत दिए गए नोटिस पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि अगले आदेश तक पुलिस ईडी अधिकारियों को 41 ए का नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए नहीं बुला सकती है।ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास एवं सौरव कुमार ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि यह एफआईआर झारखंड पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के तहत रांची के एससी-एसटी थाना में दर्ज की है। यह एफआईआर हेमंत सोरेन सोरेन की दिल्ली आवास पर ईडी की ओर से की गई तलाशी के संबंध में एक शिकायत को लेकर की गई है। ईडी की ओर से इस केस को निरस्त करने का आग्रह कोर्ट से किया गया है। एफआईआर में ईडी के सीनियर अधिकारियों पर दिल्ली में हेमंत सोरेन के आवास पर की गई तलाशी का आरोप लगाया गया है। इस एफआईआर में ईडी के तत्कालीन अतिरिक्त निदेशक कपिल राज, सहायक निदेशक देवव्रत झा और अनुमान कुमार और अमन पटेल के साथ-साथ अज्ञात अधिकारियों का नाम शामिल है। इसमें हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया कि उनके दिल्ली आवास पर ईडी का तलाशी अभियान उन्हें और उनके समुदाय को परेशान करने और बदनाम करने के इरादे से चलाया गया।

## जिला गुणवत्ता आश्वासन समिति की बैठक संपन्न



संवाददाता

**रांची।** जिला स्वास्थ्य समिति रांची के तत्वाधान में मंगलवार को जिला गुणवत्ता आश्वासन समिति की बैठक असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रभात कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक के दौरान डॉ प्रभात कुमार ने बताया की जिला गुणवत्ता समिति के द्वारा एक टीम का गठन किया जाएगा, जो स्वास्थ्य केन्द्रों का दौरा करके गुणवत्ता मूल्यांकन का आकलन करने के साथ ही उसे दूर करने का प्रस्ताव जिला को समय-समय जमा करेंगे। साथ ही उन्होने शहरी क्षेत्र के स्वास्थ्य केन्द्रों का कायाकल्प, एनक्यूएएस, एवं इन्फैकशन कंट्रोल पर प्रशिक्षण आयोजित करने का सलाह दिया गया।

डॉ रश्मि ने सदर अस्पताल के टिकाकरण केंद्र के पास एक परिवार नियोजन परामर्शदाता बैठाने का सुझाव दिया जिससे परिवार नियोजन कार्यक्रम की गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा सके, साथ ही स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के सदस्यों का क्वालिटी इंडिकेटर के उपर प्रशिक्षण का प्रस्ताव दिया।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बास्की ने यूपीएचसी, यूसीएचसी एवं यू एएएम का कायाकल्प, एनक्यूएएस, एवं इन्फैकशन कंट्रोल पर प्रशिक्षण आयोजित करने का प्रस्ताव दिया गया। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक प्रवीण कुमार सिंह ने मार्च माह में ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य केन्द्रों का एनक्यूएएस आकलन करने की बातें बैठक में कही। बैठक में डॉ ए के झा सदर अस्पताल, जिला क्वालिटी कंसल्टेंट अर्चना, रंजीता कुमारी झ प्राचार्य एएनएम ट्रेनिंग सेंटर, प्रणव कुमार झा- पीएसआई इंडिया एवं अन्य प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**आरोप** महिला की हत्या मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार पर साधा निशाना

## राज्य की कानून व्यवस्था में हैं खामियां

संवाददाता

**रांची।** दुमका जिले के काठीकुंड थाना क्षेत्र में 32 वर्षीय महिला का अर्धनग्न शव मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। महिला की गैंग रेप के बाद हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है। उधर भाजपा के प्रदेश भाजपा बाबूलाल मरांडी ने घटना की निंदा करते हुए हेमंत सोरेन सरकार पर सवाल उठाए हैं।

बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि यह घटना हेमंत सरकार में राज्य की कानून-व्यवस्था की पोल खोल रही है। दुमका में घटित इस दिल दहला देने वाली घटना ने एक बार फिर से यह स्पष्ट कर दिया है कि राज्य में कानून-व्यवस्था में खामियां हैं। जब सरकार बजट पर वाहवाही लूट रही



थी, तब काठीकुंड में एक विवाहित महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि इस घटना के परिणामस्वरूप चार बच्चों के सिर से उनकी मां का साया उठ गया है। मरांडी ने सवाल किया कि महिलाएं कब तक ऐसी बर्बरता का शिकार होती रहेंगी। उन्होंने मंईयां योजना के तहत सरकार पर अपने महिला विरोधी चेहरे को छिपाने का आरोप लगाया और दुमका पुलिस से दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि घटना रविवार दोपहर की है, जब महिला स्नान करने नदी गई थी और उसके बाद घर वापस नहीं लौटी। जब रात होने लगी और मां का कोई पता नहीं चला तो उसकी बेटी ने नदी में मां की खोजबीन की। वहां पास में धोए गए कपड़े मिलने के बाद बेटी वापस घर लौट गई। पिता के घर लौटने पर बच्चों ने सारी घटना बताई, जिससे महिला के पति ने ग्रामीणों को स्थिति बताई। ग्रामीणों ने रात भर नदी और आस-पास के गांवों में खोजबीन की, लेकिन महिला का कोई पता नहीं चल सका था। सोमवार को परिजन और ग्रामीण फिर से खोज में जुट गए और इसी दौरान काठीकुंड थाना क्षेत्र के नदी किनारे झाड़ियों के बीच अर्धनग्न अवस्था में महिला का शव मिला था। इसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने कहा कि मामला हत्या का प्रतीत होता है। हत्या से पूर्व महिला के साथ कुछ गलत किये जाने का भी आशंका है, जिसकी पुष्टि मेडिकल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

### मारवाड़ी भवन में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन 12 मार्च को

रांची। कवि सम्मेलन आयोजन समिति के तत्वाधान में 12 मार्च को रात्रि 9 बजे से हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन मे होली के मौके पर अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया एवं मुख्य संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि उत्साह एवं उमंग के पावन पर्व होली के अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त सुप्रसिद्ध हास्य कवि सुनील पॉल (लाफ्टर चैलेंजर), ठहाको के सरदार जानी बैरागी, हास्य व्यंग कवि रमेश मुस्कान, इटावा वीर रस के कवि गौरव चौहान, श्रृंगार रस की प्रसिद्ध कवयित्री श्रीमती डॉ. भुवन मोहिनी, एवं हास्य-व्यंग्य के कवि शशिकांत यादव पधार रहे हैं जो की अपने हास्य रस, वीर रस, श्रृंगार रस, व्यंग कविता प्रस्तुत कर दर्शकों को हंसी के ठहाके की बौछार के साथ-साथ तीखे बाण व्यंग्य का मधुर संगम पेश करेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार आयोजन में समिति द्वारा चार नए सदस्यों अंजय सरावगी, हरिशंकर कनोडिया, निर्भय शंकर हरित एवं चंद्र प्रकाश धेलिया को जोड़ा गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रोजेक्ट इंपैक्ट के तहत पी एम श्री +2 उच्च विद्यालय के शिक्षक ने किया कसमार टोला भ्रमण



**बोकारो।** पी एम श्री +2 उच्च विद्यालय, कसमार के शंख हाउस समन्वयक डॉ अवनीश कुमार झा ने प्रोजेक्ट इंपैक्ट टोला टैगिंग गतिविधि के तहत कसमार टोला का भ्रमण किया। डॉ झा ने भ्रमण के दौरान विद्यालय के दर्जनों वर्तमान एवं पूर्व छात्रों से भेंट की एवं सभी छात्रों को नियमित विद्यालय आने को प्रेरित किया। शिक्षक ने पूर्व छात्रों को दो-दो पड़ोसी छात्र-छात्राओं को नियमित विद्यालय आने हेतु प्रोत्साहित करने की जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर उन्होंने सभी छात्रों से लक्ष्य बनाकर उसी के अनुरूप कर्तव्य का निर्वहन करने की प्रेरणा दी। उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने शिक्षक डॉ झा को नियमित विद्यालय आने एवं लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने का भरोसा दिया। मौके पर डॉ अवनीश ने सभी विद्यार्थियों से मोबाइल का उचित इस्तेमाल करने की सलाह दी, क्योंकि मोबाइल के अत्यधिक इस्तेमाल से अनेक शारीरिक एवं मानसिक समस्याएं पैदा हो रही हैं। इस अवसर पर चंद्रशेखर महतो, मनीष कुमार महतो, सरोज कुमार महतो, रमाकांत महतो, दुबराज महतो, रंजन कुमार, राजकुमार महतो समेत अन्य छात्र एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे।

### यज्ञ करने से पूरे विश्व का कल्याण होता है और होते हैं भगवान खुश : लोकेशानंद



**फुसरो/ बोकारो।** दुर्गा मंदिर करगली में मानस सत्संग समिति बेरमो द्वारा आयोजित 67 वां नवाह्न श्री श्री रामचरित मानस पाठ एवं महायज्ञ के पांचवें दिन मंगलवार को कई अनुष्ठान, मानस पाठ, पूजा अर्चना व श्रद्धालुओं ने परिक्रमा किये गए। मिथिलाकुंज अयोध्या से आये मानस मर्मज्ञ वैष्णव संत स्वामी पूज्य यज्ञाचार्य श्री श्री 1008 राम बिहारी शरण जी महाराज की अध्यक्षता में महायज्ञ कराया जा रहा है। जमुई मुंगेर बिहार से आये पूज्य श्री सदानंद मिश्रा तथा उनकी टीम द्वारा रामचरित मानस का पाठ कराया जा रहा है। देवघर के परम पूज्य पंडित मिथिलेश मोदगल्य ने रामचरित मानस का पाठ करवाये। यहां दर्जनों श्रद्धालुओं ने यज्ञ परिसर में बैठकर श्री रामचरित मानस का पाठ किया। वहीं रविवार की रात चौथे दिन उज्जैन से आये श्री श्री लोकेशानंद शास्त्री द्वारा संगीतमय मानस प्रवचन किया गया। उन्होंने अपने प्रवचन में मारीच वद्ध, श्रीराम और जानकी के विवाह का सुंदर चित्रण प्रस्तुत किया। कहा कि यज्ञ करने से पूरे विश्व का कल्याण होता है और भगवान खुश होते हैं। तभी तो त्रेता युवा में भगवान श्रीराम और द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण ने यज्ञ किये थे। संकल्प लेकर संसार की खुशी के लिए यज्ञ कराया जाता है तो भगवान खुद यज्ञ की सिद्धि कराते हैं। यज्ञ कई प्रकार के होते है। कुंड बनाकर यज्ञ किया जाता है तो एक ज्ञान यज्ञ होता है। भूखे को भोजन कराना भी एक यज्ञ है। इस तरह कई तरह के यज्ञ का वर्णन हमारे शास्त्रों में है। कहा कि कोई भी जीव गलत काम करके बच नहीं सकता है। प्रवचन के दौरान श्रद्धालुओं ने श्रीराम जानकी विवाह के उपरांत जमकर होली खेली। यज्ञ को सफल बनाने में समिति के लोग लगे हुए हैं।

### डीवीसी चंद्रपुरा में 54वां राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह का शुभारंभ



**दुगदा/ बोकारो।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन द्वारा मंगलवार को 54 वां राष्ट्रीय संरक्षा दिवस/ सप्ताह का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान विजयानंद शर्मा और वरिष्ठ महाप्रबंधक अविजीत घोष ने डीवीसी के अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। 4 मार्च से 11 मार्च तक चलने वाले 54 वां राष्ट्रीय संरक्षा दिवस के अवसर पर यहां के तेजस भवन स्थित सम्मेलन कक्ष में काफी संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों ने शपथ ली। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान के संदेश वितरण किया गया। परियोजना प्रधान के संदेश में कहा गया है कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में संरक्षण निहित है एवं वास्तव में यह सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। डीवीसी अपने कर्मचारियों, ग्राहकों एवं भारत के लोगों की संरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि रखने की बुनियादी मूल्य के साथ सतत गतिमान है। विश्वास है कि आप सभी प्रत्येक दिन अपने काम को शुरू करने से पहले संरक्षा को सर्वोपरि प्राथमिकता देंगे। ताकि दुर्घटना मुक्त वातावरण सुनिश्चित करेंगे। सभी ने संकल्प लिया कि हम अपनी संरक्षा और भलाई का ध्यान रखेंगे। हम न केवल अपनी संरक्षा करेंगे बल्कि अपने देश की प्रगति में भी योगदान देंगे । सुरक्षित भारत ही सशक्त भारत है और हम सब मिलकर विकसित भारत के सपनों को साकार कर सकते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक मानव संसाधन डीसी पांडेय, वरिष्ठ महाप्रबंधक पीके मिश्रा, वरिष्ठ महा प्रबंधक अविजीत घोष, आरके चौबे आदि शामिल थे।

### उसरडीह में खुला नया सबेरा मुफ्त शिक्षा केन्द्र



**बोकारो।** युवा भारत के तत्वधान में चास ब्लॉक के ऊसरडीह, बिजौलिया में नया सवेरा मुफ़्त शिक्षा केंद्र का उद्घाटन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भूतनाथ राय ने की तथा संचालन देवाशीष राय ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना एवं सामाजिक गीतों से की गई। मुख्य अतिथि के रूप में युवा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह नया सवेरा के संस्थापक उमेश कुमार तुरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों की लचर स्थिति के कारण ही मुफ्त शिक्षा केंद्र की आज गांव गांव में जरूरत है। ताकि जरूरतमंद परिवारों के बच्चो को शिक्षा मिल सके। वही विशिष्ट अतिथि जनार्दन महतो ने कहा कि आज जहां सभी अपने स्वार्थ के बारे में सोचते है वही इन नौजवानों के विचारों को धन्यवाद देना चाहिए। जिन्होंने ऐसी केंद्रों के द्वारा शिक्षा के अलख जगा रहे हैं। प्रदेश समिति सदस्य अमृत बाउरी शिक्षा हीं ऐसा साधन हैं जिससे बदलाव लाया जा सकता हैं। सभा को बसंती देवी, राधु राय, अजय कुमार महतो, कुमारी मधुमिता, उषा देवी चरकू राय पंचायत समिति गौरीनाथ रजवार, समोला देवी आदि ने संबोधित किया। बच्चो के बीच कॉपी और कलम का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रितेश कुमार, नैंसी दादेल, किरण शर्मा, मंसू राय, गोवर्धन राय , छोटेलाल राय, झगडू राय, गुलनाज बानो, मधु देवी, मनोज कुमार रजक, रूपा देवी आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में चयनित हुईं वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी की कृतिका कुमारी

संवाददाता

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी की प्रतिभाशाली युवा तीरंदाज कृतिका कुमारी ने 14वीं एनटीपीसी चेरुकुरी लेनिन वोल्गा मेमोरियल मिनी अंडर-15 राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम में स्थान प्राप्त कर एक बार फिर अपने असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया है। यह प्रतिष्ठित टूनामेंट 23 से 29 मार्च, 2025 तक आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित किया जाएगा। सियालजोरी गांव की 14 वर्षीय कक्षा 9 की छात्रा कृतिका ने 23 फरवरी, 2025 को जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के माध्यम से झारखंड टीम में अपना स्थान प्राप्त किया। ट्रायल के दौरान उनकी सटीकता, निरंतरता और अटूट फोकस ने उन्हें दूसरों से अलग कर दिया, जो उनके उभरते करियर में एक और मील का पत्थर साबित हुआ।

**कृतिका की राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियां**

कृतिका ने पहले ही राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। नवंबर 2024 में उन्होंने 68वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स तीरंदाजी चैंपियनशिप में अपनी उल्लेखनीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने रजत पदक जीता। उनकी उपलब्धियों की बढ़ती सूची उनके समर्पण और वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी द्वारा प्रदान की जाने वाली उच्च गुणवत्ता वाली ट्रेनिंग का प्रमाण है। कृतिका मिनी अंडर-15 राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। वह अपनी अकादमी, अपने गांव और राज्य की उम्मीदों को लेकर चल रही हैं। उनकी यात्रा महत्वाकांक्षी युवा एथलीटों के लिए प्रेरणा का काम करती है, जो साबित करती है कि सही मार्गदर्शन और समर्पण के साथ सपने हकीकत में बदल सकते हैं।



**सीएसआर प्रमुख ने कृतिका को दी शुभकामनाएं**

इस अवसर पर बोलते हुए वेदांता ईएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कृतिका की उपलब्धियों पर गर्व का अनुभव करते हुए कहा कि वह हमारी वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी की एक बेहतरीन तीरंदाज हैं। वेदांता ईएसएल में हम युवा प्रतिभाओं को पोषित करने और उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर चमकने के लिए सर्वोत्तम संसाधन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कृतिका को चैंपियनशिप के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनकी निरंतर सफलता की उम्मीद जताई। उल्लेखनीय है कि सियालजोरी स्थित ईएसएल स्टील लिमिटेड प्लांट परिसर के अंदर स्थित अकादमी को झारखंड में तीरंदाजी की अंतर्निहित समृद्ध विरासत को बढ़ावा देने के लिए ईएसएल स्टील लिमिटेड की सीएसआर पहल के माध्यम से 2020 में लॉन्च किया गया था। यह परियोजना अब एक प्रमुख संस्थान मानी जाती है और ग्रामीण क्षेत्रों से 21 वर्ष की आयु तक के सभी आयु समूहों के 50 तीरंदाजों को मार्गदर्शन, प्रशिक्षण, पोषण, संसाधन और प्रेरणा प्रदान करती है। अकादमी प्रसिद्ध पेशेवरों द्वारा संचालित की जाती है, जो निम्नलिखित श्रेणियों के तहत तीन साल तक अंडर 9, अंडर 14, अंडर 17 और अंडर 21 के लिए प्रशिक्षण प्रदान करते हैं।

## कोयला तस्करी के खिलाफ पुलिस की छापेमारी, एक ट्रैक्टर, पिकअप वैन सहित 15 टन अवैध कोयला जब्त

संवाददाता



**बोकारो।** पेंक-नारायणपुर थाना की पुलिस ने सोमवार की रात्रि थाना क्षेत्र अंतर्गत डेगागढ़ा-पोखरिया के समीप अवैध कोयला तस्करी के खिलाफ छापेमारी कर अवैध कोयला लदा एक ट्रैक्टर, एक बोलेरो पिकअप वैन सहित दोनों वाहनों पर लदा पंद्रह टन अवैध कोयला जब्त किया। पुलिस को देखकर सभी धंधेबाज एवं वाहन चालक भागने में कामयाब रहे। इस संबंध में बताया जाता है कि पेंक नारायणपुर थाना प्रभारी अनिल लिंडा को गुप्त सूचना मिली थी कि रात्रि में थाना क्षेत्र से छोटे वाहनों एवं ट्रैक्टरों में अवैध कोयला गिरिडीह जिला की सीमा में स्थित कोयला की फैक्टरी में ले जाया जाता है, जहां से ट्रकों में उसे बाहर की मंडियों में भेजा जाता है। थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रैक्टर और पीक अप में कोयला लादकर गिरीडीह स्थित फैक्टरी ले जाने की सूचना के आलोक में छापामारी की गयी, जिसमें उक्त दोनों वाहन और अवैध कोयला जब्त किया गया। छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी के अलावा अनि घनश्याम रवि, सुभाष यादव सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

**परसाबेड़ा-ताराबेड़ा से कोयला हुआ था लोड**

बेरमो थाना क्षेत्र के ताराबेड़ा स्थित बने कोयला के अवैध सुरंगों से कोयला काटकर ट्रैक्टर में लोडकर गिरीडीह स्थित पोरदाग के कोल फैक्टरी में ले जाया जा रहा था। इससे पहले भी पुलिस ने छापामारी कर भारी मात्रा में कोयला जब्त किया था।

## डीवीसी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने चेयरमैन सहित अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर सौंपी सूची



संवाददाता

**बोकारो।** डीवीसी कर्मचारी संघ की गठित नई समिति के पदाधिकारियों ने मंगलवार को कोलकाता मुख्यालय में डीवीसी चैयरमैन, मेंबर सेक्रेटरी, मेंबर टेक्निकल, कार्यपालक निदेशक एचआर से औपचारिक मुलाकात कर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सह- बेरमो विधायक कुमार जयमंगल द्वारा गठित नई समिति की सूची सौंपी। साथ ही, डीवीसी के कई ज्वलंत मुद्दों पर अधिकारियों से वार्ता कर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। कर्मचारी संघ की नई समिति से मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल में कार्यकारी अध्यक्ष सदन सिंह, उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह, महासचिव अरिंदम दास, कोषाध्यक्ष उमेश शर्मा, संयुक्त सचिव तपन बनर्जी, रवि सिंह, केएन सिंह, बरुण साहित कई पदाधिकारी शामिल थे।

## एनडीआरएफ की टीम ने आपदा प्रबंधन पर दिया प्रशिक्षण

संवाददाता





**बोकारो।** मंगलवार को गोमिया प्रखंड कार्यालय के सभागार में भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निदेर्शानुसार 9 बटालियन एनडीआरएफ की टीम द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं, रोजगार सेवकों, पंचायत सचिवों तथा प्रखंड एवं अंचल कर्मियों को आपदा प्रबंधन और प्राथमिक चिकित्सा से जुड़ा विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान एनडीआरएफ के सब-इंस्पेक्टर अमरेन्द्र कुमार तथा उनकी टीम में शामिल होम सिंह, विमल किशोर, हिम्मत सिंह ने उपस्थित सभी लोगों को विभिन्न आपदाओं से निपटने की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान एनडीआरएफ कर्मियों ने प्रदर्शन के माध्यम से उपस्थित लोगों को दिखाया कि किसी बीमार व्यक्ति को कैसे सीपीआर, खून रिसाव को रोकने सहित सुरक्षित तरीके से स्ट्रेचर पर रखकर एम्बुलेंस तक कैसे पहुंचाया जाए।

कार्यक्रम में उपस्थित गोमिया के बीडीओ महादेव महतो और सीओ आफताब आलम ने कहा कि आपदा या दुर्घटना कहीं भी और किसी भी समय आ सकती है, ऐसे में यदि लोगों को आपातकालीन बचाव तकनीकों की जानकारी हो तो वे पीड़ित व्यक्ति की जान बचाने में सहायक हो सकते हैं। मौके पर आंगनबाड़ी सुपरवाइजर कुमारी चेतना, रीता कुमारी, मीनू कुमारी, पंचायत सचिव मोनी कुमारी, सुदामा तूरी, रोजगार सेवक विनय गुरु, कौशल किशोर, पन्नालाल शर्मा, विशाल डे, एकराम शम्सी, खुलेश्वर महतो, सेविका गुड़िया देवी, प्रेयसी देवी, खुशबू देवी, ऊषा देवी, आशा देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पिट्स मॉडर्न स्कूल में मूल्य शिक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

संवाददाता



**बोकारो।** पिट्स मॉडर्न स्कूल परिसर में मंगलवार को शिक्षकों के लिए मूल्य शिक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास, रिसोर्स पर्सन एवं कोर कमेटी के सभी सदस्यों ने संयुक्त रूप से कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में विद्यालय के 74 शिक्षक - शिक्षिकाओं ने भाग लिया, जिसमें मूल्य शिक्षा पर विचार-विमर्श किया गया, जो विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य तथा ज्ञानवर्धन के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा। रिसोर्स पर्सन ने कहा कि मूल्य शिक्षा, शिक्षा का वह हिस्सा है, जो नैतिक मूल्यों, कौशलों और स्वभावों को विकसित करने पर ध्यान देता है। अपने जीवन को सुगम, सरल एवं सहज बनाना ही मूल्य शिक्षा का उद्देश्य है। इससे विद्यार्थियों के समग्र विकास होंगे। प्रशिक्षण समन्वयक अजय कुमार ने कहा कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा साधन है, जो किसी भी व्यक्ति को सफल बना सकता है। विद्यालय के प्राचार्य ने शिक्षकों से छात्रों के चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। अभिषेक विश्वास महाप्रबंधक, आईईपीएल ओरिका, गोमिया और गोमिया विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष अरिंदम दास गुप्ता ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के विद्यालय में कार्यशाला होने से शिक्षकों की ज्ञानवर्धन होगा और छात्रों के समग्र विकास होगा।

## बोकारो के श्यामा माई मंदिर में सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ

संवाददाता



**बोकारो।** नगर के सेक्टर-2 डी स्थित श्यामा माई मंदिर प्रांगण में मैथिली कला मंच, काली पूजा ट्रस्ट के तत्वावधान में मंगलवार को सात-दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा रसवृष्टि सह होली महोत्सव का शुभारंभ हुआ। भव्य कलशयात्रा के साथ भागवत ज्ञान का यह अद्भुत महोत्सव शुरू हुआ और अब लगातार सात दिनों तक यहां भक्तिरस की सरिता प्रवाहित होती रहेगी। फागुन के रंग के साथ-साथ भगवान की भक्ति के रंग में भी श्रद्धालु सराबोर होंगे। इस बार लगातार पांचवें वर्ष इस महोत्सव की शुरूआत हुई। इसके लिए भागवत भास्कर श्री कृष्ण चन्द्र शास्त्री जी महाराज के कृपापात्र शिष्य गोविन्द कृष्ण शास्त्री जी श्रीधाम वृन्दावन, मथुरा (उ.प्र.) से अपने सहयोगियों के साथ पधार चुके हैं।

मंगलवार सुबह भक्तों ने भव्य कलशयात्रा निकाली, जो सेक्टर-2 स्थित शिव मंदिर के कुएं से शुद्ध जल लेकर सभी मंदिरों की परिक्रमा करते हुए श्यामा मंदिर पहुंचे।

यज्ञ के प्रधान यजमान गोविंद मिश्र, मंजू मिश्र, श्यामानंद मिश्र, इंदु मिश्र, मैथिली कला मंच के अध्यक्ष कृष्ण चंद्र झा, महामंत्री सुनील मोहन ठाकुर, पं. गोविन्द झा, सुशील कुमार झा, ममता सिंह, वीणा देवी, साधना चौधरी, रागिनी सहित सैकड़ों श्रद्धालु इस अवसर पर उपस्थित रहे।

4 मार्च से 10 मार्च तक आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में गोविन्द कृष्ण शास्त्री जी प्रतिदिन दोपहर 3.00 बजे से संध्या 7.00 बजे तक श्रद्धालुओं को संगीतमय भागवत कथा का रसपान कराएंगे। 11 मार्च को प्रातः 9 बजे पूणार्हुति होगी। मैथिली कला मंच काली पूजा ट्रस्ट के महामंत्री सुनील मोहन ठाकुर ने अधिकाधिक नगरवासियों से सपरिवार इस कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य का भागी बनने की अपील की है।

## बेरमो प्रखंड स्तरीय पंचायत समिति की हुई बैठक

संवाददाता



**बेरमो/ बोकारो।** बेरमो प्रखंड स्तरीय पंचायत समिति की बैठक मंगलवार को प्रखंड के सभागार में प्रमुख गिरिजा देवी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्रखंडों में चल रहे योजना के भुगतान की स्वीकृति, वर्ष 2025-26 के वार्षिक कार्य योजना तैयार करने सहित अन्य विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में बीडीओ मुकेश कुमार ने छह मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरमो में होने वाले दिव्यांग शिविर में सभी को भाग लेने की बात कही। ताकि क्षेत्र का कोई भी दिव्यांग विकलांगता प्रमाण पत्र से वंचित न हो पाये। सीओ संजीत कुमार सिंह ने कहा कि गर्मी को देखते हुए पानी बिजली समस्या पर हमें अवगत कराये। ताकि समुचित कार्रवाई की जा सके। पंसस शंभू सोनी ने कहा कि जरीडीह पूर्वी के दामोदर नदी से ठेकेदार बालू उठाव धडल्ले से कर रहे हैं। इस पर सीओ ने लिखित शिकायत करने की बात कही। ताकि कार्रवाई की जा सके। बोडिया दक्षिणी के पंसस ने बिना ग्रामसभा के सहिया चयन करने का मामला उठाया। जिसर बीडीओ ने जांच कराने का आश्वासन दिया। 15 वें वित्त योजनाओं को मार्च महीने को देखते हुए गति लाने को कहा गया। आवासीय कार्यालय में फर्नीचर की व्यवस्था हेतु डीपीआरओ से मार्गदर्शन की मांग किया गया। सभी पंचायत से खराब पड़े चापानल, जलमीनार की सूची मांगी गयी। ताकि गर्मी से पहले सभी को मरम्मत किया जा सके। अरमो पंचायत में सांसद मद से लगे लाइट की मरम्मती कराने की मांग की गयी। बीडीओ ने सभी से होली को शांतिपूर्ण व सतर्क रहकर मनाने की अपील की। ताकि रमजान माह में किसी भी नमाजी को रंग न लगे। जिससे माहौल खराब ना हो पाये। बैठक में जाति प्रमाण पत्र तथा मृत्यु प्रमाण पत्र की समस्या पर चर्चा की गई। प्रमुख गिरिजा देवी ने कहा कि सभी को मिलकर पंचायत की योजनाओं को गति देना है। ताकि पंचायत के लोगों को सही समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके। इसमें किसी की भी कौताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि शक्ति महतो, विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह, मुखिया सीमा महतो, विश्वनाथ महतो, पंचायत सचिव विनीता कुमारी, उमा कुमारी, दीपक लोहार सहित प्रवीण कुमार, अशोक कुमार गोप, बैजनाथ महतो, बैजू कुमार, अरुणा कुमारी, अजीत कुमार साह, मिथुन कुमार, रमा देवी, दीपक कुमार, राखी आदि मौजूद थे।

**AFFIDAVIT**

I, CHANDRAVASO DEVI, Wife of Paltan Ram, aged about-63 Years, by faith-Hindu, Resident of Village-Basaura, P.O.-Masona, P.S.-Basaura, Dist-Rohtas, State-Bihar, Presently residing at Qr. No. 1032, Sector-8/B, Street-15, P.O.-Sector-9, P.S.-Harla, Dist-Bokaro, State-Jharkhand, do hereby solemnly declare and affirm as follows :-

1. That, my real and actual name is CHANDRAVASO DEVI which is mentioned in my Aadhar Card being No. 9154 4268 8364.
2. That, my name has been mentioned in my bank account of Bank of India, Sector-9 Bokaro Steel City branch vide Account No. 479510110002427 as CHANDRA BASU DEVI in place of CHANDRAVASO DEVI.
3. That, CHANDRAVASO DEVI and CHANDRA BASU DEVI are the name of same and one identical lady i.e. myself.
4. That, I want to rectify my name in my above mentioned bank account as CHANDRAVASO DEVI in place of CHANDRA BASU DEVI.
5. That, I am swearing this affidavit to submit it before the authority concern for needful purpose.

## संक्षिप्त खबरें

### डीएवी ढोरी के नये प्रधानाचार्य अमिताभ सेनगुप्ता का विस्थापित नेता ने किया स्वागत



**बेरमो/ बोकारो।** हिन्द मजदूर किसान यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष सह विस्थापित नेता कैलाश ठाकुर ने मंगलवार को सीसीएल डीएवी ढोरी के नये प्रधानाचार्य अमिताभ सेनगुप्ता को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। श्री सेनगुप्ता इससे पूर्व पुरुलिया सैनिक स्कूल में कार्यरत थे। श्री सेनगुप्ता ने कहा कि डीएवी ढोरी का गौरवमयी इतिहास को निरंतर आगे ले जाने का प्रयास करता रहूंगा। कोयलांचल के बच्चों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है उसे निखारने का प्रयास करूंगा। श्री ठाकुर ने कहा कि मेरा भरपूर सहयोग आपका और विद्यालय प्रबंधन का रहेगा।

### डेफोडिल पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं को कराटे का प्रशिक्षण दिया गया



**तेनुघाट/ बोकारो।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत उलगडा स्थित डेफोडिल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सुकोकाई कराटे यूनियन इंडियन झारखंड शाखा की ओर से विद्यालय के छात्र-छात्राओं को कराटे का प्रशिक्षण दिया गया। इस कराटे प्रशिक्षण में 400 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। डेफोडिल पब्लिक स्कूल के निदेशक विनोद कुमार नापित ने बताया कि आज के युग में कराटे का प्रशिक्षण छात्रों को लेना आवश्यक है। यह आत्म रक्षा हेतु बहुत ही जरूरी है। यह एक तरह का खेल भी है जो शारीरिक एवं मानसिक तौर पर मजबूती के साथ आत्म रक्षा के गुण सीखाए जाते हैं। इस तरह प्रशिक्षण लगभग सभी विद्यालय में सिखाया जाना चाहिए। विनोद नापित ने आगे बताया कि हमारे विद्यालय का यह नया विषय है। इसका मकसद है कि हमारे विद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने बाद निकले छात्र-छात्राओं में सभी गुण मौजूद हो। पढ़ाई के साथ शारीरिक रूप से स्वस्थ और मानसिक रूप से मजबूत हो ताकि किसी भी क्षेत्र में अपना परचम लहरा सके। साथ ही अपने माता पिता, गांव एवं विद्यालय का नाम रौशन करें। इस मौके पर प्राचार्य आशा कुमारी, राजेंद्र कुमार नापित सहित विधालय के सभी शिक्षा कर्मी मौजूद थे।

### पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**टंडवा।** पुलिस ने मंगलवार को थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग मामलों का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी उमेश राम ने बताया कि गाडिलौंग निवासी सैनिक यादव, जो कांड संख्या 37/25 का प्राथमिक अभियुक्त है, को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान उसके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर आशिष कुमार की भी गिरफ्तारी हुई। वहीं, पुलिस की छानबीन में टंडवा निवासी शुभम कुमार के पास से चोरी गए बर्तन सेट और जेएच 13 - 5248 नंबर की टीवीएस लूना बरामद की गई। इसके अलावा, एक अन्य मामले में पुलिस ने कांड संख्या 359/24 के आरोपी राहम निवासी टिंकू उर्फ बलराम सिंह को भी गिरफ्तार किया। इन सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। गिरफ्तारी अभियान में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी उमेश राम के साथ सहायक उपनिरीक्षक सौरभ कुमार और थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में भय का माहौल बन गया है।

# उपायुक्त ने आमजनों की सुनीं समस्याएं, अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

### जनता दरबार में आए लोगों ने दाखिल-खारिज और रसीद निर्गत करने में आ रही परेशानियों को रखा

संवाददाता



**कोडरमा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज ने जनता दरबार का आयोजन कर आमजनों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में फरियादी अपनी व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं को लेकर उपायुक्त के पास पहुंचे। उन्होंने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मामलों की जल्द से जल्द जांच कर उचित समाधान सुनिश्चित करें। जनता दरबार में आए लोगों ने दाखिल-खारिज और रसीद निर्गत करने में आ रही परेशानियों को रखा। वहीं, कई लोगों ने भू-माफिया द्वारा उत्पीड़न, जान-माल को खतरा, सड़क बंद करने, जबरन जमीन हड़पने, निर्माण कार्य रोकने और अबुआ आवास में बाधा डालने जैसी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। राशन कार्ड में नाम जोड़ने की शिकायतें भी सामने आईं, जबकि कुछ लोगों ने जमीन हड़पने और जान से मारने की धमकी देने जैसी गंभीर समस्याओं पर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट किया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे प्रखंड कार्यालयों और अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की गहन जांच करें और तय समय सीमा के भीतर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद को मिले, यह प्रशासन की प्राथमिकता है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक संपन्न

# युवाओं के रोजगार पर दिया गया जोर

संवाददाता



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में जिला उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के कौशल विकास से जुड़े अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की शुरूआत श्रम अधीक्षक सह जिला कौशल पदाधिकारी अनिल कुमार रंजन द्वारा मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत जिले में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रस्तुति से हुई।बैठक में मुख्य रूप से जिला कौशल विकास प्लान 2024-25 के निर्माण और क्रियान्वयन को लेकर गहन चर्चा की गई। उपायुक्त ने इस दौरान सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे कौशल विकास योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिले के युवाओं को रोजगार से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किए जाएं। उन्होंने सभी विभागों से कहा कि वे नए-नए ट्रेड्स सुझाएं, ताकि युवाओं को उनकी रुचि और जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण दिया जा सके। इसके साथ ही, राज्य और केंद्र सरकार की ओर से उद्योग एवं जीविकोपार्जन हेतु संचालित योजनाओं से संबंधित प्रशिक्षण देने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की, अग्रणी जिला प्रबंधक श्रीनिवास कुमार, ईओडीबी प्रबंधक राजीव कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस सहित कई अन्य अधिकारी एवं प्रशिक्षण सेवा प्रदाताओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# चोरों ने 2 लाख के जेवर और 30 हजार नकद पर किया हाथ साफ

### चोरी की इस वारदात से पीड़ित परिवार बेहद आहत है

संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजार रोड में सोमवार की देर रात अज्ञात चोरों ने एक घर में बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित अक्षय कुमार, पिता पवन वर्णवाल ने बताया कि वे अपने परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए सरीया, गिरिडीह गए हुए थे। जब वे सुबह घर लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था और अलमारी में रखे नगद 30,000 रुपये तथा करीब 2 लाख रुपये मूल्य के जेवरात गायब थे। चोरी की इस वारदात से पीड़ित परिवार बेहद आहत है। अक्षय कुमार ने बताया कि घर में घुसने के लिए चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया और पूरी अलमारी खंगाल डाली। उन्होंने बताया कि चोरी की शिकायत जल्द ही डोमचांच थाना में दर्ज कराई जाएगी। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोग भी इस चोरी से काफी चिंतित नजर आए। डोमचांच क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है और वे पुलिस प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग कर रहे हैं।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का धरना, प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप



संवाददाता

**गिद्धौर।** चतरा जिले में लगातार बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा कार्यकताओं ने मंगलवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार ने किया। धरना प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने जिला और प्रखंड प्रशासन पर योजनाओं के नाम पर भ्रष्टाचार करने का गंभीर आरोप लगाया। भाजपा कार्यकताओं ने कहा कि प्रशासन और सरकार मिलकर योजनाओं में भारी अनियमितता कर रहे हैं। खासकर मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास, अबूआ आवास और दाखिल-खारिज जैसे कार्यों में भ्रष्टाचार चरम पर है। इन योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच रहा, बल्कि बिचौलियों और अधिकारियों की जेब में जा रहा है।धरना प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है और आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। धरना प्रदर्शन के बाद भाजपा नेताओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अपनी शिकायतों को रखते हुए प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की। भाजपा कार्यकताओं ने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है और इसमें प्रशासन की मिलीभगत है। इसके अलावा, बालू के अवैध कारोबार को रोकने की मांग की गई। भाजपा कार्यकताओं ने कहा कि सरकार द्वारा धान की खरीदारी तो की जा रही है, लेकिन किसानों को अब तक उसका भुगतान नहीं किया गया है। यह किसानों के साथ सरासर अन्याय है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही किसानों को उनकी फसल का भुगतान नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। इस मौके पर भाजपा के कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे, जिनमें महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा, नवीन शाह, शिवकुमार चौबे, अशोक कुमार गुप्ता, सुरेश प्रसाद राणा, महादेव दांगी, सुनील कुमार राणा, नीतीश कुमार, आमिर कुमार दांगी, महेंद्र शिवकुमार दागी, संतोष कुमार दास और राजेश कुमार प्रमुख रूप से शामिल थे। भाजपा का यह धरना प्रदर्शन प्रशासन के लिए एक बड़ा संदेश था कि भ्रष्टाचार अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### कोडरमा-गिरिडीह मार्ग पर होटल एचएमटी एम्पायर का भव्य उद्घाटन

# महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी ने किया शुभारंभ

संवाददाता



**कोडरमा।** कोडरमा - गिरिडीह मुख्य सड़क मार्ग पर डोमचांच के नीरू पहाड़ी के पास स्थित होटल एचएमटी एम्पायर का भव्य उद्घाटन ध्वजाधारी धाम कोडरमा के महंत महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज के द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना और फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग, राजनीतिक नेता और समाजसेवी मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह में जीप अध्यक्ष रामधन यादव, नगर पंचायत डोमचांच के निवर्तमान अध्यक्ष एवं आजसू जिला अध्यक्ष राजकुमार मेहता, बीस सूत्री जिला अध्यक्ष लीलावती मेहता, कोडरमा सांसद के पुत्र मयंक यादव, भाजपा नेता रमेश सिंह, समाजसेवी सुरेश कुमार, बसंत मेहता, संजय मेहता, कांग्रेस नेता प्रदीप सिंह, मुखिया प्रतिनिधि धर्मेंद्र यादव सहित कई अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे। होटल मालिक उदय मेहता ने बताया कि यह होटल आधुनिक सुविधाओं से लैस है और यहां ग्राहकों को एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट व्यंजन परोसे जाएंगे। उन्होंने बताया कि कुशल कारीगरों द्वारा भारतीय, चाइनीज और अन्य व्यंजन तैयार किए जाएंगे। इसके अलावा, शादी-विवाह और अन्य समारोहों के लिए होटल बुकिंग की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र में इस स्तर का होटल खुलना एक बड़ी उपलब्धि है और इससे व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उद्घाटन समारोह में प्रमुख रूप से लीलावती मेहता, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार मेहता, प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण यादव, पूर्व मुखिया सुरेश कुमार, बसंत मेहता, शकुंतला देवी, उदय मेहता, सुजीत मेहता, संजय मेहता, धर्मेंद्र यादव, मिथलेश यादव, संजीव कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रश्न मंच प्रतियोगिता के सफल विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

संवाददाता



**बेरमो/ बोकारो।** जरीडीह बाजार स्थित अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कक्षा 9 में विज्ञान विषय में प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 30 छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की थी।

साथ ही कक्षा तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम के भैया-बहनों के बीच स्पोकेन इंग्लिश की प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता का विषय अंग्रेजी में था प्रतियोगिता का शुभारंभ स्थानीय प्रबंधकारी समिति के सचिव अनिल अग्रवाल के द्वारा हुआ। विजेता भैया-बहनों को पुरस्कार देकर श्री अग्रवाल ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस प्रतियोगिता में विजेता के रूप में कक्षा चतुर्थ की बहन दिव्यांशी प्रिया प्रथम, कक्षा पंचम के भैया मोहन कुमार द्वितीय तथा कक्षा तृतीय के भैया दर्शन कुमार महतो तृतीय स्थान घोषित किए गए। कक्षा 9 में पुरस्कार पाने वाले नमन बोरा तथा रागिनी कुमारी है। अपने उद्बोधन में सचिव श्री अग्रवाल ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मेहनत करते रहे अवश्य सफलता मिलेगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय ने भी बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया। मौके पर विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदी जी इस प्रतियोगिता में उपस्थित थे।

**बैठक** बलियापुर अंचल में कृषक मित्रों की बैठक आयोजित

# योजनाओं की समीक्षा और समस्याओं पर चर्चा

संवाददाता



**बलियापुर।** अंचल सभागार में आज अंचल अधिकारी श्री प्रवीण कुमार सिंह की अध्यक्षता में सभी कृषक मित्रों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कृषक मित्रों के विभिन्न कार्यों और कृषि से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में बीज वितरण, केसीसी फार्म भरना, मिट्टी जांच, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा, खाद वितरण, कृषि ऋण माफी, सूखा राहत, धान अधिप्राप्ति, कृषि यंत्र वितरण, पशु गणना, बीज प्रत्यक्षण, मनरेगा योजना और जैविक खेती से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। अंचल अधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी योग्य लाभुकों को इन योजनाओं का पूरा लाभ मिले और कृषक मित्र किसानों की सहायता सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान कृषक मित्रों ने अपनी समस्याओं को भी अधिकारियों के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा मिलने वाली प्रोत्साहन राशि पिछले एक साल से नहीं मिली है, जिससे उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए कृषक मित्रों ने अंचल अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और जल्द से जल्द इस समस्या के समाधान की मांग की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कृषक मित्रों की समस्याओं को समझना और कृषि योजनाओं का सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित करना था, ताकि किसानों को अधिकतम लाभ मिल सके और उनकी कृषि संबंधी दिक्कतें कम हो सकें।

# चंद्रपुरा के डीवीसी प्रशिक्षण संस्थान में एम 1 स्तर के अधिकारियों का एक माह का प्रशिक्षण प्रारंभ

संवाददाता



**दुगदा/ बोकारो।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के प्रशिक्षण संस्थान में डीवीसी में नव पदोन्नति पाए एम 1 अधिकारियों के एक माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है।

डीवीसी के कार्यपालक निदेशक (ईंधन) संजय कुमार घोष, कोडरमा थर्मल पावर प्लांट के सीजीएम और परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर, चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान विजयानंद शर्मा, वरिष्ठ महाप्रबंधक पीके मिश्रा, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के उप समादेष्टा नकुल कुमार वर्मा, डीवीसी प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक विनोद कुमार राय आदि ने आज यहां दीप प्रज्वलित कर उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि डीवीसी में नव पदोन्नति अधिकारियों को आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करके नेतृत्व से इन्हें पोषित करने और अपने कार्यकाल को मजबूत करने के लिए इन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम मानव संसाधन, वित्त, इंजीनियरिंग सहित प्रमुख कार्यात्मक क्षेत्र में मूल्यवान साबित होगा। प्रशिक्षणार्थी डीवीसी के कार्यात्मक क्षेत्र जिसमें मानव संसाधन, वित्त, इंजीनियरिंग व अन्य शामिल हैं। यह अपनी भूमिकाओं के लिए आवश्यक सर्वोत्तम प्रथम और नीतियों के बारे में जानेंगे और अधिकारियों और विशेषज्ञों के साथ इंटरएक्टिव सत्रों में भाग लेंगे। संबंधित अधिकारी प्रभावी ढंग से नेतृत्व करने और योगदान के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षकों की समस्याओं को लेकर बैठक, जल्द उपायुक्त से मिलेगा संगठन



**गिरिडीह।** गिरिडीह में शिक्षक संगठन समन्वय समिति की बैठक रविवार को लगातार दूसरे दिन भी आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान महासचिव मैनेजर प्रसाद सिंह ने की। बैठक में शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मियों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में सबसे प्रमुख रूप से उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी उस आदेश पर चर्चा हुई, जिसमें वज्रगृह प्रभारी के रूप में जिला कोषागार पदाधिकारी तथा सहयोगी के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी व जिला शिक्षा अधीक्षक को प्रतिनियुक्त किया गया है। इस आदेश के अनुसार, वज्रगृह का संपूर्ण प्रभार अब जिला कोषागार पदाधिकारी के पास रहेगा और प्रश्न पत्रों की सुरक्षा का दायित्व भी उन्हीं का होगा। इसके अलावा, बैठक में शिक्षकों की प्रोन्नति का मुद्दा भी उठाया गया। सरकार द्वारा आदेश दिए जाने के बावजूद जिले के कई शिक्षकों की अब तक प्रोन्नति नहीं हो पाई है। लिपिकों के वेतन निर्धारण की समस्या अभी तक बनी हुई है। कई शिक्षकों की सेवा संपुष्टि भी नहीं हुई है, और उनकी सेवा पुस्तिकाएं अपडेट नहीं की गई हैं। शिक्षक संगठन समन्वय समिति के सदस्यों ने इन सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए निर्णय लिया कि जल्द ही उपायुक्त से मुलाकात कर इन समस्याओं का समाधान निकाला जाएगा। बैठक में झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ, झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ, झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ सहित विभिन्न शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### ट्रांसफार्मर की सुरक्षा को लेकर मधुबन के ग्रामीण करेंगे पहरेदारी



**धनबाद।** धनबाद के मधुबन दुर्गा मंदिर प्रांगण में बिजली से जुड़ी गंभीर समस्याओं और ट्रांसफार्मर की सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भवानी ठाकुर ने की, जबकि संचालन डेगलाल महतो ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा ट्रांसफार्मर लगाने के बाद उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी ग्रामीणों की होगी। ग्रामीणों का कहना है कि अक्सर ट्रांसफार्मर चोरी हो जाते हैं या खराब हो जाते हैं, जिससे गांव में बिजली संकट गहरा जाता है। इसी को देखते हुए, ट्रांसफार्मर की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों द्वारा रात्रि पहरेदारी करने का फैसला लिया गया है। बैठक में यह तय किया गया कि पहरेदारी के लिए अलग-अलग लोगों की एक समिति गठित की जाएगी, जो बारी-बारी से रात में पहरा देगी। ग्रामीणों ने कहा कि ट्रांसफार्मर के सही ढंग से काम करने से गांव में बिजली की समस्या दूर हो जाएगी और सभी लोग निर्बाध बिजली सेवा का लाभ उठा सकेंगे। इस बैठक में कुलदीप प्रसाद महतो, बिरजू महतो, परशुराम महतो, भरत महतो, राजकुमार महतो, मुकेश महतो, मुक्तेश्वर महतो, बंशी महतो, जगदीश महतो, कैलाश महतो, किशोर महतो, प्रमोद कुमार, रुपमणि देवी, शकुंतला देवी, शांति देवी, राजा घोष, विकास सिन्हा, धर्मचंद्र महतो, अजीत सिंह, लक्ष्मीकांत मास्टर, स्वरूपानंद महतो, सुदामा महतो, काली कुमार, अरुण कुमार, करण कुमार, कोकिल महतो, हुलास महतो, उमेश महतो, समीर कुमार, जय प्रकाश महतो, मनोज महतो, राजू महतो, विद्यानंद महतो, अरुण महतो, देबू महतो, सुभाष महतो, अमन कुमार, अजय कुमार, राहुल कुमार, विशाल कुमार, विक्रम दशौंधी, दीपक दशौंधी, रोहित महतो, अजीत महतो, कुणाल महतो, सुजीत महतो और एतवारी महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।ग्रामीणों ने कहा कि अगर ट्रांसफार्मर की सुरक्षा सही ढंग से की जाए और बिजली विभाग भी सहयोग करे, तो गांव में बिजली की समस्या दूर हो सकती है। इस निर्णय से ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ेगी और बिजली से जुड़ी समस्याओं का समाधान निकाला जा सकेगा।

### धनबाद में रहस्यमयी आग से दहशत, परिवार रतजगा करने को मजबूर

**धनबाद।** धनबाद जिले के हीरापुर स्थित मास्टरपाड़ा में पिछले पांच दिनों से एक रहस्यमयी घटना लोगों को हैरान कर रही है। यहां एक घर में लगातार जगह-जगह आग लग रही है, जिससे परिवार के लोग डर और तनाव में जीने को मजबूर हो गए हैं। आग इतनी रहस्यमयी है कि इसे बुझाने के कुछ ही समय बाद किसी दूसरी जगह पर फिर से लग जाती है। इस आग के कारण घर के अंदर रखे कपड़े, प्लास्टिक के सामान, पर्दे और अन्य घरेलू चीजें जलकर राख हो चुकी हैं। इस घर में दो परिवार रहते हैं। मकान मालिक बबन बनर्जी अपनी पत्नी और बच्चों के साथ ऊपरी मंजिल पर रहते हैं, जबकि निचले तल पर किरायेदार का परिवार रहता है। आग लगने की शुरूआत सबसे पहले किरायेदार के घर से हुई थी। वहां छोटे-छोटे सामानों में अचानक आग लगने लगी, लेकिन जैसे-जैसे दिन बीते, यह सिलसिला पूरे घर में फैलता गया। अब मकान मालिक के घर में भी आग लग रही है, जिससे परिवार के लोग रातभर जागने को मजबूर हो गए हैं। रविवार को भी आग लगने का यह सिलसिला जारी रहा। सुबह सात बजे सबसे पहले घर के पर्दों में अचानक आग लग गई। किसी तरह आग को बुझाया गया, लेकिन थोड़ी ही देर में किचन में प्लास्टिक के बारे में रखे मूढ़ी में आग लग गई। दिन में बिस्तर के गद्दे समेत अन्य कई चीजों में आग लगी। हालात ऐसे हो गए कि रात के नौ बजे तक घर के अलग-अलग हिस्सों में कुल मिलाकर पांच बार आग लग चुकी थी।

# उपायुक्त ने की मुख्यमंत्री उज्जवल झारखंड योजना की समीक्षा

### 483 स्थानों पर किया जाएगा सुदृढ़ीकरण



संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री उज्जवल झारखंड योजना की समीक्षा की। इस क्रम में विद्युत अधीक्षण अभियंता एस.के. कश्यप ने बताया कि योजना के तहत विद्युत वितरण क्षेत्र के नवीनीकरण (आर.डी.एस.एस.) को लेकर पहले 152 गांव और टोले में विद्युत सुदृढ़ीकरण करना था। सर्वे करने के बाद अतिरिक्त 331 स्थलों को विद्युत सुदृढ़ीकरण करने के लिए शामिल किया गया है। समीक्षा के बाद उपायुक्त ने प्रत्येक स्थल का भौतिक सत्यापन करने, कार्य में तेजी लाने तथा योजना के संबंध में माननीय जनप्रतिनिधियों के सुझाव प्राप्त करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, विद्युत अधीक्षण अभियंता एस.के. कश्यप, मुख्यालय के कार्यपालक अभियंता प्रदीप विश्वकर्मा व भास्कर लकड़ा के अलावा निरसा, गोविंदपुर व झरिया के कार्यपालक अभियंता मौजूद थे।

## जगरनाथ हॉस्पिटल के अल्ट्रा स्कैन सेन्टर में की गई छापेमारी



संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निदेर्शानुसार गठित जिला स्तरीय पीसी एंड पीएनडीटी जांच टीम द्वारा धनबाद जिला अंतर्गत स्टील गेट स्तिथ जगरनाथ हॉस्पिटल के अल्ट्रा स्कैन सेन्टर में औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान पीसी एंड पीएनडीटी टीम द्वारा जगरनाथ हॉस्पिटल के अल्ट्रा स्कैन सेन्टर में अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा अल्ट्रासाउंड करते पकड़ा गया, जो कि पीसी एंड पीएनडीटी के नियम का उलंघन है। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिविल सर्जन एवं उपायुक्त द्वारा गठित पीसी एंड पीएनडीटी टीम द्वारा उस सेंटर और यूएसजी मशीन को सील कर दिया गया। उपायुक्त द्वारा गठित टीम में कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर, सहायक नोडल पीसी एंड पीएनडीटी डॉ० विकास कुमार राणा, डॉ० सुनील कुमार, डॉ० राकेश ईन्दर सिंह, डॉ० सैम्स तबरेज आलम, एवं एनजीओ से पूजा रतनाकर मौजूद थें।

## सिंदरीवासियों के लिए खुशखबरी, गौरव वक्ष की मेहनत रंग लाई, क्वार्टर की लड़ाई में मिली बड़ी सफलता



संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरीवासियों के लिए एक राहत भरी खबर आई है। वर्षों से अपने घरों को बचाने के संघर्ष में लगे लोगों के लिए अब उम्मीद की किरण नजर आ रही है। सिंदरी के बेटे और भाजपा नेता गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह ने अपने वचन को निभाते हुए, सिंदरीवासियों को उनके क्वार्टर से विस्थापित होने से बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। सिंदरी में रहने वाले लोग लंबे समय से अपने क्वार्टरों को लेकर असमंजस में थे। एफसीआई प्रबंधन द्वारा बार-बार भेजे जा रहे नोटिस के कारण लोगों में भय और असुरक्षा की भावना थी। हर घर में यही चिंता थी कि कहीं उन्हें अपना आशियाना छोड़कर अन्यत्र पलायन न करना पड़े। इसी चिंता को दूर करने के लिए गौरव वक्ष ने दिल्ली का रुख किया और उर्वरक मंत्री जे.पी. नड्डा और ओएसडी सुरेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की। उन्होंने सिंदरीवासियों की परेशानियों को उनके समक्ष रखा और इस मुद्दे का स्थायी समाधान निकालने की मांग की। लगातार प्रयासों के बाद अब इस समस्या का हल निकलता नजर आ रहा है। गौरव वक्ष ने बताया कि सभी एफसीआई क्वार्टरों के लिए समान लीज प्रक्रिया लागू की जाएगी, जो 31 मार्च के बाद प्रभावी होगी। इसका सीधा लाभ सिंदरी के उन परिवारों को मिलेगा जो वर्षों से यहां रह रहे हैं और जिनके लिए यह केवल एक मकान नहीं, बल्कि उनका घर है। सिर्फ क्वार्टरों की लड़ाई ही नहीं, बल्कि गौरव वक्ष ने मनोहरटांड और एसएल-2 क्षेत्र के अस्तित्व को बचाने के लिए भी अपनी आवाज बुलंद की। उन्होंने दिल्ली में उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर यह सुनिश्चित किया कि इन इलाकों में रहने वाले लोग भी सुरक्षित रहें। मैनेजमेंट की ओर से आश्वासन दिया गया है कि यदि लोग इन क्षेत्रों में रहना चाहते हैं और आवेदन देंगे, तो उनके लिए भी लीज पर क्वार्टर उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे मनोहरटांड और एसएल-2 का अस्तित्व भी बरकरार रहेगा और वहां रहने वाले लोगों को भी सुरक्षा मिलेगी। सिंदरीवासियों के लिए यह जीत किसी बड़ी राहत से कम नहीं। अब उन्हें स्थायी समाधान मिलने की उम्मीद है। गौरव वक्ष ने यह साबित कर दिया कि जब किसी क्षेत्र का बेटा अपने लोगों के लिए दिल से लड़ता है, तो जीत निश्चित होती है।

## शिक्षक अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा और समर्पण के कारण हमेशा याद रखे जाएंगे : प्रमोद कुमार झा



संवाददाता

**कुमारधुबी।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय कालीमाटी, निरसा-3 के सहायक शिक्षक दिलीप पासवान की सेवानिवृत्ति के अवसर पर विद्यालय परिसर में एक भावुक विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, शिक्षक गण, छात्र-छात्राएं और अभिभावकों की उपस्थिति रही। पूरे समारोह के दौरान एक भावनात्मक माहौल देखने को मिला, जहां विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की आंखें नम हो गईं। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, निरसा-3 के अध्यक्ष प्रमोद कुमार झा ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षक दिलीप पासवान ने अपने कार्यकाल में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित किया और उनकी शिक्षा व चरित्र निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दिया। उन्होंने अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन किया, जिससे वे हमेशा याद किए जाएंगे। उनके मार्गदर्शन में न जाने कितने छात्र-छात्राओं ने सफलता की ऊंचाइयों को छुआ और एक उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हुए। उनकी मेहनत और लगन एक कुशल कुम्हार की तरह रही, जिसने बच्चों को संस्कारित और शिक्षित किया। विदाई समारोह के दौरान विद्यालय परिवार एवं शिक्षकों द्वारा बुके, अंगवस्त्र और उपहार देकर श्री पासवान को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित छात्रों और अभिभावकों की आंखें नम हो गईं, क्योंकि वे अपने प्रिय शिक्षक को विदाई देते हुए भावुक हो गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार, वरिष्ठ शिक्षक सोमनाथ चटर्जी, रविंद्र कुमार परासर, लखी वर्मा, अजीम अंसारी, अरुण कुमार सिंह, प्रमोद कुमार झा, प्रसनजीत मुखर्जी, विनोद चौधरी, संजय सिंह, उमाशंकर राम, उत्तम कुमार घाटी, पंकज कुमार, कालीचरण कुमार, राजकुमार, प्रमिला देवी, मुखिया प्रतिनिधि लखीराम, सरस्वती वाहिनी माता समिति के सदस्यगण, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सदस्यगण सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।समारोह के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने दिलीप पासवान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें भावभीनी विदाई दी। विद्यालय परिवार ने उनके योगदान को हमेशा याद रखने का संकल्प लिया और उनके द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को आगे बढ़ाने की प्रतिज्ञा की।

## रैयतों ने बाघमारा अंचल कार्यालय पर लगाया वादाखिलाफी का आरोप



संवाददाता

**कतरास।** ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले रैयतों ने एक बार फिर बाघमारा अंचल कार्यालय के समक्ष धरना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि ढाई महीने पहले अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि उनके सभी आवेदनों का निष्पादन कर दिया जाएगा, लेकिन अब तक कोई हल नहीं निकला। इसी कारण वे मजबूरी में दोबारा धरना देने को बाध्य हुए हैं। ग्राम स्वराज अभियान के संस्थापक जगत महतो ने आरोप लगाया कि अबुआ राज में बाघमारा अंचल में धांधली हो रही है। अधिकारियों द्वारा रैयतों की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है और उनकी जगह बिचौलियों की सुनी जा रही है। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2024 में जब रैयतों ने अपने लंबित मामलों को लेकर धरना दिया था, तब अंचल अधिकारी ने 5 से 10 दिनों के भीतर सभी आवेदनों के निपटारे का आश्वासन दिया था। अधिकारियों के वादे पर भरोसा कर उस समय धरना समाप्त कर दिया गया था, लेकिन इतने दिन बीत जाने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जगत महतो ने बताया कि बाघमारा में जारी इस धरने की सूचना ईमेल के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजी गई है। रैयतों की मुख्य मांगों में भूमि का डिजिटलीकरण, ऑनलाइन प्रविष्टिकरण और मापी के लंबित मामलों का शीघ्र समाधान शामिल है। रैयतों ने साफ कर दिया है कि जब तक उनके सभी आवेदनों का समाधान नहीं होता, वे प्रत्येक मंगलवार को अंचल कार्यालय के समक्ष धरना जारी रखेंगे।धरने में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए, जिनमें जय राम, शंकर साव, दिलीप महतो, रुपेश रवानी, कमल महतो, विकास महतो, जगत महतो, मुसीब अख्तर खान, राज राम सिंह, मणिलाल साव, कामेश्वर बड़ाई, भुवन महतो सहित कई अन्य महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे।

## रंग बरसे 2025 में शम्भु शिखर और चेतन चर्चित का हास्य जलवा




संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद शहर में होली के अवसर पर हास्य कवियों की महफिल सजने जा रही है। हिन्दी साहित्य विकास परिषद् ट्रस्ट द्वारा आयोजित रंग बरसे 2025: होली के रंग, हास्य कवियों के संगकार्यक्रम आगामी 7 मार्च 2025 को शहर के जोड़ाफाटक हावड़ा मोटर स्थित इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स एसोसिएशन के सभागार में होगा। इस कार्यक्रम में देश के जाने-माने हास्य कवि शम्भु शिखर और चेतन चर्चित अपनी चुटीली कविताओं से श्रोताओं को हंसी के रंग में सराबोर करेंगे। इस कार्यक्रम की शुरूआत शाम 7:00 बजे होगी और यह रात 9:00 बजे तक चलेगा। हिन्दी साहित्य विकास परिषद् ट्रस्ट के सचिव राकेश शर्मा ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि यह आयोजन होली के उल्लास को बढ़ाने और साहित्यिक हास्य रस का आनंद देने के लिए किया जा रहा है। परिषद के अध्यक्ष संजय आनंद ने बताया कि 8 मार्च को विश्व महिला दिवस के अवसर पर परिषद उन महिलाओं को सम्मानित करेगी, जिन्होंने अपने कार्यों से समाज में विशिष्ट योगदान दिया है। इस दौरान शहर की कुछ प्रमुख महिलाओं को महिला सम्मान से नवाजा जाएगा। इस अवसर पर एक और महत्वपूर्ण घोषणा की गई। हिन्दी साहित्य विकास परिषद् ट्रस्ट 5 अप्रैल 2025 से साहित्य चौपाल का शुभारंभ करने जा रही है। यह झारखंड के इतिहास में पहली बार होने वाला एक विशेष साहित्यिक अभियान होगा, जिसके अंतर्गत पंचायत और ग्राम स्तर पर युवाओं को साहित्य के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही, परिषद झारखंड के प्रसिद्ध कहानीकारों के कहानी संग्रह साहित्य ग्रंथ भाग-2 का लोकार्पण भी करेगी। इस अवसर पर परिषद के सदस्य और शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। प्रेस वार्ता में परिषद के अध्यक्ष संजय आनंद, सचिव राकेश शर्मा, तथा वरिष्ठ सदस्य सीताराम सिंह, संजय तिवारी और अभिषेक जायसवाल मुख्य रूप से मौजूद थे।

### प्रदेश कांग्रेस नेता आशीष सिन्हा ने बजट को बताया सर्वहितकारी

**धनबाद।** झारखंड सरकार के बजट को लेकर प्रदेश कांग्रेस नेता आशीष सिन्हा ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस बजट को सभी वर्गों के हित में बताया और कहा कि यह केवल संख्याओं और योजनाओं का खाका नहीं है, बल्कि हर नागरिक के सपनों और आकांक्षाओं का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि एससी/एसटी छात्राओं के लिए मुफ्त छात्रावास की व्यवस्था की गई है, जिससे दूर-दराज से आने वाली छात्राओं को बड़ी राहत मिलेगी। इसके अलावा, कामकाजी महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान 5000 की सहायता राशि देने का प्रावधान किया गया है, जो उनके लिए बहुत सहायक साबित होगा। कांग्रेस नेता ने बजट में इनोवेशन हब बनाने की घोषणा को भी एक सराहनीय कदम बताया। इसके जरिए राज्य के युवा नई तकनीकों और नवाचारों से जुड़ सकेंगे। सिन्हा ने आगे कहा कि बाल्मीकि छात्रवृत्ति योजना लागू की जाएगी, जिससे समाज के वंचित वर्ग को शिक्षा में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट सिर्फ आर्थिक संख्याओं का लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि इसमें झारखंड के आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध भविष्य की झलक मिलती है।

**समारोह** डीवीसी मैथन जल विद्युत केंद्र में संरक्षा सप्ताह का उद्घाटन

# 11 को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न होगा



संवाददाता

**कुमारधुबी।** डीवीसी मैथन जल विद्युत केंद्र में 54वां राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष संरक्षा सप्ताह का मुख्य विषय संरक्षण और स्वास्थ्य, विकसित भारत के लिए अति आवश्यक रखा गया है। इस अवसर पर केंद्र में कई महत्वपूर्ण गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य कर्मचारियों और श्रमिकों के बीच सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देना था। मंगलवार, 4 मार्च को संरक्षा सप्ताह का भव्य उद्घाटन डीवीसी के महाप्रबंधक अर्धसैनिक राकेश कुमार सिंह के द्वारा झंडा फहराकर किया गया। उद्घाटन के पश्चात उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, ठेका श्रमिकों और औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों को हिंदी में शपथ दिलाई। इसी क्रम में उप समादेष्टा केऔसुब अनिल कुमार ने अंग्रेजी में शपथ ग्रहण करवाया। इस कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक (अर्धसैनिक) एवं परियोजना प्रधान का संदेश भी पढ़ा गया, जिसे हिंदी में वरिष्ठ अधिकारी संजय कुमार चौधरी और अंग्रेजी में पार्थो दास ने प्रस्तुत किया। इस संदेश के माध्यम से उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, ठेका श्रमिकों और औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों को संरक्षा के महत्व और इसके प्रभावी क्रियान्वयन की प्रेरणा मिली। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक संरक्षा। उदय आर्य द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने संबोधन में संरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि कार्यस्थल पर दुर्घटनाओं को रोकने और सुरक्षित कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। पूरे सप्ताह चलने वाले इस कार्यक्रम के तहत 5 मार्च को वॉकथॉन, 6 मार्च को विद्युत संरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण, और 7 मार्च को अग्निशमन एवं प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा, नारा प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता जैसी रोचक गतिविधियों का भी आयोजन किया जा रहा है। यह संरक्षा सप्ताह 11 मार्च को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न होगा। इस भव्य उद्घाटन समारोह में डीवीसी के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस दौरान वरिष्ठ महाप्रबंधक संजीव श्रीवास्तव, महाप्रबंधक सुरेंद्र प्रसाद, उप महाप्रबंधक मदन सेन, सहायक समादेष्टा उमेश कुमार सिन्हा, प्रबंधक पार्थ सारथी मुखर्जी, सोमेंन दत्ता, रवींद्र कुमार नायक, शक्ति प्रसाद भूटिया, मुकेश कुमार, उपमहाप्रबंधक तापस राय, सोलोमन, सहायक प्रबंधक हरे राम साव, फाल्गुनी बनर्जी, कार्यपालक शोविक गुहा, राजकुमार प्रसाद, विश्व रंजन मजूमदार, रामकिशोर चौधरी, शिव प्रसाद, शेख कौशल अली सहित डीवीसी के अन्य अधिकारी, कर्मचारी और ठेका मजदूर उपस्थित थे। अंत में कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन दास के द्वारा दिया गया। पूरे आयोजन के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने संरक्षा के महत्व को समझते हुए इसे अपने कार्यस्थल पर लागू करने का संकल्प लिया।

## बलियापुर में कृषक मित्रों की बैठक, सरकारी योजनाओं पर हुई चर्चा

संवाददाता

**बलियापुर।** बलियापुर अंचल में कृषक मित्रों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें खेती-किसानी से जुड़ी सरकारी योजनाओं और उनके क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने की। बैठक में बलियापुर के सभी कृषक मित्र उपस्थित थे, जिन्होंने अपनी समस्याएं और सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे। बैठक में मुख्य रूप से बीज वितरण, केसीसी फॉर्म भरना, मिट्टी जांच, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा योजना, खाद वितरण, कृषि ऋण माफी, सूखा राहत, धन अधिप्राप्ति, कृषि यंत्र वितरण, पशु गणना, बीज प्रदर्शन योजना, मनरेगा योजना और जैविक खेती जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अंचल अधिकारी ने कृषक मित्रों को निर्देश दिया कि वे इन योजनाओं का लाभ सभी पात्र किसानों तक पहुंचाने में सहयोग करें। बैठक के दौरान कृषक मित्रों ने अपनी समस्याओं से भी अंचल अधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा मिलने वाली प्रोत्साहन राशि पिछले एक साल से लंबित है, जिससे उन्हें काफी आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे को लेकर कृषक मित्रों ने अंचल अधिकारी को एक ज्ञापन भी सौंपा और जल्द से जल्द इसका समाधान निकालने की मांग की।

## सुभाषितम्

**बुद्धि के सिवाय विचार प्रचार का कोई दूसरा शस्त्र नहीं है, क्योंकि ज्ञान ही अन्याय को मिटा सकता है। - शंकराचार्य**

## भारतीय राजनीति में बुद्धिमान नहीं वफादार होना जरूरी

इन दिनों कांग्रेस पार्टी के नेता,पूर्व केंद्रीय मंत्री व तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस पार्टी के सांसद शशि थरूर को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। शशि थरूर संयुक्त राष्ट्र की नौकरी छोड़कर 2009 में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे। उसके बाद वे लगातार चार बार केरल की तिरुवनंतपुरम सीट से लोकसभा सांसद निर्वाचित होते रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस के मलयालम पॉडकास्ट से बात चीत के दौरान यह कह दिया की यदि कांग्रेस पार्टी को उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं है तो उनके पास विकल्प हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर पार्टी उनका इस्तेमाल करना चाहती है तो वे पार्टी के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्यथा मेरे पास करने के लिए मेरी चीजें हैं। आपको नहीं सोचना चाहिए कि मेरे पास दूसरे विकल्प नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मेरे पास मेरी किताबें, भाषण, और पूरी दुनिया से बातचीत करने के लिए निमंत्रण हैं। थरूर के इस बयान से इन अटकलों को बल मिलना स्वाभाविक था कि क्या अब थरूर भी कांग्रेस को अलविदा कह सकते हैं। इस खबर के साथ ही मीडिया में इस बात को लेकर भी अटकलें लगाई जाने लगीं कि यदि थरूर कांग्रेस पार्टी छोड़ते हैं तो क्या वे भी भारतीय जनता पार्टी की शरण में जायेंगे? खासकर पूर्व में उनके द्वारा भाजपा सरकार की कुछ नीतियों की तारीफ किये जाने से इन कयासों को अधिक बल मिला। जैसे कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे के समय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से उनकी मुलाकात की प्रशंसा की। उन्होंने मोदी के अमेरिका दौरे को काफी अच्छा बताया। इसी तरह थरूर ने एफ-35 लड़ाकू विमान को खरीदने में भारत की दिलचस्पी की तारीफ यह कहकर की कि ये विमान काफी कीमती है। जबकि उन्हीं की पार्टी के नेता व कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भारत सरकार द्वारा इस विमान को खरीदने में दिलचस्पी की आलोचना की। सुरजेवाला का कहना था, कि जिस ऋ35 को एलन मस्क कबाड़ बता चुके हैं उसे नरेंद्र मोदी खरीदने पर क्यों तुले हुए हैं।

इसी तरह थरूर ने सोशल मीडिया एक्स पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार मंत्री जोनाथन रेनल्ड्स के साथ एक सेल्फी पोस्ट करते हुये लिखा था कि लंबे समय से रुकी हुई एफटीए वार्ता फिर से शुरू हो गई है, जो स्वागत योग्य है। बेशक सरकार के प्रति इस तरह के अप्रत्याशित वक्तव्य भाजपा के प्रति थरूर के सकारात्मक होने का संकेत दे रहे थे। परन्तु जब थरूर से भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्वयं को एक क्लासिक उदारवादी बताते हुये कहा कि मैं सांप्रदायिकता का विरोध करता हूं और आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक न्याय में विश्वास करता हूं। उन्होंने कहा हर पार्टी का अपना विश्वास और इतिहास होता है। अगर आप किसी दूसरी पार्टी के विश्वास को नहीं अपना सकते तो उसके साथ जुड़ना सही नहीं है। मुझे नहीं लगता कि यह सही है। वैसे भी जिस तरह 50 करोड़ की गर्ल फ्रेंड कहकर शशि थरूर को लेकर अपमान जनक टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने सार्वजनिक भाषण में की गयी थी उसे देखकर भी नहीं लगता कि थरूर जैसा बुद्धिजीवी व संवेदनशील व्यक्ति कभी भाजपा में भी शामिल होगा। परन्तु इन्हीं खबरों के बीच एक बार फिर इस बात पर भी बहस छिड़ गयी है कि क्या राजनैतिक दलों में बुद्धिजीवियों की कोई महत्वपूर्ण भूमिका भी है? यदि थरूर के ही राज्य केरल में पिछले चुनावों के दौरान देखें तो भारत के एक प्रख्यात सिविल इंजीनियर, दिल्ली मेट्रो के निदेशक व पद्म श्री तथा पद्म विभूषण जैसे अति प्रतिष्ठित सम्मानों के हासिल करने वाले ई श्रीधरन जिन्हें भारत के मेट्रो मैन के रूप में भी जाना जाता है, को भाजपा द्वारा केरल का मुख्यमंत्री प्रचारित किया गया था।

यह और बात है कि ई श्रीधरन स्वयं अपना चुनाव भी नहीं जीत सके। परन्तु क्या कोई जानता है कि आज ई श्रीधरन भाजपा में क्या भूमिका निभा रहे हैं? एक श्रीधरन ही नहीं भाजपा में ही लाल कृष्ण आडवाणी से लेकर यशवंत सिन्हा व अरुण शौरी जैसे अनेक नेताओं का जो हश्र भाजपा में हुआ और हो रहा है वह किसी से छुपा नहीं है। क्या उनकी काबलियत के अनुसार उनके व्यक्तित्व का इस्तेमाल किया गया? हां यदि एस जय शंकर, अश्वनी वैष्णव और हरदीप पुरी जैसे गिने चुने लोगों को जिम्मेदारियां दी भी गयी हैं तो वे भी कितने स्वतंत्र हैं किसी से छुपा नहीं है। हां सत्ता प्रमुख, पूर्व नौकरशाह होने के नाते उनसे किसी तरह की ना की उम्मीद तो कर ही नहीं सकते क्यों उन्होंने अपनी पूरी सेवा के दौरान केवल यस मिनिस्टर ही तो कहा है? कमोबेश अधिकांश राजनैतिक दलों में यही स्थिति है। जहाँ पार्टी प्रमुखों को या आला कमान को बुद्धिजीवी, सलाह देने वाला,अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करते हुये शीर्ष नेताओं को कोई नेक सलाह देने वाला नेता नहीं बल्कि ऐसा व्यक्ति चाहिये जो उनके प्रति पूरी तरह वफादार हो और हर सही व गलत बात में आला कमान की हां में हां मिलाने की सलाहियत रखता हो। हां, इन्हीं राजनैतिक दलों में कई ऐसे अवसरवादी प्रवृति के समझदार नेता भी मिल जायेंगे जो केवल अपने सुखद राजनैतिक भविष्य के कारण सभी परिस्थितियों में गुजारा करने में भी संतुष्ट रहते हैं।

# पति पत्नी के बिगड़ते रिश्ते, जिम्मेदारी किसकी

संजय गोस्वामी

आज कल अगसर देखने को मिल रहा स्त्री और पुरुष में रिश्ते बनने के बजाय बिगड़ रहे है, हाल ही में इसके कई उदाहरण भी सामने आए हैं जैसे 9 दिसंबर की रात को 34 वर्षीय भारतीय व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। उसके शव के पास एक तख्ती लगी थी जिस पर लिखा था न्याय मिलना चाहिए। अतुल सुभाष ने 24 पन्नों का विस्तृत सुसाइड नोट और 81 मिनट का एक वीडियो छोड़ा जिसमें उन्होंने अपनी शादी और तलाक की कार्यवाही में आई परेशानियों को जिम्मेदार ठहराया। उनके जीवन के बारे में परेशान करने वाले विवरण वाले पत्र और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए और लोगों में आक्रोश फैल गया। दक्षिणी शहर बेंगलुरु के सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने अपनी अलग रह रही पत्नी निकिता सिंघानिया, उसकी मां और भाई पर लगातार उत्पीड़न और यातना देने का आरोप लगाया इसमें गलती किसकी है ऐ तो न्यायालय में होगा लेकिन जो दुनिया से चला गया वो बापस तो नहीं आएगा ऐ पत्नी को समझना चाहिए उसे कैसे ढाले मेरा हर एक लेख आपसी झगड़े के लिए नहीं बल्कि आपको सही सलाह देने के लिए होता है एक और केस अतुल सुभाष जैसा पुनः सुर्खियों में है दरअसलयूपी में एक बार फिर अतुल सुभाष जैसा मामला सामने आया है।

कुछ दिन पहले मल्टीनेशनल कंपनी टीसीएस के एक मैनेजर ने पत्नी से तंग आकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उसने एक वीडियो सोशल मीडिया पर डाला और उसमें रोते हुए अपना सारा दर्द बयां किया। टीसीएस मैनेजर मानव शर्मा ने आत्महत्या से पहले बनाई वीडियो में खुलासा किया कि वो पत्नी के उत्पीड़न से परेशान हैं और शादी से पहले पत्नी का किसी और से सम्बन्ध था और तलाक चाहता था लेकिन ऐसा नहीं हुआ इधर पत्नी का कहना है कि पहले दूसरे से प्रेम था लेकिब शादी के बाद नहीं सुसाइड के समय साथ ही उसने मांग की कि कानून पुरुषों को भी सुरक्षा दे। मानव शर्मा ने गले में फंदा लगाकर वीडियो बनाया और कहा कि उनके माता-पिता को कोई परेशान न करे।देखिये शादी बड़ा सोच समझ कर करिये ये जीवन का सौदा होने जा रहा सच्चाई शादी से पहले बताना चाहिए कोई जरुरी नहीं है कि रिश्ता बड़े घर में हो लेकिन ऐ जरुरी है कि विचारों में मतभेद ना हो ऐ आपस में मिसअंडरस्टैंडिंग के वजह से होता शादी एक ऐसा बंधन है जो जीवन भर साथ रहने को होता है। अतः पारदर्शिता जरुरी है ऐ हो क्यों रहा है इसकी सबसे बड़ी आज का संगत, जैसी संगत वैसी रंगत भगवान राम के मंदिर या महाकुम्भ जाने से ऐ समस्या दूर नहीं होगी। हमें हमेशा एक दूसरे की सहायता करने की जरुरत है, आप कभी भी निराश होकर आप आत्महत्या का कदम मत उठाना नहीं तो ऐ शरीर जो परमात्मा का दिया है। वैसे ही खो बैठोगे पाने के लिए बहुत कुछ खोना पड़ता है। त्याग और संघर्ष में ही आप कुछ बनकर निकलते हो कभी अपना दुःख दूसरे को नहीं सुनाये काम पर ध्यान दें। क्योंकि आज खुद ही आदमी इतना दुःखी है कि दूसरों का दुःख से कोई मतलब नहीं है नहीं यकीन है जैसे अंदरूनी कलह की वजह से पार्टी में टूट हुआ और नतीजा आपके सामने आया, जब भी अपने घर के अंदर असंतोष होता है तो आपका ही परिवार बिखड़ जाता है।

नुकसान दूसरों का नहीं आपका होता है वैसे ही परिवार में रिश्ता होता है जिसमें बाहरी सफाई से ज्यादा जरुरी है अंदर की सफाई और ऐ समझदारी और शांति से विवेक से होगा। मुझे माता पिताजी से शादी से पहले अच्छा लगाव था, पिताजी ने शादी के लिए बात की लड़की के पिताजी आए बड़े अच्छे स्वाभाव के थे कुछ रूपए दिए और हुआ क्या मैं लड़की देखने नहीं जा रहा था, बाद में मैं सोचा कि उनके पिता जी आए थे और आने का प्रस्ताव दिए है और दादाजी ने भी बताया कि ठीक से देख लेना नाक लम्बाई ठीक होना चाहिए। इसलिए लड़की देखने चला गया वहां खुब खातिर हुई मेरे भाई ने सवाल पूछ दिया लेकिन मुझे मालूम था। यह विज्ञान उसके बस का नहीं है किसी मुद्दे पर बात अटक गई क्योंकि मेरी भी बहने थी और उसकी शादी भी जरुरी थी, लेकिन इन सब को देखते हुए इस हेतु मैंने बहुत कोशिश कर पिता जी को बताया उसमें एक गलती हो गई कि मैंने फोन न लें लिया। उस समय मोबाइल नहीं था और एसटीडी का बिल खूब आता था लेकिन दिमाग कैसे उस जवानी में घुम गया पता ही नहीं चला, जब तक आप बेरोजगार रहते हैं तो आपको बहुत साधारण या गरीब लड़की मिल जाती है, लेकिन जब कोई अच्छी नौकरी मिल जाती है तो लड़की वाले का आना जाना और बड़े घर से रिश्ते का ऑफर आता है। आप गलती ऐ करते हैं आज की दुनिया में ब्यूटी पार्लर की सजावट और उसकी बातें सुनकर आप दिल दे देते हैं और इसमें परिवार की भी जिम्मेदारी कोई बिना राममचरित्र मानस को पढ़े और रामभक्त होने का ढोंग दिखाए तो उसको परखना आपका काम है। गांव की लड़कियां कम पढ़ी लिखी जरूर है मां बाप गरीब होते हैं लेकिन उनमें अच्छे संस्कार पाए गए हैं जैसे पुरुष या तो मेहनत कर फसल उगाता और महिला उसकी मदद करती यदि पुरुष कमाने बाहर निकलता तो उसकी पत्नी सास ससुर की सेवा करती वहां उसका पति 4 व्यक्ति के साथ में रहकर कैसे भी पैसा कमाता और 1-2महीने गांव में पत्नी से मिलने चला जाता और पत्नी उसकी सेवा करते पायी गई है।

आप यदि खेल में रूचि रखते हैं फिल्मों में रूचि रखते हैं होटलो और क्लबो में रूचि रखते हैं तो यह जरुरी नहीं की पत्नी को भी उसमें रूचि हो ना रखते हैं और पत्नी रूचि रखती है तो मना करने से आपस में कलह बढ़ती है और किसी दूसरे के बहकावे में ना आए अपने विवेक से आगे बढ़े यदि दो कदम पाने के लिए 4 कदम पीछे हटना पड़े तो रिश्ते में हट जाइए और अंदर के अहंकार को खत्म कर शांति से काम ले। लड़ाई झगड़ा से समस्या और बढ़ती है, अतः इससे दूर होकर मौन हो जाये दूसरे के बहकावे में कभी ना आएं, ऐ आपका घर बर्बाद कर आपकी जिंदगी से खुशी जो आप सही समझ रहें है वो नश्वर है। ईश्वर सत्य है और किसी जाति धर्म से नहीं बंधा है,छीन लेगा शांति और समझदारी से रिश्ते मजबूत होते हैं पति को या तो पत्नी को समझा कर मौका दें और पुराने बातों को ध्यान ना दें यदि आप बिसनेस करते हैं तो नौकरी वाले के चक्कर में नहीं पड़े अच्छा अध्यात्मिक ज्ञान है, तो उसी विचार की पत्नी मिले तो अच्छा होगा यदि राइटर हैं, तो उसकी पसंद भी यही हो तो अच्छा होगा नहीं तो शादी के बाद आपस में तकरार होगा ऐ बात लड़की और लड़के के माता पिता को भी समझनी चाहिए हर कुछ पैसा नहीं होता विचारों का मिलना भी जरुरी है या तो एक शांति से रहें और दूसरे के बातों पर ध्यान नहीं दें क्योंकि आज सती अनुसूईया नहीं मिलने वाली है। अतः समझ जरुरी है। आपके बच्चों के हित में उसे संस्कार दें कुछ गुण तो आपके आएंगे कुछ आपके हाव भाव से उसके भविष्य पर ध्यान दें।

जब पति किसी शोक में डूबा रहता है तो पत्नी को इसकी वजह जाननी चाहिए इन सबसे उसके शारीरिक सम्बन्ध बिगड़ जाता है, जैसे काम का बोझ ऑफिस की चिंता, और कभी कभी पति के इंज्याटी के वजह से उसके प्रति क्रोध बढ़ जाता है और पत्नी धीरे-धीरे अलग होने लगी और इससे घबराया पति और भी डिप्रेशन में आप हमेशा ध्यान रखें। पति पत्नि का रिश्ता सिर्फ शारीरिक नहीं बल्कि एक दूसरे की भावना को समझने के लिए जिम्मेदारी और बच्चे को संस्कारी बनाने के लिए होता है। मैं बहुत पहले एक पति पत्नी का सच्चा प्यार देखा है, जब वो आंख से अंधा हो जाता है तो ऑफिस छोड़ने और लेने जरूर आती अतः पति पत्नी को कभी एक दूसरे के प्रति बैर नहीं रखना चाहिए और भावना का कद्र करना चाहिए यही तो सनातन धर्म में लिखा है भगवान श्री राम को ही बनवास मिला लेकिन वो माता सीता ही थे की उनके साथ जीवन जीने के लिए वन में भी चली गई धन्य है माता सीता और भाई लखन चाहती तो अयोध्या में राज कर सकती थी, दलेकिन अपने प्रभु राम पर पूर्ण विश्वास था।

एक दिल से प्रेम होता है जो सामने दीखता नहीं लेकिन कुछ भावनाओं में दुःख के समय मालूम पड़ता है और यही बच्चे सीखते है जैसे श्रवण कुमार ने एक तरफ माता को रखा और दूसरी तरफ पिता को लेकर चल पड़े चार धाम की यात्रा पर, पंडित श्री राम शर्मा आचार्य एक पुस्तक में लिखते हैं कि नर नारी के अनुठे सम्बन्ध शिशु को जन्म देने के लिए होता है, बाद में बच्चे को संस्कारवान बनाएं और अच्छी शिक्षा दें। अतः पति पत्नी का सम्बन्ध सिर्फ शारीरिक सुख के लिए नहीं बल्कि अपने सभी परिवार को साथ लेकर चलना भी आवश्यक है। इसमें हो सकता है कुछ त्याग भी करना पड़े तो आगे आना चाहिए।

## सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी, चिंतक और विचारक पृथ्वी सिंह आजाद का निधन

रमेश शर्मा

भारत की स्वाधीनता के लिये जितना संघर्ष भारत के भीतर हुआ, उतना ही जन जागरण अभियान विदेशों में भी हुआ। असंख्य ऐसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और क्रांतिकारी रहे जिन्होंने भारत के भीतर भी संघर्ष किया और जेल गये और भारत के बाहर भी स्वतंत्रता के लिये वातावरण बनाया। क्रांतिकारी पृथ्वी सिंह आजाद ऐसे ही स्वाधीनता सेनानी थे। वे गदर पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। ऐसे चिंतक विचारक और क्रांतिकारी पृथ्वी सिंह आजाद का जन्म 15 सितंबर 1892 को पंजाब प्रांत के मोहाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लालरू में हुआ था। इन दिनों इस क्षेत्र को साहिबजादा अजीतसिंह नगर के नाम से जाना जाता है। उनके शादीराम भी राष्ट्र जागरण अभियान से जुड़े थे। परिवार के संस्कार और राष्ट्रवादी वातावरण के चलते पृथ्वीसिंह किशोर अवस्था में ही राष्ट्रवादी आंदोलन से जुड़ गये थे। आगे चलकर वे लाला लाजपत राय के संपर्क में आये और युवकों को संगठित कर क्रांतिकारी आंदोलन के समर्थक हो गये। समय के साथ वे सक्रिय हुए। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की गिरफ्तारी और खुदीराम बोस के बलिदान के समाचार भी आये। उन्हें लगा कि भारत की स्वतंत्रता के लिये भारत से बाहर अंग्रेजों के विरोधियों का भी समर्थन आवश्यक है। अपने इस विचार से उन्होंने तत्कालीन वरिष्ठों को अवगत कराया और सहमति



लेकर वे 1912 में अमेरिका गये। वे हिंदुस्तानी एसोसिएशन ऑफ पेसिफिक कोस्ट के संस्थापकों में से एक लाला हरदयाल से मिले। इसी संस्था को गदर पार्टी के नाम से जाना जाता था। यह संगठन अमेरिका में प्रवासी भारतीयों को संगठित कर भारत की अंग्रेजों से मुक्ति के लिये वातावरण बना रही थी।

युवा पृथ्वी सिंह संस्था से जुड़े और इसके विस्तार के काम में लग गये। उन्होंने गदर पार्टी के मुखपत्र 'गदर' का प्रकाशन और इसके विस्तार के काम में जुट गये। जब प्रथम विश्वयुद्ध आरंभ हुआ तो गदर पार्टी ने अपने अनेक कार्यकताओं को भारत भेजा और अंग्रेजों से मुक्ति की सशस्त्र क्रान्ति को तेज किया और युवाओं से आह्वान किया कि अंग्रेजी सत्ता को उखाड़ फेंका जाये। भारत की स्वाधीनता का यही संकल्प लेकर पृथ्वी सिंह वह 29 अगस्त 1914 को लगभग 150 स्वतंत्रता सेनानियों के साथ भारत लौटे। उन्होंने पूरे पंजाब की यात्रा की और युवकों को संगठित करना आरंभ किया। जब यह समाचार अंग्रेजों को मिला तो 7 दिसंबर 1914 वे गिरफ्तार कर लिये गये।

अंग्रेजों ने उन्हें लाहौर षड्यंत्र केस में भी आरोपी बनाया और मौत की सजा सुनाई गई। बाद में सुबूत के अभाव में मृत्युदंड तो बदला लेकिन आजीवन कारावास की सजा देकर सेलुलर जेल भेज दिया गया। उन्हें 1922 में नागपुर जेल स्थानांतरित किया गया। इसके साथ उन्हें कलकत्ता, मद्रास आदि विभिन्न जेलों में 10 साल रखा गया। प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान अंग्रेजों ने अधिकांश राजनैतिक बंदी रिहा किये। इसका लाभ पृथ्वी सिंह जी को भी मिला और वे रिहा कर दिये गये। रिहाई के बाद वे रूस गये। वहाँ रह रहे भारतीयों तथा अंग्रेज विरोधी विचार के लोगों से संपर्क किया तथा भारतीय समाज के दर्द का वर्णन किया। उनके द्वारा दिये गये ये विवरण लेनिन पत्रिका में प्रकाशित हुये। बाद में उनके यह सभी संस्मरण एक पुस्तक के आकार में भी प्रकाशित हुये। भारत लौटने पर काँग्रेस से जुड़े और वे गांधीजी के नेतृत्व में आंदोलन की मुख्यधारा से जुड़ गये। विभिन्न आँदोलनों में जेल गये।

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने जब आजाद हिन्द फौज का गठन किया तो उनके समर्थक बने। स्वतंत्रता के बाद उन्होंने पंजाब से संविधान सभा का चुनाव लड़ा और जीते । भारत सरकार ने 1977 में उन्हे तीसरा सबसे सम्मानित पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया। जीवन का अंतिम समय अस्वस्थता में बीता और 5 मार्च 1989 को क्रांतिकारी और विचारक पृथ्वी सिंह आजाद ने 96 वर्ष की आयु में संसार से विदा ली। उनकी जीवन गाथा दो आत्मकथाओं में उपलब्ध है। इनमें 'क्रांति पथ का पथिक' का प्रकाशन 1990 में हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा किया गया और बाबा पृथ्वी सिंह आजाद, महान योद्धा, 1987 में भारतीय विद्या भवन द्वारा प्रकाशित की गई।

# मास्टर छोटूराम : गायन-लेखन और शिक्षण के सारथी

डॉ. सत्यवान सौरभ

प्राचीन समय से ही इंसान का विभिन्न कलाओं के प्रति अटूट रिश्ता रहा है। कभी कलाकारों के फन ने तो कभी कलाओं के मुरीद लोगों ने इस जमाने में नए-नए रंग बिखेरे हैं। ये माना जाता है कि आत्मा की तरह कला अजर-अमर है, ये एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित होती है और नया रूप लेती है। आज कला के रूप बदरंग हो गए हैं। कलाकार अपने उद्देश्यों से भटक गए हैं और पैसों के पीछे दौड़ पड़े हैं, जो एक तरह कला को बेचने जैसा है। आज कला के नाम पर परोसी जा रही अश्लीलता समाज को लील रही है। मगर इन सबके बीच आज भी देश में कुछ ऐसे कलाकार हैं जो भारत की प्राचीन सभ्यता को नए रंग देकर उन आदर्श और मूल्यों को बचाने की कोशिश में लगे हैं। जी हां, उनमें से एक है हरियाणा के भिवानी जिले के कस्बा सिवानी के गाँव बड़वा की माटी में जन्मे मास्टर छोटूराम।

किसान परिवार में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। उनके पिता स्वर्गीय रिछपाल गैदर किसान थे जिनसे इनको संघर्ष करने और धैर्य रख आगे बढ़ने की सीख मिली। छोटी उम्र में पिता का साया उठने के बाद भी ये अपनी पढ़ाई को जारी रखते हुए शिक्षा और कला के क्षेत्र में आगे बढ़ते गए। पिछले चार-पांच दशकों से मास्टर छोटूराम अपने लिखे गीतों के जरिये समाज को भारत की प्राचीन संस्कृति से जोड़ने का अतुल्य प्रयास कर रहे हैं। पेशे से सरकारी अध्यापक मास्टर छोटूराम एक आशु कवि और हरियाणवी-हिंदी के जाने माने गायक हैं। देशभर में हजारों स्टेज कार्यक्रम दे चुके मास्टर छोटूराम हमारे देश के वीर-शहीदों, शहीद भगतसिंह, सुभाष चद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री, शहीद उद्यम सिंह के



साथ-साथ अन्य सपूतों की जीवनी को जब अपने गीतों और किस्सों के माध्यम से स्टेज पर प्रस्तुत करते हैं तो देशभक्ति की रसधार बहने लगती है।

लोगों को आज सभ्य और जीवन मूल्यों से भरे गीतों को सुनने का सुनहरा अवसर मिलता है। इन सबके अलावा मास्टर छोटूराम यूट्यूब एवं सोशल मीडिया के जरिये भारत की प्राचीन संस्कृति से जुड़े किस्सों को वीडियो और ऑडियो के रूप में फ्री में शेयर करते हैं, ताकि प्राचीन संस्कृति को बचाया जा सके।

हरियाणवी संस्कृति के विभिन्न रंगों को इन्होंने अपनी रागनियों और नाटकों में बखूबी पिरोया है। देशभर में आकाशवाणी एवं टीवी पर समय-समय पर इनके ये कार्यक्रम देखे-सुने जा सकते हैं। गायक कवि कलाकार मास्टर छोटूराम अपने सिद्धांतों और कला से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करते। आज जब नग्न संस्कृति गीतों और किस्सों में हावी है, तब भी इन्होंने अपने मूल्यों को बनाये रखा और हमारे ऐतिहासिक और पौराणिक किस्सों को जेब से पैसे लगाकर रिलीज करवाया है।

बेशक आज के तड़क-भड़क वाले अश्लील वीडियो की तुलना में उनको कम शेयर किया गया है लेकिन वास्तव में उन्होंने हमारी धरोहर को सहेजने कि दिशा में अपना अमूल्य योगदान दिया है। पितृभक्त श्रवण कुमार और फैशन की फटकार-इनके पहले दो ऑडियो एल्बम हैं जिनको लोग आज बीस साल बाद भी सुन रहे हैं और सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। 'कड़े गए वह नाथू-सुरजा' हरियाणा की बदलती संस्कृति पर फिल्माया गया उनका सुपर हिट गीत है जिसे बहुत पसंद और शेयर किया गया है। ऐतिहासिक 'नरसी का भात' किस्सा दर्शकों को पूरी रातभर सुनने को मजबूर कर देता है।

वास्तव में अपनी प्राचीन कला को बनाये रखना बहुत बड़ी बात है। आज के दौर में युवा पीढ़ी यूट्यूब और अन्य सोशल प्लेटफार्म पर घटिया स्तर के वीडियो और ऑडियो पसंद करती नजर आ रही है। ऐसे में मास्टर छोटूराम के सामाजिक गीतों के प्रयास बड़ी छाप छोड़ रहे है। मीडिया को ऐसे कलाकारों के प्रयासों को जोर-शोर से प्रचारित-प्रसारित करना चाहिए। ताकि हमारे प्राचीन मूल्यों को आज की इस शोषणकारी और अश्लील संस्कृति से दूर रखा जा सके। जब मास्टर छोटूराम जैसे कलाकर पैसों के लिए अपनी कला से समझौता नहीं करते तो हम क्यों घर बैठे कर रहें है। अश्लील गीतों को समाज से बाहर करने के लिए हमें अच्छे गीतों और अच्छे कलाकरों को उचित मान-सम्मान देना ही होगा, तभी हम कला को वास्तविक रूप देकर एक रहने योग्य समाज आने वाली पीढ़ियों को देकर जा पाएंगे। लोक कलाएँ वास्तव में किसी भी समाज की नब्ज होती है। हमें अपने बच्चों को इन कलाओं से अवश्य रूबरू करवाना चाहिए। साथ ही ये भी ध्यान रखना चाहिए कि आज के इंटरनेट युग में हमारे बच्चे क्या देख रहे हैं, क्या सुन रहे हैं। अच्छे कलाकार और उनकी कला समाज के सच्चे पथ प्रदर्शक है लेकिन उनको चुनना हमारी जिम्मेदारी है।

प्रदेश एवं केंद्र सरकार को आज की बिगड़ती संस्कृति के लिए दोषी गानों को खासकर यूट्यूब जैसे प्लेटफार्म पर बैन करना चाहिए। मास्टर छोटूराम जैसे कलाकारों को ढूंढ़कर उनके लिए एक सरकारी प्लेटफार्म एवं आर्थिक पैकेज की व्यवस्था करने की जरूरत है ताकि ऐसे सभी कलाकार हमारी संस्कृति को बचाने के लिए चल रहे प्रयासों को और आगे गति दे सकें। हमारे वीर सपूतों की जीवनियों को मास्टर छोटूराम की तरह रागिनी, नाटक और किस्सों के जरिये अब बदलते दौर के डिजिटल उपकरणों के माध्यम से घर-घर तक पहुँचाने की जरूरत है ताकि आने वाली पीढ़ी हमारे वीरों के आदर्शों को अगली पीढ़ी तक सौंप सके। इसलिए जरूरी है कि केंद्र सरकार ऐसे जमीन से जुड़े सच्चे कलाकरों के लिए अलग से कानून बनाकर हर राज्य सरकार को अपने क्षेत्र के हिसाब से लागू करवाए, तभी हमारी संस्कृति, संस्कार और धरोहर बच पाएंगे।

## आज का राशिफल

**मेष :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी।

**वृष :** विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**मिथुन :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें।

**कर्क :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ? के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**सिंह :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**कन्या :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**तुला :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे।

**वृश्चिक :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**धनु :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें।

**मकर :** यात्रा शुभ रहेगी। काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगे। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**मीन :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, बुधवार 05 मार्च 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति ने किया औचक निरीक्षण

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० पवन कुमार पोद्दार ने प्रशासनिक भवन के विभिन्न विभागों और अनुभागों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिस पर कुलपति ने नाराजगी जाहिर की और उन्हें भविष्य में समय पालन करने की सख्त चेतावनी दी। उन्होंने अनुपस्थित कर्मचारियों के छुट्टी आवेदन की भी जांच की और स्पष्ट किया कि यदि आगे भी अनुशासनहीनता देखी गई तो संबंधित कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान ज्यादातर कर्मचारी अपने कार्य में संलग्न पाए गए, जिनका कुलपति ने उत्साहवर्धन किया। बाद में कुलपति ने एक पत्र जारी कर सभी कर्मचारियों को समय का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय के अन्य विभागों का भी निरीक्षण किया जाएगा ताकि प्रशासनिक कार्यों में अधिक अनुशासन और दक्षता लाई जा सके।

### नई शिक्षा नीति 2020 के तहत चार वर्षीय अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम पर हुई बैठक



**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति ने संकायाध्यक्षों और विभागाध्यक्षों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें नई शिक्षा नीति 2020 के तहत चार वर्षीय अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम के पांचवें सेमेस्टर में प्रोजेक्ट या डिसर्टेशन को शामिल करने के विषय पर चर्चा की गई।बैठक में इस विषय पर विस्तृत अध्ययन और कार्ययोजना तैयार करने के लिए एक समिति गठित की गई। इस समिति में नोडल पदाधिकारी डॉ० इंद्रजीत कुमार, विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ० एच. एन. सिन्हा, समाज विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ० सादिक रज्जाक, मानवीकी संकायाध्यक्ष प्रो. मिथिलेश कुमार सिंह, वाणिज्य संकायाध्यक्ष डॉ० सुनील कुमार अग्रवाल, डॉ० सुकल्याण मोइत्रा और वनस्पति विभागाध्यक्ष डॉ० अविनाश कुमार को शामिल किया गया। समिति को जल्द से जल्द एक विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि इसे विश्वविद्यालय में प्रभावी रूप से लागू किया जा सके।

### सांसद मनीष जायसवाल पहुंचे झारखंड विधानसभा, राज्यपाल से की मुलाकात



**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल झारखंड विधानसभा पहुंचे, जहां पक्ष-विपक्ष के विधायकों और पुराने साथियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। सांसद ने झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर हजारीबाग स्थित विनोबा भावे विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति की नियुक्ति की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए स्थायी कुलपति की नियुक्ति जरूरी है। सांसद ने राज्यपाल से इस विषय पर जल्द निर्णय लेने का आग्रह किया।

### चौकीदार के 182 पदों पर अभ्यर्थियों का हुआ चयन, 7 मार्च को मिलेगा नियुक्ति पत्र

**हजारीबाग।** जिले में चौकीदार के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में मंगलवार को चौकीदारी नियुक्ति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सीधी नियुक्ति प्रक्रिया के तहत 182 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। अब इन चयनित अभ्यर्थियों को 7 मार्च को नियुक्ति पत्र सौंपा जाएगा। सभी चयनित अभ्यर्थियों को इस दिन सुबह 11 बजे स्थानीय टाउन हॉल, हजारीबाग में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। इसी स्थान पर नियुक्ति पत्र का वितरण किया जाएगा। बैठक में उपायुक्त नैंसी सहाय के साथ-साथ सदर एसडीओ लोकेश बारंगे, डीएसपी अमित कुमार, बरही एसडीओ जोहन टुडू, सामान्य शाखा प्रभारी शमां उस्मानी और डीपीआरओ रोहित कुमार उपस्थित रहे। इस बैठक में चौकीदार पदों के चयन की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई और अंतिम रूप से 182 अभ्यर्थियों के नामों की घोषणा की गई। इस निर्णय के साथ ही लंबे समय से रिक्त पड़े चौकीदार पदों को भरने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

### बीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में भाजपा पश्चिमी मंडल की सांगठनिक बैठक

**हजारीबाग।** भाजपा पश्चिमी मंडल की सांगठनिक बैठक मंगलवार को विष्णुगढ़ स्थित बीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के सभागार में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने की, जबकि संचालन महामंत्री सुनील कुमार मिश्रा ने किया। बैठक में प्रवासी प्रभारी इंद्रनारायण कुशवाहा की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों पर गहन चर्चा की। इस बैठक के दौरान विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अंतर्गत कुल 69 बूथों की गहनता से समीक्षा की गई और उनकी सूची तैयार की गई। बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत करने की रणनीति बनाई गई, ताकि आने वाले चुनावों में पार्टी की पकड़ और मजबूत हो सके। मंडल अध्यक्ष के चयन को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई। प्रवासी प्रभारी इंद्रनारायण कुशवाहा ने उपस्थित मंडल पदाधिकारियों और बूथ अध्यक्षों से कहा कि वे आपसी सहमति से तीन नाम तय करें या फिर किसी एक नाम पर सर्वसम्मति बनाकर मंडल अध्यक्ष का चयन करें।

# उपायुक्त का जनता दरबार, आमजनों की समस्याओं का होगा समाधान



संवाददाता

**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया, जहां उपायुक्त नैन्सी सहाय ने आमजनों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दरबार में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग एक दर्जन फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। इस दौरान बरही धोबी टोला के सिकंदर साव ने कुछ लोगों द्वारा जबरन गुमटी हटाने और धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई, जिस पर उपायुक्त ने तुरंत कार्रवाई का निर्देश दिया। वहीं, दारू प्रखंड की जरीना खातुन ने एलपीसी निर्गत कराने, विष्णुगढ़ के चेतलाल यादव ने भूमि अतिक्रमण की समस्या, मार्खम कॉलेज हनुमान नगर के सीताराम गुप्ता ने पीडीएस दुकान अपने पुत्र के नाम करने, नेहा कुमारी ने अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने और चौपारण के कैलाश प्रसाद ने दाखिल-खारिज की मांग को लेकर आवेदन दिया। इसके अलावा, सरैया पदमा की रिंकी देवी ने कस्तूरबा गांधी स्कूल पदमा में रसोइया के पद पर योगदान देने, परसी ईचाक के सुनील बैध ने बंदोबस्त कार्यालय से भूमि संबंधी दस्तावेज दिखाने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने इन सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच कर त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया।

## कोनार डैम का होगा कायाकल्प, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

संवाददाता

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड स्थित कोनार डैम की तस्वीर बदलने जा रही है। डीवीसी प्रबंधन ने डैम को फिर से एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। कोनार डैम की खूबसूरत वादियां पहले से ही सैलानियों की पसंद रही हैं, लेकिन बीते वर्षों में माओवादी गतिविधियों के चलते यह क्षेत्र वीरान हो गया था। डीवीसी के चेयरमैन एस सुरेश ने डैम के कायाकल्प के लिए एक विस्तृत योजना तैयार की है, जिसे अमल में लाने की जिम्मेदारी एडीजीएम व एचओपी राणा रंजीत सिंह को दी गई है। इसके तहत कोनार डैम में मत्स्य पालन, हॉर्टिकल्चर, बकरी पालन, सूअर पालन, पोल्ट्री फार्मिंग और रिसॉर्ट टूरिज्म सेंटर विकसित किया जाएगा। इसके अलावा, डैम के आइलैंड (टापू) का भी सुंदरीकरण किया जाएगा, जहां सैलानी नाव या रोपवे के जरिए पहुंच सकेंगे। रोपवे की सुविधा शुरू होने के बाद स्थानीय लोगों को इस रोमांच का अनुभव लेने के लिए हिमाचल प्रदेश या अन्य स्थानों पर जाने की जरूरत नहीं होगी। वर्तमान में कोनार डैम में सोलर पावर प्लांट का कार्य शुरू हो चुका है, जिससे आठ मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। इसके अलावा, हाइड्रो पावर प्लांट की भी संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। डीवीसी के अधिकारियों का कहना है कि इन सभी योजनाओं का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों को रोजगार देना और कोनार डैम को एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है, जिससे यह क्षेत्र फिर से अपनी पुरानी रौनक वापस पा सके।

## राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के हजारीबाग जिला अध्यक्ष बने कजरू साव



संवाददाता

**बड़कागांव।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० जी संजीवा रेड्डी के निर्देशन में संचालित झारखण्ड राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पाण्डेय एवं प्रदेश महासचिव महेन्द्र मिश्रा ने ट्रेड यूनियन के क्षेत्र में सक्रिय एवं सराहनीय योगदान को देखते हुए कजरू साव को भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक )की हजारीबाग जिला इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया है। इसके लिए प्रदेश महासचिव महेंद्र मिश्रा, प्रदेश सचिव धीरज सिंह, प्रदेश परवक्ता सुरजीत नागवाला, परमेशवर कुमार, अमरजीत कुमार,कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, अशोक देव,मणिकांत वर्मा, प्रमोद राम अर्जुन साव, वीरेंद्र कुमार, केडी सिंह, डॉ० प्रकाश, ओमप्रकाश गोप, रितलाल मण्डल, विनोद कुशवाहा, मुगेश्वर चौधरी, बेबी देवी, प्रकाश यादव, मोहम्मद रबानी, प्रवेज आलम, जावेद मालिक, ने जिला अध्यध को बधाई दी है। प्रदेश संयुक्त सचिव चन्द्रशेखर मिश्रा ने कहा कि कजरू साव के जिला अध्यक्ष बनने से मजदूरों की लड़ाई को बल मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष मिथलेश दुबे ने कहा कि मजदूरों के हित के लिए जो लड़ाई मैने शुरू की थी, उसे अंजाम तक पहुंचाने का काम कजरु साव करेगें। कजरू साव जैसे योग्य व्यक्ति को जिला अध्यक्ष बनाकर इंटक प्रदेश नेतृत्व का दिल से आभार व्यक्त किया गया है।

### अहरी जंगल में अवैध अफीम की खेती नष्ट, पुलिस ने कार्रवाई तेज की

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत अहरी जंगल में करीब 3 एकड़ में अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती को पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने नष्ट कर दिया। चौपारण थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों, सशस्त्र बलों और वन विभाग की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। अवैध खेती के खिलाफ यह अभियान नशे के अवैध व्यापार पर लगाम लगाने के उद्देश्य से चलाया गया। पुलिस ने बताया कि अवैध अफीम की खेती करने वालों की पहचान की जा रही है, और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। इस मामले में जल्द ही गिरफ्तारी भी हो सकती है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी इस तरह की अवैध गतिविधि हो रही हो, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि नशा कारोबार पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

## हजारीबाग में रड़े टैटू स्टूडियो का दूसरा ब्रांच खुला, डॉ. अमरदीप यादव ने किया उद्घाटन



संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर में टैटू प्रेमियों के लिए एक नई सौगात मिली है। शहर के मार्खम कॉलेज के समीप रड़े टैटू स्टूडियो के दूसरे ब्रांच का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ० अमरदीप यादव ने फीता काटकर इस नए टैटू स्टूडियो का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह के दौरान उन्होंने टैटू की परंपरा और इसके महत्व पर प्रकाश डाला।डॉ० अमरदीप यादव ने कहा कि टैटू बनवाने की परंपरा बहुत पुरानी है और इसका इतिहास नवपाषाण काल से जुड़ा हुआ है। दुनिया भर में कई संस्कृतियों में इसे अपनाया गया है और भारत में भी यह कला सांस्कृतिक, सामाजिक, धार्मिक और आध्यात्मिक मान्यताओं से जुड़ी रही है। उन्होंने कहा कि पुराने समय में टैटू पहचान, सुरक्षा और संस्कार का प्रतीक होते थे, लेकिन आधुनिक युग में यह एक फैशन और कला का रूप ले चुका है। खासकर शहरी क्षेत्रों में टैटू बनवाने का क्रेज तेजी से बढ़ा है और इसे पेशेवर रूप से अपनाने वाले कलाकारों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान भी मिल रही है। टैटू स्टूडियो के संचालक सोनू वर्णवाल ने उपस्थित मीडियाकर्मियों और अन्य लोगों को बताया कि टैटू बनवाने की प्रक्रिया में विशेष स्याही, रंग और पिगमेंट का उपयोग किया जाता है, जिसे त्वचा की डर्मिस परत में डालकर डिजाइन तैयार किया जाता है। पहले केवल स्थायी टैटू बनाए जाते थे, लेकिन अब नई तकनीक की मदद से अस्थायी और स्थायी दोनों प्रकार के टैटू बनाए जा सकते हैं। टैटू स्टूडियो में पुराने अस्थायी टैटू हटाने की भी सुविधा उपलब्ध है। टैटू कलाकार यहां पारंपरिक और आधुनिक दोनों प्रकार की तकनीकों का उपयोग करके विभिन्न डिजाइन तैयार करते हैं, जिनमें हाथ से बनाए गए टैटू और इलेक्ट्रॉनिक टैटू मशीनों से बने टैटू शामिल हैं। उद्घाटन के मौके पर बड़ी संख्या में युवा, कला प्रेमी और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## डीवीसी के निजीकरण के खिलाफ श्रमिक यूनियन का प्रदर्शन



संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में डीवीसी श्रमिक यूनियन की हजारीबाग यूनिट का 12 वां सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा डीवीसी के निजीकरण की कोशिशों का विरोध किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन यूनियन के अखिल भारतीय महासचिव अभिजीत राय ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार डीवीसी को ट्रांसमिशन, डिस्ट्रीब्यूशन और जनरेशन के नाम पर तीन भागों में बांटकर निजी हाथों में देना चाहती है। उन्होंने कहा कि डीवीसी की स्थापना बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई और दामोदर नदी क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए की गई थी, लेकिन अब यह सिर्फ बिजली बेचने तक सीमित हो गई है।सम्मेलन में वक्ताओं ने कर्मचारियों के लिए स्मार्ट मीटर अनिवार्य करने का विरोध किया और कहा कि इससे मजदूरों को भारी आर्थिक नुकसान होगा। उन्होंने 2013 के बाद से किसी भी कर्मचारी की बहाली न होने पर भी चिंता जताई। डीवीसी को बचाने के लिए आंदोलन को तेज करने का संकल्प लिया गया। सम्मेलन में विजय कुमार चौधरी को सचिव और हरेंद्र सरकार को अध्यक्ष चुना गया।

## चार दिनों से अंधेरे में डूबा संत कोलंबा कॉलेज, छात्रों का हंगामा



संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के संत कोलंबा कॉलेज में पिछले चार दिनों से बिजली नहीं है, जिससे पढ़ाई पूरी तरह से बाधित हो गई है। इस समस्या को लेकर झारखंड छात्र मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बिमल रेबन से मुलाकात की और जल्द समाधान की मांग की।छात्रों ने कहा कि बिजली न होने से न सिर्फ कक्षाएं प्रभावित हो रही हैं, बल्कि पीने के पानी और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी भारी संकट है। छात्राओं ने कॉमन रूम की दुर्दशा पर भी नाराजगी जताई। छात्र मोर्चा के नेता शाहनवाज अहमद ने महाविद्यालय में इंडोर गेम्स जैसे चेस, कैरम बोर्ड, स्नूकर और टेबल टेनिस की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। प्राचार्य डॉ० बिमल रेबन ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाएगा। इस दौरान झारखंड छात्र मोर्चा के विवेक शर्मा, शाहनवाज अहमद, आयुष सिंह, रवि राज, प्रियांशु ओझा, संजय यादव, सुमित यादव, अमीषा यादव, उर्मिला यादव समेत कई छात्र उपस्थित रहे।

## विधायक प्रदीप प्रसाद ने वकीलों की दुर्दशा पर सदन में उठाई आवाज



संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा में वकीलों की बदहाल स्थिति पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि झारखंड के 36 बार एसोसिएशनों में लगभग 35,000 वकील काम करते हैं, लेकिन उनके पास बुनियादी सुविधाओं का भारी अभाव है। उन्होंने बताया कि अधिकांश बार एसोसिएशन परिसरों में शौचालय, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, वाई-फाई, पुस्तकालय, सुरक्षा और पार्किंग जैसी आवश्यक सुविधाएं नहीं हैं। विधायक ने सरकार से मांग की कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को जल्द लागू किया जाए ताकि वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही, उन्होंने वकीलों के लिए जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा और आकस्मिक दुर्घटना बीमा जैसी योजनाओं को लागू करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि जब तक वकीलों को बेहतर कार्य वातावरण नहीं मिलेगा, तब तक वे न्याय प्रक्रिया में प्रभावी योगदान नहीं दे पाएंगे। सरकार को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल ठोस कदम उठाने चाहिए।

**बैठक** झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

# हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन होंगे शामिल



संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपने आगामी स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर हजारीबाग में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में संगठन को और मजबूत करने के साथ-साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक की अध्यक्षता झामुमो के केंद्रीय सचिव एवं हजारीबाग जिला संयोजक संजीव बेदिया ने की। इस अवसर पर नव-नियुक्त प्रखंड अध्यक्ष और सचिव का स्वागत किया गया। संजीव बेदिया ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की अपील की। बैठक में झामुमो कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने 4 अप्रैल को होने वाले पार्टी के स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। यह कार्यक्रम हजारीबाग में बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गानडेय विधायक कल्पना सोरेन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। पार्टी कार्यकताओं को निर्देश दिया गया कि वे स्थापना दिवस समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी ताकत से जुट जाएं। इस अवसर पर झामुमो के वरिष्ठ नेता, जिला और प्रखंड स्तर के पदाधिकारी, युवा मोर्चा कार्यकर्ता और कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने संगठन को और मजबूत करने तथा स्थापना दिवस को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान संगठन विस्तार, पार्टी की रणनीति और जनसंपर्क अभियानों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। कार्यकताओं को निर्देश दिया गया कि वे अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ें और स्थापना दिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकताओं एवं समर्थकों की भागीदारी सुनिश्चित करें।

## पुलिस के द्वारा अवैध बालू ट्रैक्टरों से पैसा वसूलने का वीडियो आया सामने

संवाददाता

**हजारीबाग।** रविवार रात्रि को बड़कागांव-हजारीबाग मुख्य सड़क से ले जा रहें ट्रैक्टरों के द्वारा अवैध बालू से पुलिस के द्वारा रूपए वसूलने का वीडियो सामने आया। वहीं एक ट्रैक्टर ड्राइवर ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि हर दिन की भांति उस दिन भी कटकमदाग पुलिस के द्वारा ट्रैक्टरों से अवैध बालू के एवज में रुपए लिया जा रहा था। घटनाक्रम को बगल में खड़ी गाड़ी में बैठे किसी व्यक्ति ने वीडियो बना लिया। वीडियो में तीन लोग दिख रहें हैं। जिसमें दो पुलिस के वर्दी में दिखाई दे रहे हैं और एक बिना वर्दी के व्यक्ति सड़क के किनारे में खड़ा है और वर्दी वाले पुलिस व्यक्ति पॉवर ट्रैक ट्रैक्टर वाले ड्राइवर से चलती गाड़ी से रुपए ले रहे हैं। वहीं अगले सुबह बड़कागांव प्रखंड के किसी व्यक्ति के द्वारा तीन-चार ग्रुपों में वीडियो वायरल कर दिया जाता है। लेकिन कुछ ही घंटे में वीडियो को डिलीट फोरईवरीवन करके हटा दिया जाता है। जब तक वीडियो को डिलीट किया जाता है तब तक कई लोगों ने वीडियो को सुरक्षित अपने कब्जे में कर रखा था। वहीं पुलिस तथा बालू माफियां के द्वारा वीडियो को डिलीट कराने की सूचना मिल रही है। वहीं बाद में कई ड्राइवर तथा गाडी मालिकों के द्वारा बताया गया कि बड़कागांव से हजारीबाग जाने में तीन थाना क्षेत्र पड़ता है और तीनों थाना क्षेत्र के पुलिस अपने-अपने क्षेत्र में अवैध बालू का रुपए लेतें हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन संपन्न



**गोड्डा।** स्थानीय नगर भवन में झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर , जिला पंचायती राज पदाधिकारी पंकज कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिला टुडू, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार सहित अन्य गणमान्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त के द्वारा मुखियाओं से ग्रामीण विकास कार्य के अलावा शिक्षा और अन्य सामाजिक विषयों पर भी ध्यान देने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर योग्य बच्चों का कस्तूरबा गांधी विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना और सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचाना आपकी अहम जिम्मेदारी है। आगे बताया कि गांवों में हर बच्चों को नई शिक्षा नीति से जोड़ने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। मध्यान्ह भोजन योजना, शिक्षकों की उपस्थिति, स्कूल प्रबंधन समितियों के चुनाव आदि में मुखियाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उपायुक्त ने पलायन के कारण शिक्षा से वंचित बच्चों के लिए विशेष शिक्षण व्यवस्था करने , दिव्यांग बच्चों की पहचान कर उन्हें शिक्षा से जोड़ने तथा लड़कियों की शिक्षा को प्राथमिकता देने और उनके सशक्तिकरण में योगदान देने के निर्देश दिए। मौके पर संबंधित पंचायतो के मुखियागण सहित सीआरसी, बीआरसी मौजूद रहे।

### रोहतास में युवक की गोली मारकर हत्या

**डेहरी आन सोन।** बिहार में रोहतास जिले के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के डुमरांव नहर के किनारे करियवाबाल-धारूपुर के समीप एक 26 वर्षिय युवक की गोली मारकर अपराधियों ने हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार मृतक युवक बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के बरना निवासी राम सिंहासन सिंह का पुत्र दीपक कुमार है। सोमवार को वे बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के नुआंव गांव में अपने बहन के घर गए थे। मंगलवार की सुबह उनका शव मिला है। एसडीपीओ कुमार संजय ने बताया कि घटनास्थल को देखकर ऐसा लग रहा है कि उनकी हत्या यहीं हुई है। वे बालू और रुपये लेन देन का काम करते थे। अभी उनके स्वजन कुछ बता नहीं रहे हैं। एफएसीएल की टीम को बुलाया गया है। घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस पहुंच गई है।

### 123 लीटर विदेशी शराब के साथ कार पर सवार मधुबनी के दो युवक गिरफ्तार

**अररिया।** जिले की जोकीहाट थाना पुलिस ने कार पर सवार दो युवकों को भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों युवक मधुबनी जिला के रहने वाले है और सिलीगुड़ी से किशनगंज होते हुए अररिया की ओर आ रहा था। इसी क्रम में जोकीहाट के हड़वा चौक के पास पुलिस की ओर से लगाए गए वाहन चेकिंग के क्रम में जब गाड़ी को रोकने की इशारा पुलिस के द्वारा की गई तो कार को लेकर भागने लगे। आगे गाड़ी खड़ी कर दो युवक भागने लगे, जिसे पुलिस ने खदेडकर पकड़ा। कार का बायां साइड का टायर फटा हुआ था, जिसके कारण तेजी से गाड़ी भगा पाने में चालक विफल हो गया। पुलिस ने मधुबनी जिला के मधेपुर थाना क्षेत्र के रामचंद्र वार्ड संख्या एक के रहने वाले 30 वर्षीय संजीत कुमार पिता राजकुमार महतो और दूसरा मधुबनी जिला के ही अररिया संग्राम वार्ड संख्या 8 के 38 वर्षीय जगतलाल महतो (पिता स्व. लक्ष्मी महतो) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गाड़ी से अलग अलग ब्रांडों के 123 लीटर विदेशी शराब बरामद किया।

### कालीघाट स्काईवॉक का उद्घाटन 14 अप्रैल को होगा

**कोलकाता।** कालीघाट स्काईवॉक के उद्घाटन की तिथि 14 अप्रैल तय की गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को नबान्न में एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। काम शुरू होने के लगभग तीन साल बाद स्काईवॉक का उद्घाटन होने वाला है। इसका निर्माण कोलकाता नगरपालिका द्वारा किया गया है। इसके अलावा, वहां के हकर के पुनर्वास के लिए एक नया हकर बाजार बनाया गया है। मुख्यमंत्री इसका उद्घाटन भी करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि 12 मार्च को धनधान्य स्टेडियम में दोल एवं होली महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। 14 मार्च को दोल पूर्णिमा है। अगले दिन होली है। इस आयोजन की घोषणा इसी अवसर पर की गई है। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में स्वयं मुख्यमंत्री भी उपस्थित रहेंगे। ममता बनर्जी ने इस आयोजन के आयोजन की रूपरेखा भी तय कर ली है। सोमवार को मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी कोलकाता नगर पालिका को सौंपी। उन्होंने यह भी बताया कि उस दिन कौन से गाने बजाए जाएंगे। इसके अलावा वहां डांडिया का आयोजन करने को भी कहा गया है। मुख्यमंत्री ने वहां सभी को आमंत्रित किया है, चाहे उनकी जाति, धर्म, जाति या समुदाय कुछ भी हो।

### हावड़ा में दुआरे पौरसभा की शुरुआत

**कोलकाता।** हावड़ा नगर पालिका में सोमवार को 'दुआरे पौरसभा' शिविर शुरू हुआ। नये ट्रेड लाइसेंस जारी करने और लाइसेंस नवीनीकरण के लिए यह शिविर 12 मार्च तक जारी रहेगा। उस दिन जो व्यापारी अपने पुराने लाइसेंस का नवीनीकरण कराने आए थे, उनका काम महज आधे घंटे में ही हो गया। शिविर में नए लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में जानने के लिए आए व्यापारियों को भी सहायता प्रदान की गई। हावड़ा नगर पालिका ने मुख्य रूप से 'दुआरे पौरसभा' शिविर के माध्यम से राजस्व बढ़ाने की पहल की है। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में संपत्ति कर वसूलने के लिए भी ऐसी ही व्यवस्था लागू की जाएगी।

### एक ही नंबर के दो आधार कार्ड, नरसिंहपुर में दो भाई असमंजस में

**कोलकाता।** एक तरफ जहां पूरे राज्य में फर्जी वोटरों के मुद्दे पर बहस चल रही है, वहीं नरसिंहपुर, ब्लॉक नंबर 1, सिउरी में आधार कार्ड से जुड़ी एक घटना सामने आई है। उस गांव के दो भाइयों गोविंद महरा और रवींद्र महरा के आधार कार्ड भले ही अलग-अलग हों, लेकिन दोनों के कार्ड पर दिए गए नंबर एक ही हैं! परिणामस्वरूप, प्रशासनिक दस्तावेजों में उनकी पहचान को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है। वे लंबे समय से सरकारी विभागों और स्थानीय पंचायत कार्यालयों को इस समस्या से अवगत कराते हुए समाधान की मांग कर रहे हैं। लेकिन ऐसी शिकायत कि कोई समाधान नहीं हुआ है। आधार कार्ड नंबर एक ही होने के कारण उन्हें विभिन्न सरकारी सेवाओं से भी वंचित होना पड़ रहा है। उन्हें राशन, बैंक सेवाएं, पेंशन या अन्य सरकारी लाभ प्राप्त करने में भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक कि आधार आधारित दस्तावेजों के सत्यापन के दौरान भी उनकी पहचान को लेकर संदेह जताया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आधार सुधार के लिए बार-बार आवेदन करने के बावजूद सुधार संभव नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि आधार सुधार केंद्र जाने से कोई फायदा नहीं हुआ। इससे उनके दैनिक जीवन में समस्याएं पैदा हो रही हैं। मुख्यमंत्री के आदेश पर जहां फर्जी मतदाताओं की पहचान का काम शुरू हो गया है, वहीं एक ही नंबर के दो आधार कार्ड का मामला सामने आने के बाद नया विवाद शुरू हो गया है। आम जनता के अनुसार यह प्रशासनिक लापरवाही का बड़ा उदाहरण है।

### उपायुक्त ने आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

# राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव के सफल आयोजन में सभी का सहयोग व सहभागिता अपेक्षित : उपायुक्त

संवाददाता



**देवघर।** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर की अध्यक्षता में बाबा बैद्यनाथ महोत्सव, 2025 के आयोजन को लेकर समीक्षात्मक बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गई कि तीन दिवसीय बाबा बैद्यनाथ महोत्सव का आयोजन स्थानीय केकेएन स्टेडियम देवघर में किया जायेगा। इसको लेकर 06, 07 एवं 08 मार्च, 2025 की तिथि निर्धारित की गयी है। ऐसे में संबंधित विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ महोत्सव से जुड़े कार्यों को ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें, ताकि राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव सभी के लिए अविश्वरणीय रहे।

इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त विशाल सागर ने विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्लान के अलावा आमजनों की सुविधा, बैठने की व्यवस्था, भव्य पंडाल, अतिथि आवासन, साफ-सफाई, पेयजल एवं शौचालय, विद्युत व्यवस्था, जुड़े बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों व कार्यपालक अभियंताओं को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। साथ ही आगे उपायुक्त ने महोत्सव को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के साथ स्थानीय स्कूली बच्चों को महोत्सव से जोड़ने का निदेश दिया। साथ ही उपायुक्त ने महोत्सव के दौरान वाहनों के पड़ाव स्थल हेतु क्लब ग्राउंड और सर्राफ स्कूल कैम्पस को चिन्हित कर आवश्यक व्यवस्था व सुरक्षा इंतजाम को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। आगे महोत्सव के दौरान डमरू वादन, भरत नाट्यम, राजकीय छऊ नृत्य, संथाली नृत्य, बिहु लोकनृत्य, कवि सम्मेलन, राजस्थानी लोकनृत्य कलबेलिया, भजन, ओड़िसा की पारम्परिक लोकनृत्य के साथ बॉलीवुड के मशहुर गायिकों के द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जायेगी।

#### राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव का 06 मार्च को होगा भव्य उद्घाटन

बैठक के दौरान उपायुक्त विशाल सागर द्वारा जानकारी दी कि गई कि मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग व पर्यटन कला संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग सुदिव्य कुमार द्वारा राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव, 2025 का उद्घाटन दिनांक 06 मार्च को अपराह्न 04:00 बजे स्थानीय के. के.एन स्टेडियम में किया जाएगा। इसके अलावा तीन दिवसीय राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव को लेकर संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया कि अलग-अलग दिन के लिए अलग-अलग थीम पर आधारित आयोजन किया जाय, ताकि महोत्सव में बड़ी संख्या में लोगों को जोड़ा जा सके। साथ हीं कार्यक्रम के तहत फ्लावर शो, थ्री डी शो, फूड कोर्ट के अलावा स्कूल व कॉलेज के बच्चों एवं युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया कि कार्यक्रम की भव्यता को ध्यान में रखते हुए बैद्यनाथ महोत्सव की सारी तैयारियों को ससमय पूर्ण कर लिया जाय।

#### स्थानीय कला के साथ लोक कलाओं को मिलेगा बढ़ावा

भारत में लोक कला और संस्कृति की एक समृद्ध परंपरा रही है, और राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव के माध्यम से उन पारंपरिक लोक नृत्य विधाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही महोत्सव का उद्देश्य स्थानीय कलाकारों के अलावा लोक कलाओं को बढ़ावा देना और लोक कलाकारों को एक मंच प्रदान करना है, ताकि वे अपनी कला को और अधिक लोगों तक पहुंचा सकें और लोगों को अपने संस्कृति से रूबरू कराया जा सके।

बैठक में उपरोक्त के अलावे नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, नजारत उपसमार्ता शैलेष कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी अमर जॉन आइन्द, जिला आपूर्ति पदाधिकारी नरेश रजक, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा मुकेश कुमार, ट्रैफिक डीएसपी श्री लक्ष्मण प्रसाद, कोषागार पदाधिकारी राकेश कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी रणवीर कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी बिनोद कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक मधुकर कुमार, जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित अधिकारी, अभियंता आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में पशुपालन एवं गव्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

संवाददाता



**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में पशुपालन एवं गव्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपायुक्त ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार सृजन, पशु उत्पादकता में वृद्धि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में चल रही योजनाओं की जानकारी ली। इस योजना के तहत गौ पालन, बकरी पालन, सूअर पालन, कुक्कुट पालन एवं बत्तख पालन जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं शामिल हैं।

उपायुक्त ने बकरा विकास योजना, सूअर विकास योजना, बैकयार्ड लेयर कुक्कुट योजना, बॉयलर कुक्कुट पालन योजना, बत्तख चूजा वितरण योजना, गव्य विकास योजना एवं मिनी डेयरी योजना के तहत लाभुकों को समय पर लाभ देने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने हस्त एवं विद्युत चलित चैफ कटर वितरण, प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता एवं तकनीकी इनपुट सामग्रियों के वितरण की भी समीक्षा की।

उपायुक्त ने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों को समय पर मिले ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा देकर आजीविका के साधन को मजबूत किया जा सके।

बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी दिनेश कुमार सिंह, जिला गव्य विकास पदाधिकारी संतलाल प्रसाद सहित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 'विकसित बिहार' के लिए समर्पित बजट को पचा नहीं पा रहा है विपक्ष : उमेश कुशवाहा

एजेंसी



**पटना।** बिहार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को बयान जारी कर विपक्ष को जमकर लताड़ लगाई। उन्होंने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि लूट-खसोट की मानसिकता से ग्रसित विपक्ष 'विकसित बिहार' के लिए समर्पित सर्व-समावेशी बजट को पचा नहीं पा रहा है। 15 वर्षों तक सत्ता में रहते हुए बिहार को बेहाल, बदहाल और बीमारू बनाने वाले को बजट पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान बजट पर बेतुके और अनर्गल प्रश्नचिन्ह खड़े करने के बजाए राजद को अपने 15 वर्षों के बजट का लेखा-जोखा भी जनता के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए, जिससे सबकुछ दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अपनी नकामियों को छिपाने के लिए जनता की आँखों में धूल झोंकना, झूठ बोलना और दुष्प्रचार करना राजद की पुरानी कार्य-संस्कृति रही है, जिसे अब प्रदेश की जनता भी समझ चुकी है।

उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि परिवार हित वाली राजनीति में सिकुड़ी राष्ट्रीय जनता दल को बिहार हित से कभी कोई वास्ता नहीं रहा है। लालू परिवार की प्राथमिकता केवल स्वयं की तरक्की और विकास तक सीमित है। जबकि हमारे नेता माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार समूचे बिहारवासियों को अपना परिवार मानकर लोक-कल्याण की दिशा में निरंतर कार्य करते हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 बजट की महत्ता का पता इसी बात से चलता है कि वर्ष 2005-06 में पूरे बिहार का बजट महज 23 हजार करोड़ रुपये का था लेकिन सोमवार को पेश हुए बजट में केवल शिक्षा के लिए 60 हजार करोड़ से अधिक की राशि तय की गई है। उन्होंने कहा कि चरवाहा विद्यालय की सोच से प्रेरित राजद नेताओं को बजट पर अनावश्यक ज्ञान बांचने से बचना चाहिए।

श्री कुशवाहा ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में समाज के सभी तबकों का समुचित ख्याल रखा गया है। बजट का प्रारूप विकसित बिहार के प्रति मजबूत संकल्प को दर्शाता है।

## डॉ दिलीप जायसवाल फिर बने भाजपा बिहार के अध्यक्ष

एजेंसी



**पटना।** बिहार प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर एक बार फिर से डॉ दिलीप जायसवाल की ताजपोशी हुई है। पटना के बापू सभागार में मंगलवार को हुई प्रदेश परिषद की बैठक में औपचारिक तौर पर उनके नाम का ऐलान किया गया।

डॉ जायसवाल ने सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया है। बिहार चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने अपनी रणनीति को मजबूत करने के लिए मंगलवार को पटना में प्रदेश परिषद की बैठक आयोजित की है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की तैयारियों को अंतिम रूप देना और संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना है। बैठक में प्रदेश परिषद के प्रभारी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने अध्यक्ष के लिए दिलीप जायसवाल के नाम की घोषणा की। इस दौरान भाजपा प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, सह प्रभारी दीपक प्रकाश, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, सांसद राधा मोहन सिंह, रविशंकर प्रसाद, संजय जायसवाल मौजूद रहे।

### फराक्का में संयुक्त सर्वेक्षण कार्य शुरू

## भारत-बांग्लादेश 'गंगा जल बंटवारा समझौते' का भविष्य क्या है?

संवाददाता

**कोलकाता।** भारत-बांग्लादेश 'गंगा जल बंटवारा समझौता' 2026 में समाप्त होने वाला है। इस समझौते का भविष्य क्या है? यह सब भविष्य में दोनों देशों के बीच राजनीतिक संबंधों पर निर्भर करता है। मंगलवार को दोनों देशों के छह उच्चस्तरीय प्रतिनिधियों ने मुर्शिदाबाद के फराक्का में गंगा नदी और सहायक नहरों के जल स्तर का निरीक्षण किया। दोनों देशों की नदी समितियों की 86वीं संयुक्त बैठक 6 और 7 तारीख को कोलकाता में आयोजित होने वाली है। इस महत्वपूर्ण समझौते का भविष्य वहां निर्धारित हो सकता है। सोमवार की रात मोहम्मद अब्दुल होसैन के नेतृत्व में सात सदस्यीय बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल कोलकाता से ट्रेन द्वारा फराक्का पहुंचा।

मंगलवार की सुबह प्रतिनिधिमंडल के सदस्य स्टीमर पर सवार हुए और गंगा नदी के बहाव क्षेत्र में पानी की गति और गहराई सहित विभिन्न तकनीकी पहलुओं का निरीक्षण किया। बताया जा रहा है कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्र सरकार के नदी बाढ़ प्रबंधन के संयुक्त आयुक्त शरत चंद्र कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल में फराक्का बांध परियोजना के महाप्रबंधक आर.डी. देशपांडे सहित कई शीर्ष अधिकारी शामिल हैं। बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। हालाँकि, इस सर्वेक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों ने कहा कि समझौते को नवीनीकृत नहीं किया जाना चाहिए।

दोनों देशों के बीच आपसी समस्याओं के समाधान के लिए 1972 में भारत-बांग्लादेश 'संयुक्त नदी आयोग' का गठन किया गया था। 1996 में जब केंद्र में देवेगौड़ा सरकार सत्ता में थी, तब बांग्लादेश की हसीना सरकार के साथ 30 वर्षों की अवधि के लिए भारत-बांग्लादेश गंगा जल बंटवारा समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। जो अगले साल समाप्त होने जा रहा है। बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले मोहम्मद अब्दुल होसैन ने कहा, 'यह एक नियमित बैठक है।'

हर वर्ष दोनों देशों के प्रतिनिधि संयुक्त 'यात्रा' पर आते हैं। यह भी इसका एक हिस्सा है। 6 तारीख को कोलकाता में गंगा समझौते के कार्यान्वयन पर बैठक होगी और 7 तारीख को तकनीकी समिति की बैठक होगी। भारत की ओर से फराक्का बांध परियोजना के महाप्रबंधक आर.डी. देशपांडे ने कहा, 'मौजूदा अनुबंध दिसंबर में समाप्त हो रहा है।' समझौते के अनुसार, उच्च पदस्थ बांग्लादेशी अधिकारी निरीक्षण के लिए वर्ष में एक बार फराक्का आते हैं। 'यह एक रुटीन बैठक है।'

## कस्बा के हालतू में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत, पति-पत्नी और बच्चे के फंदे से लटके शव बरामद

संवाददाता



**कोलकाता।** टांगरा मामले में काफी हंगामा मचा हुआ है। इस बीच, कोलकाता में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की रहस्यमयी मौत से फिर खलबली मच गई है। बताया जा रहा है कि कसबा के हालतू में पिता, माता और नवजात बेटे के लटकते शव बरामद किए गए हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, मंगलवार को हालतु पूर्ब पल्ली इलाके में एक घर की पहली मंजिल से तीन लोगों के शव बरामद किए गए। 40 वर्षीय सोमनाथ रॉय अपने परिवार के साथ उस मकान में रहते थे। घर में सोमनाथ के अलावा उनकी पत्नी सुमित्रा (35) और ढाई साल का बेटा रुद्रनील रहते थे। तीनों मंगलवार को फांसी पर लटके पाए गए।

खबर मिलते ही कसबा थाने की पुलिस हालतु पूर्ब पल्ली स्थित घर पहुंची। पुलिस ने शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत का कारण क्या है? इसके बारे में रहस्य बढ़ता जा रहा है। जांच के दौरान पुलिस को मृतक के घर से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ। हालाँकि, उनका बयान अभी तक ज्ञात नहीं है। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि यह आत्महत्या थी।

पड़ोसियों ने बताया कि पेशे से ऑटो चालक सोमनाथ रॉय आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। घर के सामने लेनदारों की संख्या बढ़ती जा रही थी। उनके पास पहले कई कारें हुआ करती थीं, लेकिन हाल ही में उन्होंने उन्हें बेचकर एक नई कार खरीदी, जिसे अब वह चलाते थे। उस दबाव से बचने के लिए सोमनाथ रॉय ने अपने परिवार के साथ आत्महत्या करने का विकल्प चुना।

पुनः, कुछ पड़ोसियों का दावा है कि सोमनाथ अक्सर कहा करता था, 'मैं या तो जीवित रहूंगा या मर जाऊंगा।' जमीन विवाद की भी जानकारी सामने आ रही है। कुछ लोगों ने काले जादू का उल्लेख किया है। एक रिश्तेदार का दावा है कि सोमनाथ बाबू का परिवार के अन्य सदस्यों के साथ संपत्ति विवाद चल रहा था। इस मौत के पीछे अशांति भी कारण हो सकती है। जो कि लगातार रहस्यमय होता जा रहा है। हालांकि, पुलिस एक ही परिवार के तीन सदस्यों के शव बरामद होने के पीछे की असली वजह की जांच कर रही है।

## फर्जी सिम कार्ड कारोबार में संलिप्तता के आरोप में दो गिरफ्तार, नकदी जब्त

संवाददाता



**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस के साइबर थाने ने फर्जी सिम कार्ड कारोबार में कथित रूप से शामिल होने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फर्जी सिम कार्ड मामले में पिछले महीने छापेमारी कर आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ के बाद सोमवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से बड़ी मात्रा में सिम कार्ड, नकदी और विभिन्न सिम एक्टिवेशन उपकरण बरामद किए गए। लालबाजार सूत्रों के अनुसार, 24 और 25 फरवरी को हमने शहर में विभिन्न जगहों पर छापेमारी की और आठ लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों के पास से 729 सक्रिय और अप्रयुक्त सिम कार्ड, नौ बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण मशीनें और अन्य सामान बरामद किए गए। गिरफ्तार लोगों से पूछताछ से प्राप्त सूत्रों के अनुसार सोमवार को तिलजला थाना क्षेत्र में छापेमारी की गयी। उस समय शुवेन्दु गायेन नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। आरोपी शुवेंदु पीओएस ऑपरेटर के रूप में काम करता था। वे आम ग्राहकों की जानकारी का उपयोग करके अवैध रूप से सिम कार्ड सक्रिय करते थे और उन्हें धोखेबाजों को ऊंचे दामों पर बेच देते थे। पुलिस ने उसके पास से 1,222 सक्रिय और अप्रयुक्त सिम कार्ड (विभिन्न दूरसंचार कंपनियों के), लगभग दो लाख रूपए नकद, तीन मोबाइल फोन और एक फिंगरप्रिंट स्कैनर जब्त किया।

पुलिस शुवेंदु से पूछताछ कर रही है और फर्जी सिम डीलर को पकड़ने के लिए जाल बिछाई। वह व्यक्ति आरोपी से फर्जी सिम कार्ड लेने आ रहा था। उसे निर्धारित समय और स्थान पर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तथा उसकी संलिप्तता की पुष्टि होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम जितेन्द्र अग्रवाल है। पुलिस ने उसके पास से 52 सक्रिय सिम कार्ड, 2 फिंगरप्रिंट स्कैनर, 43,500 रूपए नकद और एक मोबाइल फोन जब्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### पलामू सेंट्रल जेल में कैदी की संदिग्ध मौत, जेल प्रशासन पर लगे गंभीर आरोप



**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर स्थित पलामू सेंट्रल जेल में बंद कैदी साबिर अंसारी की मौत को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव और पूर्व विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने इस मौत के लिए सीधे तौर पर जेल प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है।रूचिर तिवारी ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब सेंट्रल जेल में किसी कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। इससे पहले भी एक कैदी की मौत हो चुकी है, लेकिन जेल प्रशासन ने इससे कोई सबक नहीं लिया। उन्होंने सवाल उठाया कि साबिर अंसारी की मौत गमछा से फांसी लगाकर हुई है या यह किसी साजिश का हिस्सा है, इसकी गहन जांच होनी चाहिए। उन्होंने जेल प्रशासन पर भ्रष्टाचार और कैदियों के साथ अमानवीय व्यवहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जेल में कैदियों को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं दी जा रही हैं, भोजन की गुणवत्ता बेहद खराब है और जेल अधिकारी कैदियों से अवैध वसूली कर रहे हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, पलामू जिला परिषद ने इस मामले की न्यायिक जांच की मांग की है। पार्टी का कहना है कि दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का सम्मान सह होली मिलन समारोह कल



**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा पलामू प्रमंडल की ओर से सम्मान सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम मेदिनीनगर के पलामू क्लब में होगा, जिसमें गढ़वा, लातेहार और पलामू जिले के हजारों आंदोलनकारी शामिल होंगे। झारखंड आंदोलन के संघर्ष को आगे बढ़ाने और आंदोलनकारियों को एकजुट करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान महासचिव पुष्कर महतो मुख्य अतिथि होंगे। इसके अलावा, कई केंद्रीय नेता रांची से पहुंचेंगे। समारोह में पारंपरिक होली गीत और वाद्ययंत्रों के माध्यम से लोगों का मनोरंजन किया जाएगा। साथ ही, नव-नियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार ने झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार ने अपने वित्तीय बजट में आंदोलनकारियों के सम्मान के लिए कोई प्रावधान नहीं किया है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री और उनके मंत्री केवल खोखले वादे कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 24 मार्च तक सरकार कोई ठोस घोषणा नहीं करती है, तो आंदोलनकारी उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

### मुखिया ने भेजुआ विद्यालय में 27 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरित की

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज प्रखंड के सलैया पंचायत अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, भेजुआ में 27 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरित की गई। यह साइकिलें कल्याण विभाग की ओर से दी गई थीं, जिनका वितरण मंगलवार को पंचायत की मुखिया कमला देवी ने किया।मुखिया कमला देवी ने साइकिल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा सर्वोपरि है और स्कूल की दूरी को कम करने के लिए साइकिल एक महत्वपूर्ण साधन है। इससे छात्रों का समय बचेगा, जिससे वे अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। उन्होंने इसे ₹उन्नति का पहिया₹ बताते हुए कहा कि यह छात्रों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने में मदद करेगा। इस अवसर पर भाजपा नेता सह समाजसेवी सनोज गुप्ता, विद्यालय के शिक्षक राजेंद्र राम, सहायक अध्यापक रवि रंजन कुमार, समाजसेवी संदीप सिंह, विनय प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### कांडी में महिला से दुष्कर्म का मामला, दो आरोपी गिरफ्तार

**गढ़वा।** कांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है, जिसमें पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।कांडी थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि कांड संख्या- 20/25, दिनांक 4 मार्च को दर्ज किया गया था। इस मामले में प्राथमिकी अभियुक्त ओम प्रकाश राम (पिताः मुखन राम) और नागेंद्र मेहता उर्फ नागेंद्र प्रसाद (पिताः विष्णुदेव मेहता), दोनों निवासी घुरुआ, के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।पीड़िता ने बताया कि ओम प्रकाश राम ने शादी का झांसा देकर उसे भगा लिया था, जहां से पुलिस ने दोनों को बरामद किया। वहीं, नागेंद्र मेहता पर पीड़िता के साथ जबरन दुष्कर्म कर धमकी देने का आरोप है।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर मामले की त्वरित जांच की गई और दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।नागेंद्र मेहता एक निजी विद्यालय में शिक्षक के रूप में कार्यरत था।इसके अलावा, कांडी थाना कांड संख्या- 15/23 (आर्म्स एक्ट और उछअ 17) के तहत एक पुराने वारंटी दिलीप पासवान उर्फ दीपक (पिताः संजय पासवान, निवासी बांसडीह खुर्द, थाना केतार, जिला गढ़वा) को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# कृषि फॉर्म विकसित करने में शिथिलता पर उपायुक्त की कड़ी नाराजगी

### दो एजेंसियों पर होगी कार्रवाई



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला के तहत विकसित किए जा रहे कृषि फॉर्म के कार्य में शिथिलता बरते जाने पर उपायुक्त शशि रंजन ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इस कार्य में लगी दो कार्यकारी एजेंसियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सेंटर ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट को चेतावनी पत्र भेजने और एक माह के भीतर कार्य में आवश्यक सुधार नहीं करने की स्थिति में उसे टर्मिनेट करने का निर्देश दिया है। वहीं, प्रगति एजुकेशन एकेडमी के कार्य प्रगति की भौतिक निरीक्षण और जांच के लिए उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला अभियंता, मत्स्य पदाधिकारी और डीएमएफटी के यंग प्रोफेशनल शामिल होंगे। यह बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई, जिसमें उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला अभियंता, मत्स्य पदाधिकारी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने कहा कि पलामू जिले में कृषि के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और यहां के किसान अत्यंत मेहनती हैं। यदि कृषि फॉर्मों को सही तरीके से विकसित किया जाता है, तो यह किसानों के लिए बहुत लाभदायक सिद्ध होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे कार्य को शीघ्र और प्रभावी ढंग से पूरा करें ताकि किसानों को बेहतर संसाधन और आधुनिक तकनीकों का लाभ मिल सके। उपायुक्त ने कहा कि कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## अबुआ राज का समावेशी बजट, झारखंड के विकास की नई दिशा : अविनाश देव



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के नए वित्तीय वर्ष का बजट पेश होते ही पूरे राज्य में खुशी की लहर दौड़ गई। बजट को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह बजट झारखंड के समग्र विकास को गति देने वाला और हर वर्ग का ध्यान रखने वाला बजट है। इसमें 144,400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिसमें सबसे अधिक ध्यान आधी आबादी यानी महिलाओं पर दिया गया है। बजट में खेती-किसानी, नौजवानों, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, खेल, पर्यटन और पेंशन जैसी योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। यह बजट किसी भी वर्ग को पीछे नहीं छोड़ता और हर तबके के लोगों को आगे बढ़ने का अवसर देता है। अविनाश देव ने कहा कि सरकार को पलामू प्रमंडल के विकास पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आग्रह किया कि इस क्षेत्र में दो विश्वविद्यालयों की स्थापना की जाए, तीनों जिलों में स्टेडियम बनाए जाएं, मेडिकल कॉलेज खोला जाए, कृषि और वनोपज आधारित कारखाने लगाए जाएं और सिंचाई की समुचित व्यवस्था की जाए ताकि पलायन को रोका जा सके और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा हों।

## पलामू में व्यवसायिक खेती को बढ़ावा देने की तैयारी



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में व्यवसायिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कृषि विभाग एवं अन्य संबद्ध विभागों के अधिकारी शामिल हुए, जहां पलामू में हो रही विभिन्न प्रकार की व्यवसायिक खेती की विस्तृत समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे किसानों को पारंपरिक खेती के अलावा व्यवसायिक खेती की ओर प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि यदि कृषि और अन्य संबद्ध विभाग सामूहिक रूप से काम करें, तो पलामू को कृषि के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने वन-डिस्ट्रिक्ट वन-प्रोडक्ट की तर्ज पर वन-ब्लॉक वन-प्रोडक्ट को विकसित करने का सुझाव दिया, जिससे हर ब्लॉक की विशेषता के अनुसार खेती को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने किसानों को व्यवसायिक खेती के लाभों के बारे में जागरूक करने और उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पारंपरिक खेती की तुलना में व्यवसायिक खेती से किसानों को अधिक मुनाफा हो सकता है, इसलिए उन्हें इस दिशा में प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक और जेएसएलपीएस के डीपीएम समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद में सात परीक्षा केंद्रों पर 32 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा कड़ी सुरक्षा और सख्त निगरानी के बीच शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त संपन्न हुई। मैट्रिक परीक्षा के लिए कुल सात केंद्र बनाए गए थे, जहां गणित विषय की परीक्षा में 6,251 परीक्षार्थियों में से 20 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की मनोविज्ञान और कंप्यूटर परीक्षा में कुल 472 परीक्षार्थियों में से 12 गैरहाजिर रहे। परीक्षा केंद्रों पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के केंद्राधीक्षक, दंडाधिकारी और शिक्षकों की तैनाती की गई थी। शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में केंद्राधीक्षक प्रेमनाथ सिंह, दंडाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, प्रो. संजय सिंह, कंचन सिंह और शिक्षक मुन्ना सिंह परीक्षा संचालन की निगरानी कर रहे थे। बक्शी उच्च विद्यालय में केंद्राधीक्षक संतोष प्रसाद, बालिका प्लस टू विद्यालय में उपेंद्र राम, हार्वे प्लस टू उच्च विद्यालय में डॉ. सूजाउल हक, कमगारपुर प्लस टू उच्च विद्यालय में विश्वजीत कुमार चौबे और सरस्वती विद्या मंदिर में अशोक कुमार ने परीक्षा केंद्रों की स्थिति का जायजा लिया।

## धवाबार कांड: फरार अभियुक्त के घर पर ढोल बजाकर चिपकाया गया इश्तेहार



संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के धवाबार गांव में महिला थाना पुलिस ने फरार अभियुक्त के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उसके घर पर ढोल बजाकर इश्तेहार चिपकाया। यह कार्रवाई बेलबीघा पंचायत के धवाबार गांव निवासी अभियुक्त बीरेंद्र यादव के खिलाफ की गई, जो हुसैनाबाद महिला थाना कांड संख्या 03/2024 में आरोपी है। मामला 16 दिसंबर 2024 का है, जिसमें अभियुक्त के खिलाफ धारा 74, 75, 351(2) एवं 3 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए अभियुक्त फरार चल रहा था। आखिरकार, माननीय न्यायालय के निर्देश पर हुसैनाबाद महिला थाना पुलिस ने उसके घर पर इश्तेहार चिपका दिया। इसके साथ ही, पुलिस ने गांव में ढोल-नगाड़े बजवाकर सार्वजनिक रूप से घोषणा की, ताकि लोगों को इस मामले की जानकारी मिल सके। महिला थाना प्रभारी ने बताया कि यदि अभियुक्त जल्द आत्मसमर्पण नहीं करता है तो न्यायालय के निर्देश पर उसकी कुर्की-जब्ती की जाएगी। इस कार्रवाई के दौरान एसआई रामनंदन प्रसाद, सहायक अवर निरीक्षक नंद कुमार पासवान, पुलिस बल और कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में अलौकिक स्नेह होली मिलन समारोह का आयोजन



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ढाब कला शाखा में अलौकिक स्नेह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि औरंगाबाद शाखा की मुख्य संचालिका सविता दीदी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि ढाब कला में ब्रह्माकुमारी भाई-बहनों ने अथक परिश्रम करके ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थापना की है, जो सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान समाज में नैतिकता, संस्कार और आध्यात्मिकता को बढ़ावा दे रहा है, जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। कार्यक्रम में बीके सतीश भाई, प्रतिमा बहन, संगीता दीदी, सिंकी दीदी, बेबी दीदी सहित बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारी संस्था के भाई-बहन और स्थानीय लोग उपस्थित थे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि इस जीवन में सबसे बड़ा सत्य जन्म और मृत्यु है, लेकिन इनके बीच जो समय हमें मिला है, उसमें हमें मानवता की सेवा करनी चाहिए, अपने आचरण को श्रेष्ठ बनाना चाहिए और समाज को अच्छे संस्कार देने में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि परमात्मा हमेशा साधकों के मार्ग को प्रशस्त करते हैं और जो भी सत्य के मार्ग पर चलता है, उसके जीवन में सुख-शांति और समृद्धि अवश्य आती है। होली मिलन के इस पावन अवसर पर सभी को बुराइयों का त्याग कर अच्छे कार्यों की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया गया।

# श्री लक्ष्मी नारायण कल्याणकारी महायज्ञ में भव्य कलश शोभायात्रा



संवाददाता

**छतरपुर।** छतरपुर अनुमंडल में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण कल्याणकारी महायज्ञ के तहत भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा कपूर्री मैदान कउवल से मंदेया नदी तट तक निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा में श्रद्धालु महिलाएं कलश लेकर पारंपरिक वेशभूषा में आगे बढ़ रही थीं और पूरे माहौल में भक्तिमय वातावरण बना हुआ था। इस महायज्ञ के आयोजन में युवा जन जागृति संघ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन में पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज भुइयां, जिला परिषद सदस्य संजू देवी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के पलामू नगर अध्यक्ष रंजीत जयसवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, समाजसेवी अरविंद गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। यह महायज्ञ 4 मार्च से 10 मार्च तक चलेगा, जिसमें हर रात सत्संग, रासलीला और कथा का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक अनुष्ठान में सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी के कृष्णकांत जी महाराज, अयोध्या धाम से पधारे कथा वाचक आचार्य विष्णुदास जी महाराज और यज्ञाचार्य ज्ञानप्रकाश मिश्र जी महाराज अपनी अमृतमयी वाणी से श्रद्धालुओं को धर्म और आस्था की राह दिखाएंगे। यज्ञ स्थल पर एक विशाल डिजनीलैंड मेले का भी आयोजन किया गया है, जिसमें बच्चों और परिवारों के मनोरंजन के लिए विभिन्न झूले और स्टॉल लगाए गए हैं। श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ समिति के सदस्य गोपाल प्रसाद सिंह, कउवल मुखिया राजेश्वर राम, सुबोध सोनी, कामाख्या विश्वकर्मा, विनय यादव सहित सैकड़ों लोग इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं।

### गढ़वा मेराल में निजी बैंक में सेंधमारी का प्रयास, ग्रामीणों की सतर्कता से असफल

गढ़वा। मेराल थाना क्षेत्र के गोंदा पंचायत में चोरों ने बीती रात एक निजी बैंक में सेंधमारी कर चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों की सतर्कता और पुलिस गश्ती दल की सक्रियता के कारण चोर अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सके।समाचार के अनुसार, उत्कर्ष इस्माइल फाइनेंस बैंक जो रामजबित प्रजापति के मकान में किराए पर संचालित है, उसमें चोरों ने पिछवाड़े से दीवार तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास किया। इसी दौरान पुलिस पेट्रोलिंग टीम और ग्रामीणों की सक्रियता के कारण चोर भाग खड़े हुए।घटना की सूचना मिलते ही गढ़वा के पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया और सेंधमारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद थाना प्रभारी विष्णु कांत ने जांच शुरू कर दी है।बैंक के शाखा प्रबंधक श्याम सुंदर ने बताया कि बैंक की सुरक्षा और मॉनिटरिंग ऑनलाइन हेड ऑफिस वाराणसी से की जाती है। जैसे ही हेड ऑफिस को घटना की जानकारी मिली, तुरंत पुलिस को सूचना दे दी गई, जिससे कोई बड़ी वारदात नहीं हो सकी।

# केचाकी में मनरेगा योजनाओं की जांच, लोकपाल ने जताई नाराजगी



संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड में मनरेगा योजनाओं में अनियमितता, भ्रष्टाचार और गबन के आरोपों के बीच लोकपाल संतोष कुमार पंडित ने विभिन्न योजनाओं की जांच की। समाजसेवी और उप मुखिया पति हरेंद्र कुमार राम द्वारा की गई लिखित शिकायत के आधार पर पांच से सात योजनाओं का निरीक्षण किया गया, जिसमें कई गंभीर गड़बड़ियां पाई गईं। जांच के दौरान पाया गया कि पति यादव के पुत्र सचिन कुमार यादव को एक ही भूखंड, जो करीब डेढ़ एकड़ का है, पर हरित आम बागवानी योजना का लाभ मिला। इस योजना के तहत केवल आम के पौधे लगाए गए, लेकिन इसके नाम पर लाखों रुपये की निकासी कर ली गई। इसी प्रकार, पति यादव की पत्नी सुबचनी देवी को दो वित्तीय वर्षों में दो बार दीदी बाड़ी योजना का लाभ दिया गया, जो स्पष्ट रूप से नियमों के खिलाफ है। अख्तर अंसारी के कूप निर्माण, अशोक प्रसाद और सुरेंद्र प्रसाद के ईसीबी निर्माण कार्य की भी जांच की गई, जहां पाया गया कि योजना स्थल पर जन सूचना बोर्ड नहीं लगाए गए हैं। इस पर लोकपाल ने कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि इन योजनाओं का क्रियान्वयन संतोषजनक नहीं पाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मामले की पूरी रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान लोकपाल ने लाभुकों को हरित आम बागवानी के फायदे और इसके संरक्षण के तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस योजना को प्रभावी बनाने के लिए सबसे पहले बागवानी क्षेत्र के चारों ओर सीपीटी (चारदीवारी) का निर्माण आवश्यक है, जिससे पौधों की सुरक्षा हो सके। इस मामले को लेकर माले जिला सचिव बिरजू राम ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी और कहा कि प्रखंड के कई आम बागवानी योजनाओं में सीपीटी का निर्माण नहीं हुआ है, जबकि फर्जी तरीके से राशि की निकासी कर ली गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो माले पार्टी ब्लॉक का घेराव करेगी और आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस दौरान बीपीओ कमलेश कुमार सिंह, जयशंकर सिंह, पति यादव, अख्तर अंसारी समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## विधायक रामचंद्र सिंह ने मूलभूत सुविधाओं और हाल ही में हुए सर्वे में गड़बड़ी का मामला उठाया




संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मनिका विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने और जनता की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए विधायक रामचंद्र सिंह ने विधानसभा सत्र के दौरान सरकार से जोरदार मांग उठाई। उन्होंने क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं, हाल ही में हुए सर्वे में गड़बड़ी, बरवाडीह को अनुमंडल का दर्जा दिलाने, ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के लिए उच्च शिक्षा की सुविधा, और सड़क-पुल निर्माण जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया। विधायक ने टाइगर प्रोजेक्ट क्षेत्र के निवासियों के लिए विशेष पैकेज की मांग करते हुए कहा कि यहां के लोगों को रोजगार की सख्त जरूरत है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए विशेष योजनाएं लाई जाएं, जिससे उनकी आजीविका सुनिश्चित हो सके। उनके प्रयासों से छिपादोहर बायपास रोड के निर्माण की अटकलें समाप्त हो गईं और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इस सड़क के निर्माण को वन विभाग से स्वीकृति मिल गई। इसके लिए आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र भी वन विभाग से प्राप्त हो चुका है। यह सड़क निर्माण कार्य वन एवं पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हुए किया जाएगा, ताकि क्षेत्र की पारिस्थितिकी पर कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े।छिपादोहर बायपास सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने से स्थानीय लोगों में काफी उत्साह है। वर्षों से इस सड़क की मांग की जा रही थी, लेकिन अब इस परियोजना को हरी झंडी मिलने से लोगों को राहत मिली है। क्षेत्रवासियों ने विधायक रामचंद्र सिंह के प्रयासों की सराहना की और उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### एएफसी चैंपियंस : अल नस्र और एस्तेगलाल के बीच मुकाबला गोलरहित ड्रॉ




**नई दिल्ली।** तेहरान के आजादी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सोमवार को खेले गए एएफसी चैंपियंस लीग एलीट राउंड ऑफ 16 के पहले चरण के मुकाबले में एस्तेगलाल और अल नस्र के बीच मुकाबला बिना किसी गोल के ड्रॉ रहा। मैच में दोनों टीमों को गोल करने के कई मौके मिले, लेकिन कोई भी टीम उन्हें भुनाने में सफल नहीं रही। अल नस्र, जो इस मुकाबले में अपने स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना उतरी थी, ने पहले हाफ में दबदबा बनाया। टीम को सबसे अच्छा मौका 21वें मिनट में मिला, जब जॉन डुरान ने एस्तेगलाल के बॉक्स के अंदर से शॉट लगाया। हालांकि, एस्तेगलाल के गोलकीपर हुसैन हुसैनी ने शानदार बचाव किया, लेकिन गेंद अयमान याह्या के पास गिर गई। याह्या के सामने खाली गोल था, लेकिन रूजबेह चेश्मी ने शानदार गोललाइन क्लीयरेंस कर गोल होने से रोक लिया।

### लियोनेल मेसी अर्जेंटीना की प्रारंभिक टीम में शामिल, मार्कोस अकुना बाहर



**ब्यूनस आयर्स।** इंटर मियामी के स्टार फॉरवर्ड लियोनेल मेसी को इस महीने उरुग्वे और ब्राजील के खिलाफ होने वाले वर्ल्ड कप क्वालीफायर मुकाबलों के लिए अर्जेंटीना की 33 सदस्यीय प्रारंभिक टीम में शामिल किया गया है। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ (एएफए) की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी सूची में मैनचेस्टर सिटी के युवा मिडफील्डर क्लाउडियो एकेवेरी और बोलोग्ना के स्ट्राइकर सैंटियागो कास्त्रो को भी पहली बार जगह मिली है। हालांकि, रिवर प्लेट के डिफेंडर मार्कोस अकुना को खराब प्रदर्शन के कारण टीम में शामिल नहीं किया गया है। अर्जेंटीना की टीम 21 मार्च को मोंटेवीडियो में उरुग्वे और 25 मार्च को ब्यूनस आयर्स में ब्राजील का सामना करेगी। वर्तमान में, अर्जेंटीना 12 मैचों में 25 अंकों के साथ दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि उरुग्वे 20 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

### बीसीसीआई ने महान स्पिनर पद्माकर शिवलकर के निधन पर शोक व्यक्त किया



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने महान बाएं हाथ के स्पिनर पद्माकर शिवलकर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। शिवलकर का 3 मार्च को निधन हो गया। वे भारतीय घरेलू क्रिकेट के दिग्गजों में गिने जाते थे और अपनी शानदार गेंदबाजी के लिए प्रसिद्ध थे। शिवलकर ने 124 प्रथम श्रेणी मैचों में 589 विकेट लिए, उनका गेंदबाजी औसत 19.69 रहा। उन्होंने 1972-73 के रणजी ट्रॉफी फाइनल में 8/16 और 5/18 के आंकड़े के साथ मुंबई (तत्कालीन बॉम्बे) को तमिलनाडु के खिलाफ खिताबी जीत दिलाई। वे अपनी सटीक लाइन-लेंथ, फ्लाइट और टर्न के लिए प्रसिद्ध थे। उनकी गेंदबाजी में इतनी विविधता और चतुराई थी कि दिग्गज बल्लेबाज भी उन्हें खेलने में संघर्ष करते थे। उन्होंने अपने 40वें दशक तक शानदार गेंदबाजी जारी रखी। शिवलकर का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं हो सका, क्योंकि उनके समय में बिशन सिंह बेदी जैसे महान स्पिनर भारतीय टीम का हिस्सा थे। इसके बावजूद, घरेलू क्रिकेट में उनके अविस्मरणीय योगदान को देखते हुए बीसीसीआई ने 2017 में उन्हें कर्नल सी. के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया।

# एफआईएच प्रो लीग से पहले भारतीय ड्रैगफ्लिकर्स ने महान टेके टेकेमा से सीखी बारीकियां

**नई दिल्ली। एजेंसी**



एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के घरेलू चरण से पहले भारतीय महिला हॉकी टीम ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की अपनी क्षमताओं को निखारने के लिए विशेष ड्रैगफ्लिकिंग शिविर में हिस्सा लिया। यह शिविर 10 से 16 फरवरी 2025 तक भुवनेश्वर में आयोजित किया गया था। हाल ही में संपन्न हुए इस घरेलू चरण में भारत ने इंग्लैंड, जर्मनी, नीदरलैंड और स्पेन जैसी शीर्ष टीमों के खिलाफ मुकाबले खेले थे। इस विशेष शिविर का नेतृत्व डच ड्रैगफ्लिक लीजेंड टेके टेकेमा ने किया, जो अपने खेल के दिनों में पेनाल्टी कॉर्नर विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध थे। टेकेमा ने 11 वर्षों के करियर में नीदरलैंड पुरुष हॉकी टीम के लिए 94 मैचों में 170 गोल किए थे और उन्हें दुनिया के सबसे खतरनाक पेनाल्टी कॉर्नर विशेषज्ञों में से एक माना जाता है। उनके करियर में 2002 और 2006 चैंपियंस ट्रॉफी, 2006 वर्ल्ड कप, 2008 ओलंपिक गेम्स और 2010 एफआईएच वर्ल्ड कप जैसे बड़े टूर्नामेंट्स में सर्वाधिक गोल करने का गौरव हासिल है। वे 2022 से 2024 तक चीन महिला हॉकी टीम के सहायक कोच भी रह चुके हैं।

**मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने की टेकेमा की सराहना-**

भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने टेके टेकेमा को टीम के साथ जोड़ने पर खुशी जताई और कहा, ₹टेके ड्रैगफ्लिकिंग के महान खिलाड़ियों में से एक हैं और मैंने हॉकी इंडिया से अनुरोध किया था कि वे उन्हें टीम के साथ जोड़ें। उन्होंने खिलाड़ियों की तकनीक सुधारने और ड्रैगफ्लिकिंग प्रक्रिया को सहज बनाने पर काम किया है। यह एक अत्यधिक विशेषज्ञता वाली कला है, इसलिए टेके आगे भी हमारे साथ काम करते रहेंगे। हरेंद्र सिंह ने दीपिका के प्रदर्शन में आए सुधार पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा हाल ही में हुए प्रो लीग मैचों में दीपिका ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलने के लिए तीन महत्वपूर्ण कारक होते हैं- इंजेक्टर, स्टॉपर और ड्रैगफ्लिकर। कुछ मैचों में इंजेक्शन और स्टॉपिंग में चुनौतियों के कारण हमारा कन्वर्जन रेट प्रभावित हुआ, लेकिन दीपिका की रणनीतिक समझ लगातार बेहतर हो रही है।

**शिविर से खिलाड़ियों को मिला फायदा**


इस शिविर में भारत की प्रमुख ड्रैगफ्लिकर दीपिका, मनीषा चौहान, सोनम और अन्नू के साथ कुछ जूनियर खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान खिलाड़ियों ने ड्रैगफ्लिक की तकनीकी बारीकियों को सीखा और सटीकता में सुधार किया। एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के घरेलू चरण में तीन में से दो गोल पेनाल्टी कॉर्नर के जरिए करने वाली दीपिका ने शिविर के सकारात्मक प्रभाव को लेकर कहा हालांकि यह शिविर सिर्फ एक हफ्ते का था, लेकिन इससे मुझे एफआईएच प्रो लीग के घरेलू चरण में काफी मदद मिली। मैंने अपने फुटवर्क, शॉट रिलीज और फिनिशिंग पर फोकस किया, जिससे मुझे अपनी तकनीक में जरूरी बदलावों को समझने में आसानी हुई। उन्होंने आगे कहा हमने बॉडी पोजिशनिंग और विभिन्न शॉट्स के अनुसार स्टेपिंग पर विशेष ध्यान दिया। इसका प्रभाव मेरे खेल पर साफ दिखाई दिया। टेकेमा ने हमें बेहतरीन मार्गदर्शन दिया और हमने उनकी मेंटरशिप में सुधार महसूस किया। उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किए, जिससे हमें मानसिक मजबूती मिली।

**2028 ओलंपिक्स तक चलेगा प्रशिक्षण कार्यक्रम**

आगे की योजना पर चर्चा करते हुए सिंह ने कहा हम दीपिका और मनीषा को विश्वस्तरीय ड्रैगफ्लिकर्स के रूप में विकसित करना चाहते हैं। टेके टेकेमा 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक्स तक हमारे साथ जुड़े रहेंगे और समय-समय पर सीनियर और जूनियर टीमों को मार्गदर्शन देते रहेंगे। आधुनिक हॉकी में ड्रैगफ्लिकिंग और गोलकीपिंग बेहद अहम हैं, इसलिए हम अपने खिलाड़ियों को वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार कर रहे हैं। यह विशेष प्रशिक्षण शिविर भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है और भविष्य में टीम की पेल्टी कॉर्नर सफलता दर को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है।

## न्यूजीलैंड दौरे पर सलमान आगा संभालेंगे पाकिस्तान टी20 टीम की कमान

**नई दिल्ली। एजेंसी**



पाकिस्तान ने मंगलवार को न्यूजीलैंड दौरे के लिए एकदिवसीय और टी20 टीम का ऐलान कर दिया है। ऑलराउंडर सलमान आगा को न्यूजीलैंड के आगामी दौरे के लिए पाकिस्तान का टी20 कप्तान घोषित किया गया है। शादाब खान को उपकप्तान बनाया है। वहीं एकदिवसीय टीम की कमान मोहम्मद रिजवान के ही हाथों में हैं। आगा ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ₹यह एक बड़ा सम्मान है और एक चुनौती भी। टी20 में, यह एक युवा-उन्मुख टीम है। हम अपने दृष्टिकोण और इरादे में सुधार करना चाहते हैं। हम विश्व कप तक प्रारूप की बदलती प्रकृति के अनुकूल होना चाहते हैं। हम निडर क्रिकेट खेलना चाहते हैं।

सीनियर बल्लेबाज बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को टी20 टीम से बाहर रखा गया। उनके बाहर होने पर पाकिस्तान के कोच आकिब जावेद ने कहा खेलने की शैली और मानसिकता को बदलने की जरूरत है इसलिए हमें एक युवा टीम मिली है। विकेटकीपर बल्लेबाज रिजवान पाकिस्तान की एकदिवसीय टीम की कप्तानी जारी रखेंगे। उल्लेखनीय है कि रिजवान की कप्तानी में पाकिस्तान की टीम का चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में प्रदर्शन खराब रहा, जिसके कारण टीम चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गई। पाकिस्तान को न्यूजीलैंड दौरे पर पांच मैचों की टी20 सीरीज और तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलनी है। टी20 सीरीज का आगाज 16 मार्च को होगा। इसके बाद 29 मार्च से दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेली जाएगी।

## इंडिया पैडल फेस्टिवल: स्टैंड-अप पैडलिंग के दिग्गज करेंगे मुकाबला

**मंगलुरु। एजेंसी**



भारत के एकमात्र अंतरराष्ट्रीय स्टैंड-अप पैडलिंग इवेंट 'इंडिया पैडल फेस्टिवल' अपने दूसरे संस्करण के साथ 7 से 9 मार्च तक मंगलुरु के सासीहित्लु बीच पर आयोजित होगा। इसमें दुनिया के दिग्गज पैडलर्स हिस्सा लेंगे। पुरुष वर्ग में विश्व नंबर 2 क्रिश्चियन एंडरसन (डेनमार्क) और पूर्व विश्व चैंपियन डेनियल हसुल्यो (हंगरी) प्रमुख आकर्षण होंगे।

महिला वर्ग में चार बार की विश्व चैंपियन और डिफेंडिंग चैंपियन एस्पेरेन्जा बैरेरेस (स्पेन) खिताब बचाने के लिए उतरेंगी। भारत के नंबर 1 पैडलर सेकर पचाई टीम का नेतृत्व करेंगे। यह आयोजन सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन और मंत्रा सर्फ क्लब द्वारा आयोजित किया जा रहा है और इसे भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय 'इंक्रेडिबल इंडिया' और कर्नाटका पर्यटन का सहयोग प्राप्त है। यह एसोसिएशन ऑफ पैडलसर्फ प्रोफेशनल्स (एपीपी) वर्ल्ड टूर द्वारा मान्यता प्राप्त है। इवेंट में स्प्रिंट, तकनीकी और दूरी की रेस समेत कई एसयूपी प्रारूप होंगे। कुल 40+ पैडलर्स चार श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। दक्षिण अफ्रीका की चियारा वॉरस्टर और कोरिया की लिम सुजियॉन्ग, स्पेन के एंटोनियो मोरीलो और यूके के विल कीटली भी चुनौती पेश करेंगे। भारत की ओर से सेकर पचाई और मणिकंदन हिस्सा लेंगे। इस आयोजन से भारत के जल खेलों को नया आयाम मिलेगा और देश की एशियाई खेलों में हालिया सर्फिंग उपलब्धि को और मजबूती मिलेगी।

## आईपीएल की जंग के लिए धौलाधार की वादियों में पसीना बहा रहे पंजाब किंग्स के खिलाड़ी

**धर्मशाला। एजेंसी**



आईपीएल सीजन शुरू होने से पूर्व पंजाब किंग्स के खिलाड़ी धौलाधार की वादियों में ठंडे मौसम के बीच पसीना बहा रहे हैं। एचपीसीए के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में मंगलवार से पंजाब किंग्स की टीम प्रैक्टिस के लिए उतरी।

पंजाब के खिलाड़ी आईपीएल मैचों से पूर्व अपने होम ग्राउंड धर्मशाला में तैयारियों के लिए 5 दिवसीय अभ्यास सत्र के लिए यहां पंहुचे हैं। टीम के स्टार खिलाड़ी प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह और युजवेंद्र चहल सहित 11 सदस्य कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। वे अपनी रणनीतियों को और बेहतर बनाने पर ध्यान दे रहे हैं। इस दौरान एचपीसीए के खिलाड़ी भी पंजाब किंग्स के साथ प्रैक्टिस कर रहे हैं।

धर्मशाला स्टेडियम में स्टार क्रिकेटरों को देखने के लिए प्रशंसक भी पहुंच रहे हैं। युवा फैंस अपने पसंदीदा खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए लंबा इंतजार कर रहे हैं। दर्शक दीर्घा में बैठे लोग मोबाइल से फोटो और वीडियो बना रहे हैं। हालांकि इस दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत आम लोगों को खिलाड़ियों से मिलने की इजाजत नहीं दी जा रही। पंजाब किंग्स की टीम अगले 3 दिनों तक धर्मशाला में प्रैक्टिस करेगी। मौसम अनुकूल रहा तो इस दौरान अभ्यास मैच भी खेले जाएंगे।

आईपीएल के तीन मैच धर्मशाला में मई महीने में आईपीएल के तीन मुकाबले खेले जाएंगे। पंजाब किंग्स की टीम 4 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स से मैच खेलेगी। 8 मई को मुंबई इंडियंस के साथ और 11 मई को दिल्ली कैपिटल्स से पंजाब की टीम भिड़ेगी। उधर आईपीएल के मैचों के लिए एचपीसीए द्वारा भी तैयारियां की जा रही हैं। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि फिलहाल पांच दिवसीय इस अभ्यास सत्र के दौरान पंजाब की टीम यहां प्रैक्टिस करने वाली है। उन्होंने बताया कि इसके बाद अन्य तैयारियों को पूरा किया जाना है।

## चैंपियंस ट्रॉफी : रोहित शर्मा के नाम जुड़ा अनचाहा रिकॉर्ड




**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने एक अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दुबई में खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले से पहले रोहित शर्मा लगातार 11वां वनडे टॉस हार गए। इस हार के साथ उन्होंने वनडे क्रिकेट में किसी भी भारतीय कप्तान द्वारा सबसे ज्यादा लगातार टॉस हारने का रिकॉर्ड और आगे बढ़ा दिया। इस मामले में रोहित शर्मा अब नीदरलैंड के पूर्व कप्तान पीटर बोरेन के बराबर आ गए हैं, जिन्होंने 2011 से 2013 के बीच लगातार 11 बार टॉस गंवाए थे। अब रोहित वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा लगातार टॉस हारने के ऑल-टाइम रिकॉर्ड से सिर्फ एक कदम दूर हैं।

## व्यापार

## शेयर बाजार में कारोबार के दौरान दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

**नई दिल्ली। एजेंसी**



कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजार में भी शुरुआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। कारोबार की शुरुआत बड़ी गिरावट के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में सुधार होता हुआ नजर आया, लेकिन सुबह 10 बजे के बाद एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण दोनों सूचकांकों की कमजोरी बढ़ती चली गई।

पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.33 प्रतिशत और निफ्टी 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, टाटा मोटर्स और इंडसइंड बैंक के शेयर 3.01 प्रतिशत से लेकर 1.29 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बजाज ऑटो, नेस्ले, इंफोसिस, टाइटन कंपनी और एचसीएल टेक्नोलॉजी के शेयर 2.73 प्रतिशत से लेकर 1.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,487 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,825 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे।

### ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र में बड़ी गिरावट का शिकार हो गए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में पिछले सत्र के दौरान खरीदारी का माहौल बना रहा। दूसरी ओर, एशियाई बाजारों में कमजोरी का रुख नजर आ रहा है। टैरिफ वॉर की चिंता में अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान बड़ी गिरावट का शिकार हो गए। डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा के अनुसार अमेरिका में मेक्सिको और कनाडा पर 25 प्रतिशत टैरिफ लागू हो गया है। इसके साथ ही चीन पर भी आज से 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लागू हो गया है। दूसरी ओर, कनाडा ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए 107 बिलीयन डॉलर के अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। टैरिफ वॉर की वजह से अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान जबरदस्त गिरावट का शिकार हो गए। टेक शेयरों में जोरदार बिकवाली दर्ज की गई।

## न्यूक्लियस ऑफिस सॉल्यूशंस ने निवेशकों को किया निराश

### कमजोर लिस्टिंग के बाद शेयरों पर लगा अपर सर्किट

**नई दिल्ली। एजेंसी**




ऑफिस स्पेस मैनेज करने वाली कंपनी न्यूक्लियस ऑफिस सॉल्यूशंस के शेयरों ने मंगलवार को कंपनी के आईपीओ निवेशकों को काफी निराश किया। कंपनी के शेयर 234 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे, लेकिन बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी एंट्री 46.80 रुपये यानी 20 प्रतिशत के डिस्काउंट के साथ 187.20 रुपये के भाव पर हुई। हालांकि, लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव में ये शेयर टूट कर 177.90 रुपये के स्तर तक आ गया, लेकिन इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी। इस खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर थोड़ी ही देर में उछल कर 196.55 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस रिकवरी के बावजूद कंपनी के आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही 37.45 रुपये यानी 16 प्रतिशत का नुकसान हो गया।

न्यूक्लियस ऑफिस सॉल्यूशंस का 31.70 करोड़ रुपये का आईपीओ 24 से 27 फरवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.29 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 0.87 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। वहीं रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.70 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी नए केंद्रों की स्थापना करने, आईटी प्लेटफॉर्म्स बनाने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है।

## तीन महीने के निचले स्तर पर पहुंचा कच्चा तेल

**नई दिल्ली। एजेंसी**



ओपेक और इसके सहयोगी देश द्वारा क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) के उत्पादन में बढ़ोतरी करने का संकेत दिए जाने के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड की कीमत पर दबाव बना हुआ है। इसकी वजह से क्रूड ऑयल 3 महीने के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। ब्रेंट क्रूड फिलहाल 71 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से भी नीचे गिर कर 70.91 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 68 डॉलर के स्तर से नीचे फिसल कर 67.81 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा है। बताया जा रहा है कि ओपेक और इसके सहयोगी देशों के बीच क्रूड ऑयल का उत्पादन बढ़ाने की बात को लेकर सहमति बन गई है। इन देशों द्वारा अप्रैल महीने से क्रूड ऑयल के उत्पादन में बढ़ोतरी की जा सकती है। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार रूस और सऊदी अरब क्रूड ऑयल के उत्पादन में प्रतिदिन 1.38 लाख बैरल की बढ़ोतरी कर सकते हैं। इसी तरह ओपेक के दूसरे सदस्य देशों द्वारा भी कच्चे तेल के उत्पादन में बढ़ोतरी किए जाने का अनुमान है। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि ओपेक और इसके सहयोगी देशों द्वारा उत्पादन में बढ़ोतरी करने पर कच्चे तेल के दाम में और भी गिरावट आ सकती है।

# संक्षिप्त खबरें

## हीटर गैस रिसाव से वाहन में ड्राइवर की मौत

**जम्मू।** हंदवाड़ा में एक दर्दनाक घटना सामने आई है जहां एक ड्राइवर को उसके वाहन के अंदर मृत पाया गया। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार हीटर गैस रिसाव के कारण दम घुटने से उसकी मौत हुई है। मृतक की पहचान मुशर्रफ अली पुत्र शाहब दीन निवासी खुटवा जम्मू के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक उन्होंने रातभर कार हीटर चालू रखा जिससे संभवतः कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता के कारण दम घुटने से उनकी मृत्यु हो गई। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और मौत के वास्तविक कारण की पुष्टि के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## फ्यूज लगाते हुए बिजली बोर्ड के लाइनमैन की मौत

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला के इंदौरा में एक लाइनमैन की करंट लगने से मौत हो गई। कांगड़ा के गोलवां निवासी बिजली कर्मी अजय कुमार विद्युत उपमंडल गंगथ के बेहलपुर गांव में बिजली के खंभे पर चढ़कर फ्यूज लगा रहा था। इस दौरान उसे करंट लग गया और वह बिजली के पोल पर ही लटक गया। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने बिजली कर्मियों को इसकी सूचना दी। तब जाकर अजय कुमार को नीचे उतारा गया और उपचार के लिए सिविल अस्पताल इंदौरा ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

## महबूबा मुफ्ती जम्मू-कश्मीर के विनाश का कारण : सुरिंदर चौधरी



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चल रहे बजट सत्र से पहले जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह कुछ भी कह सकती हैं, क्योंकि वह जम्मू-कश्मीर के विनाश का कारण हैं। उन्होंने कहा कि अगर जम्मू-कश्मीर ने अपने राज्य का विशेष दर्जा खो दिया है, तो यह उनकी वजह से है। चौधरी ने आगे कहा कि मौजूदा सरकार को मुफ्ती से सबक लेने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि हम उन लोगों के प्रति जवाबदेह हैं, जिन्होंने हमें वोट दिया है, न कि उनके प्रति। उन्होंने एक विवादास्पद घटना का भी जिक्र किया, जब मुफ्ती ने बच्चों की सुरक्षा और पैलेट गन के इस्तेमाल की चिंताओं पर नकारात्मक प्रतिक्रिया दी थी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वह वही महबूबा हैं, जब लोग सवाल पूछते थे कि बच्चों के साथ भेदभाव किया जा रहा है और पैलेट गन चलाई जा रही हैं तो वह जवाब देती थीं कि क्या बच्चे कैंपों से दूध और टॉफी खरीदना चाहते हैं।

## लकड़ी के गोदाम में लगी भीषण आग

**हरिद्वार।** जनपद के भगवानपुर थाना क्षेत्र इलाके में एक लकड़ी के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग लगने से गोदाम में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के मुताबिक रूड़की कंट्रोल रूम के माध्यम से दमकल को बीती देर रात को क्षेत्र के ग्राम दौड़वासी में एक लकड़ी के गोदाम में आग लगने की सूचना मिली।

## स्मैक तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**हरिद्वार।** लक्सर पुलिस ने स्मैक की खेप के साथ एक तस्कर को धर दबोचा है। उसके पास से 18.79 ग्राम स्मैक, इलेक्ट्रिक तराजू व एक मोबाइल फोन बरामद किया है।जानकारी के मुताबिक पुलिस को बीजोपुरा तिराहे पर एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। वह पुलिस को देखकर खेतों की ओर भागने लगा, जिसको पुलिस ने घेर कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से स्मैक व एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू और मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम मोहसिन पुत्र कल्लु कस्बा सहानपुर, बिजनौर उत्तर प्रदेश बताया।

## 52 ग्राम हेरोइन के साथ पंजाब का व्यक्ति गिरफ्तार

**कुल्लू।** थाना पतलीकूहल के अंतर्गत पुलिस ने नशे की बड़ी खेप के साथ पंजाब के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। नशा तस्करी का मामला बीती रात उस दौरान सामने आया जब सब इंस्पेक्टर रजत पुलिस दल के साथ इलाके में गश्त कर रहे थे। पुलिस जब गांव 15 मील के समीप पहुंची तो सामने एक व्यक्ति था जोकि छुपने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने संदेह के आधार पर उसे दबोच लिया और तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 52 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई।

## तालाब में युवती का तैरता मिला धड़

**कानपुर।** घाटमपुर थाना क्षेत्र के रंजीतपुर गांव के पास तालाब में युवती का धड़ मिलने से हड़कम्प मच गया। स्थानीय लोगों को असहनीय दुर्गंध आने पर तालाब की जांच की गई। तो उन्हें युवती का धड़ तालाब में उतराता हुआ दिखा। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने धड़ को तालाब से बाहर निकलवाया युवती के हाथ पैर और सिर गायब था। इसलिए उसकी पहचान कर पाना काफी मुश्किल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच में जुट गई है। एडीसीपी महेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार की देर शाम रंजीतपुर गांव में रहने वाले कुछ स्थानीय लोगों ने तालाब में एक युवती का शव उतराता हुआ देखा।

# यूपी इंटीग्रेटेड मैनुफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर्स की भूमि आवंटन प्रक्रिया में तेजी लाएगी योगी सरकार

### उन्नाव में 11.36 हेक्टेयर, संभल व हरदोई में 1.2-1.2 हेक्टेयर से अधिक वर्गक्षेत्र के प्लॉट्स के लिए कर सकेंगे आवेदन

- पांच एक्सप्रेस-वे के समीप औद्योगिक गलियारे विकसित कर रहा है
- हरदोई में लैंड अलॉटमेंट प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए इच्छुक आवेदनकर्ताओं से आवेदन मांगे गए हैं



**लखनऊ। एजेंसी**

योगी सरकार ने यूपी इंटीग्रेटेड मैनुफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर्स (यूपीआईएमएलसी) पर इंडस्ट्रियल यूनिट्स की स्थापना की तैयारी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री योगी के विजन को मिशन मानकर उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने प्रक्रिया की शुरूआत करते हुए अब उन्नाव, हरदोई व संभल में लॉजिस्टिक एवं इंडस्ट्रियल प्लॉट्स के अलॉटमेंट के लिए आवेदन मांगे हैं। इस प्रक्रिया के अंतर्गत उन्नाव में 11.36 हेक्टेयर तथा संभल- हरदोई में 1.2, 1.2 हेक्टेयर से अधिक वर्गक्षेत्र के प्लॉट्स के लिए उद्यमी आवेदन कर सकेंगे। यूपीआईएमएलसी परियोजना के अंतर्गत यूपीडा अपने पांच एक्सप्रेस-वे के समीप औद्योगिक गलियारे विकसित कर रहा है। जिसके अंतर्गत स्ट्रैटेजिक लोकेशंस पर 29 आत्मनिर्भर एकीकृत विनिर्माण व लॉजिस्टिक क्लस्टर (आईएमएलसी) की परियोजना को मूर्त रूप दिया जा रहा है। इसमें फ्रेट मूवमेंट के लिए अच्छी सड़क, रेल, हवाई संपर्क तथा उद्योग स्थापना के लिए अनुकूल प्रतिस्पर्धी माहौल प्रदान करने के लिए सामाजिक बुनियादी ढांचे की सुविधा विकसित की जा रही है। इस परियोजना के अंतर्गत प्रदेश के 30 जिलों में 33 आईएमएलसी की स्थापना की जाएगी और इसी के फेज के अंतर्गत अब उन्नाव, संभल व हरदोई में लैंड अलॉटमेंट प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए इच्छुक आवेदनकर्ताओं से आवेदन मांगे गए हैं। जल्द ही अन्य क्लस्टर्स में भी प्लॉट अलॉटमेंट की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उल्लेखनीय है कि ये प्लाट शानदार कनेक्टिविटी, 24 घंटे पावर सप्लाई, डेडिकेटेड वॉटर सप्लाई, ड्रेनेज व एसटीपी जैसी तमाम खूबियों से लैस हैं।

**गंगा एक्सप्रेसवे के समीप हैं तीनों यूपीआईएमएलसी क्लस्टर**

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि उन्नाव, संभल और हरदोई के चिह्नित तीनों क्लस्टर्स गंगा एक्सप्रेसवे के समीप स्थित हैं। गंगा एक्सप्रेसवे से इनकी बेहतर कनेक्टिविटी को सुनिश्चित किया गया है। उन्नाव में कुल 135.26 हेक्टेयर एरिया में आईएमएलसी की स्थापना होनी है, जिसमें प्लाटों का बेसिक अलॉटमेंट रेट 5,010 प्रति स्क्वेयर मीटर रखा गया है। इस नोड की गंगा एक्सप्रेसवे के साथ ही लखनऊ-कानपुर हाइवे, सोनिक रेलवे स्टेशन, उन्नाव रेलवे स्टेशन तथा लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अच्छी कनेक्टिविटी है।

वहीं, संभल में प्लॉट का बेसिक अलॉटमेंट रेट 4,640 प्रति स्क्वेयर मीटर निर्धारित किया गया है। यह गंगा एक्सप्रेसवे के साथ ही संभल-अनूपशहर रोड तथा कनेक्टिंग रोड के माध्यम से गजरौला हाइवे से भी जुड़ा होगा। जबकि, हातिम सराय रेलवे स्टेशन से भी इसकी उत्तम कनेक्टिविटी होगी। इसी प्रकार, हरदोई स्थित क्लस्टर में बेसिक अलॉटमेंट रेट 3,105 रुपये प्रति स्क्वेयर मीटर रखा गया है।

## काठमांडू में पानी की पाइपलाइन टूटने के बाद बाढ़ जैसी स्थिति

काठमांडू। राजधानी के व्यस्त इलाके थापाथली में मंगलवार की सुबह जब लोगों की आंखें खुलीं तो उनके घर-आंगन में बाढ़ जैसा पानी आ गया था। घुटने भर पानी भरने के पीछे उस इलाके का पानी की पाइपलाइन टूटने को बताया जा रहा है। इस वजह से क्षेत्र का न सिर्फ यातायात प्रभावित हुआ है, बल्कि घरों में पानी घुसने से लोग परेशान हैं। थापाथली के मुख्य चौक के आसपास घरों, दुकानों, रेस्टोरेंट और सरकारी दफ्तरों में घुटने तक पानी भर गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बिजली के तार को भूमिगत करने के लिए सड़क में हो रही खुदाई के कारण पानी की पाइपलाइन टूट गई है। इस संबंध में काठमांडू के जल मंत्रालय के अधिकारी तथा सड़क विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच कर इस समस्या के समाधान का उपाय कर रहे हैं। दिल्ली भ्रमण पर गए नेपाल के पेयजल मंत्री ने वहीं से अपने अधिकारियों को पाइपलाइन की यथाशीघ्र मरम्मत का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने सड़क विभाग के अधिकारियों को भूमिगत तार का काम करते समय सावधानी अपनाने का भी निर्देश दिया है। पिछले 15 दिनों में काठमांडू में यह इस तरह की दूसरी घटना है।

# अमेरिका ने यूक्रेन को दी जाने वाली सभी तरह की सैन्य सहायता रोकी



**वाशिंगटन। एजेंसी**

यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की की अमेरिका यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई तकरार का बड़ा परिणाम सामने आ गया। व्हाइट हाउस ने बताया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को दी जा रही सभी प्रकार की अमेरिकी सैन्य सहायता पर प्रतिबंध लगा दिया है। ट्रंप ने अमेरिकी सैन्य सहायता के शिपमेंट पर तत्काल रोक लगाने का आदेश दिया है।

सीएनएन की खबर के अनुसार, पिछले हफ्ते यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ ओवल ऑफिस में हुई तीखी बहस के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने यह आदेश जारी किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि उनका ध्यान शांति पर केंद्रित है। यूक्रेन को भी इस लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध होने की आवश्यकता है। व्हाइट हाउस के अधिकारी ने कहा, राष्ट्रपति के आदेश के बाद यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य सहायता रोकी जा रही है। अधिकारियों और विश्लेषकों ने कहा कि इस फैसले का बड़ा असर यूक्रेन पर पड़ेगा। इससे यूक्रेन की युद्ध लड़ने की क्षमता पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि यह प्रतिबंध तब तक कायम रहेगा जब तक जेलेंस्की शांति वार्ता समझौते के लिए तैयार नहीं होते। हालांकि वाशिंगटन और कीव के बीच खुली दुश्मनी के बावजूद कई यूरोपीय देशों ने यूक्रेन को सहयोग करने का वादा किया है।

सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के वरिष्ठ सलाहकार मार्क कैंसियन ने कहा कि यूक्रेन को तत्काल तो नहीं लेकिन इस रोक का प्रभाव दो से चार महीनों के भीतर महसूस होगा। यूरोपीय देशों की सहायता से कीव को अभी लड़ाई में बने रहने में मदद मिलेगी। आखिर में यूक्रेन को एक प्रतिकूल शांति समझौता स्वीकार करना ही होगा।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी के खिलाफ एफआईआर

**शिमला।** जिला शिमला के उपमंडल रोहड़ू में एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और फिर शादी से इनकार करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रोहड़ू थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह आरोपी साहिल को कई वर्षों से जानती थी। दोनों के बीच मित्रता थी जो समय के साथ घनिष्ठ संबंधों में बदल गई। युवती का आरोप है कि इस दौरान साहिल ने उससे शादी करने का वादा किया और इसी बहाने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। लेकिन जब उसने शादी की बात कही, तो आरोपी ने मना कर दिया। युवती ने यह भी आरोप लगाया कि जब उसने साहिल पर शादी का दबाव बनाया तो उसने धमकी दी और चुप रहने के लिए मजबूर करने की कोशिश की। डर और मानसिक तनाव के चलते वह चुप रही लेकिन जब हालात बिगड़ने लगे तो उसने पुलिस से मदद लेने का फैसला किया।

## ट्रंप की घोषणा प्रभावी, कनाडा-मेक्सिको पर 25 फीसदी शुल्क लागू



**वाशिंगटन। एजेंसी**

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मेक्सिको और कनाडा पर 25 फीसद शुल्क (टैरिफ) लगाने की घोषणा मंगलवार से प्रभावी हो गई। यह अमेरिका के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों को एक समान लाने के उद्देश्य से एक असाधारण कार्रवाई है। इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था के कमजोर होने का खतरा है।

सीएनएन की खबर के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप ने सभी तरह के चीनी आयात पर टैरिफ को 10 फीसद से दोगुना कर 20 फीसद कर दिया। यह शुल्क सैकड़ों अरबों चीनी सामानों पर मौजूदा टैरिफ के शीर्ष पर हैं। टैरिफ के प्रभावी होने से कुछ समय पहले व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने कनाडा और मैक्सिको को खतरनाक कार्टेल गतिविधि और अमेरिका में आने वाली घातक दवाओं की आमद को रोकने के लिए पर्याप्त अवसर दिया, लेकिन दोनों स्थिति को संभालने में विफल रहे। यह टैरिफ ऐसे समय पर लगाया गया है जब देश में मुद्रास्फीति लगातार ऊंची बनी हुई है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि शुल्क का उद्देश्य दोनों अमेरिकी पड़ोसियों को मादक पदार्थ फेंटेनाइल तस्करी के खिलाफ लड़ाई तेज करने और अवैध आव्रजन को रोकने के लिए मजबूर करना है।

ट्रंप ने यह भी संकेत दिया है कि वह अमेरिका के व्यापार असंतुलन को भी समाप्त करना चाहते हैं और अधिकाधिक कारखानों को अमेरिका में स्थानांतरित करना चाहते हैं।

## लाखों के जेवरात चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार।** घर में घुसकर लाखों रुपये के जेवरात चोरी करने के एक आरोपित को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी का माल भी बरामद कर लिया है। जानकारी के मुताबिक कनखल थाना क्षेत्र स्थित जगजीतपुर पुलिया पीठ बाजार निवासी एक व्यक्ति के घर में बीते रोज लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर लिए गए थे। इसके संबंध में पीड़ित ने तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। चोरी की वारदात घर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी। चोर की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने 24 घंटे के भीतर ही वारदात को अंजाम देने के आरोपित कुलदीप उम्र 32 वर्ष निवासी पीठ बाजार थाना क्षेत्र कनखल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब साढ़े चार लाख रुपये कीमत के चोरी किए जेवरात बरामद किए।

## स्वस्थ शरीर, स्वच्छ मन, सशक्त समाज ही हमारा संकल्प : डॉ कीर्तिका अग्रवाल




**प्रयागराज। एजेंसी**

स्वस्थ नारी, सशक्त समाज की सोच को साकार करने के उद्देश्य से वात्सल्य सेवा समिति द्वारा स्वच्छता जागरूकता एवं सैनिटरी पैड वितरण कार्यक्रम का आयोजन सरोजनी नायडू मार्ग बस्ती में किया गया। इस पहल के तहत छात्राओं एवं महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें निःशुल्क सैनिटरी पैड वितरित किए गए।

इस अवसर पर कार्यक्रम में वात्सल्य हास्पिटल की निदेशक व भाजपा की प्रदेश महामंत्री डॉ कीर्तिका अग्रवाल ने बताया कि मासिक धर्म स्वच्छता को अपनाकर महिलाएं विभिन्न संक्रमणों से बच सकती हैं और अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकती हैं। साथ ही बच्चेदानी के मुंह कैंसर के लक्षण एवं उससे बचाव के बारे में भी जानकारी दी गई। छात्राओं को सही हाइजीन प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल और सुरक्षित डिस्पोजल के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई।

डॉ कीर्तिका अग्रवाल ने कहा कि संस्थान की ओर से हमेशा प्रयास किया जाता रहा है कि हर महिला को अपनी सेहत को प्राथमिकता देने और स्वच्छता से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने का अवसर मिले। स्वस्थ शरीर, स्वच्छ मन, सशक्त समाज यही हमारा संकल्प है।

# वन संरक्षण के लिए महिला व युवक मंडलों को मिलेगा मुआवजा : सुक्खू



**शिमला। एजेंसी**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को वन विभाग की विभिन्न योजनाओं व परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए राज्य में वन क्षेत्र को विस्तार देने और संरक्षित करने के लिए महिला मंडलों, युवक मंडलों, स्वयं सहायता समूहों व पंचायतों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्हें वन संरक्षण में सेवा प्रदान करने के लिए उचित मुआवजा दिया जाएगा और राज्य सरकार ने इस संबंध में 100 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इसके अतिरिक्त पौधों की जीवित प्रतिशतता के आधार पर पांच साल के बाद इनसेंटिव प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा।

उन्होंने वन क्षेत्र में 60 प्रतिशत फलदार व चारे की प्रजातियां लगाने के निर्देश दिए ताकि जंगल में ही जंगली जानवरों की आवश्यकताओं की उपलब्धता हो सके। इससे किसानों की फसलों को जानवरों से होने वाले नुकसान से बचाया जा सकेगा। उन्होंने विभाग को पौधरोपण और वनीकरण की अपनी मूल जिम्मेदारियों पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए और पर्याप्त स्टाफ व हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने विभाग को वन आच्छादित क्षेत्र बढ़ाने के लिए निजी उद्यमियों को शामिल करने के निर्देश दिए। विभाग ऐसी संस्थाओं को तकनीकी सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने विभाग को पौधरोपण के साथ पौधों को बचाए रखने के लिए एक प्रणाली विकसित करने के लिए कहा। प्रदेश सरकार राज्य के पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है तथा वर्तमान सरकार के पिछले दो वर्षों में इस संबंध में अनेक कदम उठाए गए हैं। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि नव नियुक्त वन मित्रों को नियुक्ति पत्र शीघ्र प्रदान किए जाएंगे।

**कार्यक्रम** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने एसडीआरएफ जवानों का किया अभिनंदन, बोले

# हरिद्वार कुंभ में प्रयागराज महाकुंभ के अनुभव आएंगे काम

- उत्तराखंड राज्य विभिन्न भौगोलिक परिस्थितियों और आपदा की दृष्टि से संवेदनशील राज्य है




**देहरादून। एजेंसी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को एसडीआरएफ जवानों को सम्मानित करते हुए कहा कि हरिद्वार कुंभ में प्रयागराज महाकुंभ के अनुभव काम आएंगे। एसडीआरएफ टीम ने महाकुंभ में अपनी दक्षता का कुशल परिचय देकर उत्तराखंड का मान बढ़ाया है। मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री धामी ने एसडीआरएफ के 112 कार्मिकों के वापस आने पर आयोजित महाकुंभ प्रयागराज 2025 अभिनन्दन कार्यक्रम में यह बात कही। इस मौके पर उन्होंने एसडीआरएफ की टीम को पुरस्कार स्वरूप 05 लाख रुपये का चेक भी सौंपा। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज महाकुंभ में बेहतर सेवाएं देने पर एसडीआरएफ की टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ये अनुभव हरिद्वार के 2027 कुंभ में काम आएंगे। कुंभ को भव्य रूप से आयोजित करने में मदद भी मिलेगी। इस महाकुंभ से हमारे जवानों का आत्मविश्वास बढ़ा है और भीड़ का कुशल प्रबंधन करने में सफल होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन धर्म के महासंगम की चुनौती को संभालना चुनौतीपूर्ण कार्य था। बेहतर व्यवस्थाओं और प्रबंधन से उत्तर प्रदेश के साथ ही उत्तराखंड सरकार का सर ऊंचा हुआ है। यही अनुभव 2027 के कुंभ में मददगार साबित होंगे। हमारा प्रयास है कि वाहनों के लिए सुनियोजित पार्किंग व्यवस्था हो जिसके लिए सरकार पूरी तरह से प्रयासरत है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य विभिन्न भौगोलिक परिस्थितियों और आपदा की दृष्टि से संवेदनशील राज्य है।

इन चुनौतियों से पार पाने के लिए एसडीआरएफ की ओर से सराहनीय कार्य किए गए हैं। श्रेष्ठ आपदा प्रबंधन में एसडीआरएफ की अहम भूमिका रही है। आपदा प्रबंधन के लिए क्विक रिस्पॉन्स और अत्याधुनिक उपकरणों से राज्य में आपदा के प्रभाव को कम करने में काफी मदद मिली है।

इस मौके पर राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति उपाध्यक्ष विनय रोहिला, सचिव गृह शैलेश बगोली, डीजीपी दीपम सेठ, एडीजी अमित सिन्हा, वी मुरुगेशन, ए. पी अंशुमन, सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन, आईजी एसडीआरएफ रिद्धिम अग्रवाल, कमांडेंट एसडीआरएफ अर्पण यदुवंशी, एसडीआरएफ के अधिकारी और जवान उपस्थित थे।

## भाजपा जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देगी और अपना वादा पूरा करेगी : सुनील

**जम्मू। एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विपक्ष के नेता और भाजपा विधायक सुनील शर्मा ने मंगलवार को कश्मीर स्थित राजनीतिक दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि वह केवल एक-दूसरे पर भाजपा से संबंध रखने का आरोप लगाकर ही जीवित रहते हैं। भाजपा विधायक सुनील शर्मा ने कहा कि कश्मीर स्थित राजनीतिक दल केवल एक-दूसरे पर भाजपा से जुड़े होने का आरोप लगाकर ही जीवित रहते हैं। वह सभी बार-बार भाजपा का नाम जपते हैं और एक-दूसरे पर आरोप लगाते हैं। आने वाले दिनों में घाटी में भाजपा और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाना एक सुलझा हुआ मुद्दा है। उन्होंने आगे कहा कि 370 अब कोई मुद्दा ही नहीं है। यह सिर्फ समय की बबार्दी है।

## कुलगाम में पुल निर्माण कार्य अंतिम चरण में, चावलगाम पुल का जल्द होगा उद्घाटित

**जम्मू।** कुलगाम जिले में कई महत्वपूर्ण पुलों का निर्माण अंतिम चरण में पहुंच चुका है जिससे क्षेत्र में संपर्क और परिवहन व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। इन बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्देश्य यातायात की भीड़ को कम करना और लोगों को सुगम परिवहन सुविधा प्रदान करना है। जिला विकास आयुक्त कुलगाम अथर आमिर खान ने बातचीत में पुष्टि की कि चावलगाम पुल का उद्घाटन इसी महीने किया जाएगा। यह पुल जिले में यातायात के निर्बाध प्रवाह और बेहतर संपर्क के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा।

